# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार, 17 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 91 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1988 : पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया-उल-हक और अमेरिका के राजदूत का विमान दुर्घटना में मौत।

1999 : तुर्की में जोरदार भूकंप के कारण कम से कम एक हजार लोगों की मौत।

2002 : रूस ने दलाई लामा को अपने देश में दौरे के लिए वीजा देने से इनकार किया।

2008 : अमेरिका के महान तैराक माइकल फ़ेल्प्स ने तैराकी में आठ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास बनाया।

# झारखंड के महानायक को अंतिम जोहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** झारखंड के जननायक और झारखंड आंदोलन के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन भले इस दुनिया में नहीं रहे, शनिवार को नेमरा में उनके श्राद्धकर्म ने साबित कर दिया कि वे झारखंडियों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। लाखों लोग उनके गांव पहुंचे और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सुबह से ही नेमरा की ओर लोगों का हुजूम उमड़ने लगा था। नेमरा से नावाडीह तक वाहनों की लंबी कतारें लग गयीं। सड़कें जाम हो गयीं तो लोग पैदल ही चल पड़े। पगडंडियों, खेत-खलिहानों और संकीर्ण रास्तों से गुजरते हुए लोगों का सिर्फ एक लक्ष्य था, अपने चहेते नेता शिबू सोरेन को अंतिम प्रणाम करना। इस भीड़ में हर वर्ग के लोग शामिल थे। महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी भावुक थे। हर कोई दिशोम गुरु को अपनी तरह से याद कर रहा था। गांव के कई लोगों ने कहा कि शिबू सोरेन हमारे पिता समान थे। उन्होंने हमारी लड़ाई लड़ी। हमें पहचान दिलायी। वहीं, कुछ भावुक बुजुर्गों ने कहा कि गुरुजी ने हमेशा गरीबों और आदिवासियों की आवाज बुलंद की। उनका जाना झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। गांव के युवा कहते नजर आये कि गुरुजी हमारे लिए हमेशा प्रेरणा रहेंगे। हम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं। अपने परिजनों के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी भीड़ में शामिल होकर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दे रहे थे। नेमरा में दिशोम गुरु को लाखों लोगों ने हाथ जोड़कर, मौन रहकर और अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। श्रद्धांजलि सभा के चारों ओर सिर्फ दिशोम गुरु अमर रहे, शिबू सोरेन अमर रहे के नारे गूंज रहे थे। इन नारों ने वहां के माहौल को, पूरे वातावरण को भावुक कर दिया। दिशोम गुरु की श्रद्धांजलि सभा के दिन नेमरा का दृश्य अद्वितीय था। गली-गली में भीड़ थी। खेत खलिहानों में जनसैलाब था। गांव का हर कोना लोगों से भरा था। पूरे मार्ग पर 'शिबू सोरेन अमर रहे' गूंज रहा था। यह दृश्य इस बात की गवाही दे रहा था कि शिबू सोरेन सिर्फ एक राजनीतिक शख्सियत नहीं, झारखंड की आत्मा थे। लोगों के बीच यह चर्चा भी लगातार होती रही कि गुरुजी का जीवन झारखंड की माटी से गहराई से जुड़ा था। उनका पूरा जीवन संघर्ष और सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने झारखंड की अस्मिता को बचाने के लिए आंदोलन किये और जेल गये। हार नहीं मानी। उनके संघर्षों के कारण ही झारखंड अलग राज्य बना। श्रद्धांजलि सभा में झारखंड समेत कई राज्यों से राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के नेता और बड़ी संख्या में वीआईपी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सबसे बड़ी बात यह थी कि आम लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था, जो बताता है कि दिशोम गुरु केवल एक दल या समुदाय के नेता नहीं थे, पूरे झारखंड के जननायक थे। इस संस्कार भोज में देशभर के कई गणमान्य शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, बिहार से सांसद पप्पू यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी पहुंचे। बाबा रामदेव भी हेलिकॉप्टर से सीधा नेमरा पहुंचे और दिवंगत शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। राज्य सरकार के तमाम मंत्री-विधायक भी मौके पर मौजूद रहें। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी भी नेमरा पहुंचे और गुरुजी को श्रद्धांजलि दी। इधर, लोगों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए गोला चौक से गुरुजी के घर तक करीब 25 किमी सड़क बनाई गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मेरी कई मुलाकातें हुईं। उनकी सहजता, सरलता एवं व्यक्तित्व मुझे प्रभावित करता था। गुरुजी सिर्फ आदिवासी ही नहीं बल्कि अन्य समाज के भी अभिभावक के रूप में जाने जाते थे। मैं अपनी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। 'श्राद्ध' समारोह में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए व्यापक सुरक्षा इंतजाम की गयी थी। एक अधिकारी ने बताया कि नेमरा में एक समर्पित कंट्रोल रूम स्थापित किया गया जो सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात नियमन का प्रबंधन किया। सुरक्षा व्यवस्था में 10 आईपीएस अधिकारी, 60 डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, 65 इंस्पेक्टर और 2,500 से अधिक पुलिस कर्मी शामिल थे। पुलिस, प्रशासनिक कर्मचारी और स्वयंसेवकों की बहु-एजेंसी टीमें 24/7 काम करेंगी ताकि भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित हो। यह व्यवस्था समारोह को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए की गई थी। 'श्राद्ध' समारोह की तैयारियां आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार की गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच अगस्त से नेमरा गांव में डेरा डाले हुए हैं और उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को परिवहन, स्वच्छता, भोजन वितरण, स्वास्थ्य सेवाओं, आवास और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। समारोह में शामिल होने वाले लोगों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए ताकि शिबू सोरेन, जिन्हें प्यार से 'गुरुजी' कहा जाता था, को सम्मानपूर्वक विदाई दी जा सके। आगंतुकों की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर कई व्यवस्थाएं की गई। पार्किंग क्षेत्रों और समारोह स्थल के बीच आवागमन के लिए 300 से अधिक ई-रिक्शा संचालित किए गये। तीन बड़े पार्किंग क्षेत्र विकसित किए गए जिनमें बायो-टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध था। इसके अलावा, विश्राम क्षेत्र और समर्पित पैदल मार्ग बनाए गए हैं ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो। शिबू सोरेन के जीवन और विरासत को याद करने के लिए एक विशेष प्रदर्शनी और स्मृति गैलरी स्थापित की गयी। इस गैलरी में उनकी दुर्लभ तस्वीरें, ऐतिहासिक दस्तावेज और उनके राजनीतिक जीवन के प्रमुख पड़ावों को प्रदर्शित किया गया। विशेष रूप से उनके आदिवासी कल्याण और सार्वजनिक सेवा में योगदान को हाइलाइट किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 'गुरुजी' के संघर्ष, उनके झारखंड आंदोलन में योगदान और राज्य के निर्माण में उनकी भूमिका को जीवंत कर रही थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस समारोह को गरिमामय बनाने के लिए व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे थे। उनकी सक्रियता और समर्पण ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।



शिबू सोरेन की धर्मपत्नी रूपी सोरेन से आशीर्वाद लेते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ढाढस बंधाते रक्षा मंत्री



दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि देने पहुंचे तेलंगना के सीएम रेवंत रेड्डी



पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने भी दी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि।



स्वामी रामदेव ने भी रूपी सोरेन से लिया आशीर्वाद



स्वामी रामदेव का अभिवादन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब






हजारों गाड़ियों के काफिले के बीच गूंजा शिबू दा अमर रहें

## सेप्टिक टैंक की सफाई कर रहे तीन सगे भाइयों समेत चार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में शुक्रवार को सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में तीन सगे भाई हैं। उनकी मौत से घर में मातम पसर गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पलामू रेंज) नौशाद आलम ने बताया कि हादसा नवादा गांव में हुआ है। मृतकों की पहचान अजय चौधरी (50), चंद्रशेखर चौधरी (42) और राजू शेखर चौधरी (55) के रूप में हुई है। यह तीनों सगे भाई थे। इसके अलावा माल्टू राम की भी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि सेप्टिक टैंक में बनी जहरीली गैस के संपर्क में आने से चारों का दम घुट गया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच की जा रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## विकास की अपार संभावनाओं से भरा राज्य है झारखंड : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर भव्य राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। समारोह में झारखंड सशस्त्र पुलिस, सीआरपीएफ, आईआरबी, जिला पुलिस और होमगार्ड के जवानों ने शानदार मार्चपास्ट कर देशभक्ति का संदेश दिया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन आदिवासी समाज के उत्थान को समर्पित रहा। उन्होंने बताया कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और झारखंड विकास की अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। इस अवसर पर उन्होंने नक्सलवाद और अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, किसानों के लिए पीएम किसान और किसान समृद्धि योजना, सिंचाई व मत्स्य उत्पादन, गरीबों के लिए मुफ्त अनाज और पक्का मकान जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। साथ ही शिक्षा और महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने कई पुलिस अधिकारियों और जवानों को वीरता व सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया। इनमें रिसाव कुमार झा, दीपक कुमार पांडेय, अनुराग राज, विजेंद्र कुमार मिश्रा, दिग्विजय सिंह समेत कई अन्य शामिल थे। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड को पूर्ण स्वच्छ राज्य बनाने में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 25 में जमशेदपुर को देश का तीसरा सबसे स्वच्छ शहर घोषित किए जाने को गर्व की बात बताया। पूरा समारोह कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच संपन्न हुआ और बड़ी संख्या में लोग देशभक्ति के माहौल का हिस्सा बने। मोरहाबादी मैदान देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।



# झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन का शुक्रवार देर रात दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। रामदास सोरेन का करीब दो हफ्तों से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां उन्हें 2 अगस्त को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। दरअसल 2 अगस्त को बाथरूम में फिसलकर गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें ब्रेन इंजरी हुई थी। हालत बिगड़े पर उन्हें जमशेदपुर से राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में एयरलिफ्ट किया गया था। अपोलो

### अंतिम जोहार रामदास दा : हेमंत सोरेन

अस्पताल में इलाजरत झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को डॉक्टरों ने कुछ दिन पहले ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने बताया कि, सिर में चोट लगने के बाद से रामदास सोरेन की हालत गंभीर थी और उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया था। रामदास सोरेन कोल्हान क्षेत्र से विधायक थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा - 'ऐसे छोड़ कर नहीं जाना था रामदास दा,



अंतिम जोहार दादा'। इससे पहले महीने की शुरुआत में सीएम के पिता और झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन का भी निधन हुआ था। झामुमो के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षडंगी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि रामदास सोरेन का जाना लाखों चाहने वालों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं, स्कूली शिक्षा व निबंधन विभाग के सहयोगियों और पूरे झामुमो परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपोलो अस्पताल के सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का आभार जताया, जिन्होंने 2 अगस्त से लगातार उनका इलाज करने की पूरी कोशिश की, लेकिन ईश्वर की इच्छा के आगे सब बेबस हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता अर्जुन मुंडा ने भी ट्वीट कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने लिखा- ''झारखंड के शिक्षा मंत्री और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें। इसके साथ ही भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रामदास सोरेन के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि पिछले 12 दिनों में झारखंड ने दो बड़े नेता खो दिए हैं। रामदास सोरेन को झारखंड आंदोलन का एक मजबूत स्तंभ माना जाता था। वे बहुत बड़े नेता थे और कोल्हान क्षेत्र में उनका बड़ा योगदान रहा है। उनके निधन से झारखंड में शोक की लहर है।

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 22 से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र अब 22 अगस्त से 28 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। सात दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी कार्यों पर चर्चा होने की संभावना है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के निधन के बाद मानसून सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। उस समय सरकार अनुपूरक बजट पेश नहीं कर पाई थी। अब इस सत्र में अनुपूरक बजट पेश कर उसे पारित कराने की कोशिश की जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह सत्र सरकार और विपक्ष दोनों के लिए अहम रहेगा। सरकार अनुपूरक बजट और विकास योजनाओं को सदन में रखने की तैयारी कर रही है, वहीं विपक्ष बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, बिजली संकट और किसानों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है। विधानसभा सचिवालय ने सत्र के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा व्यवस्था, कार्यसूची और विधायी कार्यों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उम्मीद है कि यह सत्र झारखंड की राजनीति में कई महत्वपूर्ण फैसलों और तीखी बहसों का साक्षी बनेगा।

CMYK

# नीतीश बोले-5 साल में 1 करोड़ नौकरी-रोजगार देंगे: प्रारंभिक परीक्षा फीस 100 रुपए होगी

## 7 शहरों में मेडिकल कॉलेज, बाहर रहने वालों के लिए बसें चलेंगी

**पटना, एजेंसी।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर सीएम नीतीश कुमार ने आज पटना के गांधी मैदान में तिरंगा फहराया। इससे पहले मुख्यमंत्री परेड का निरीक्षण किया। अपने भाषण में उन्होंने कहा- सरकार अगले 5 साल में 1 करोड़ नौकरी और रोजगार देगी। इसके साथ ही नौकरी के लिए प्रारंभिक परीक्षाओं में शुल्क को 100 रुपए किया जाएगा। मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स को कोई शुल्क नहीं देना होगा।

पहले इस परीक्षा के लिए 700 से 800 रुपए फीस ली जाती थी। मेन्स के लिए अलग से शुल्क लगता था। अब प्रारंभिक परीक्षा के लिए सिर्फ 100 रुपए देने होंगे और मुख्य परीक्षा के लिए कोई फीस नहीं लगेगी। सीएम ने बिहार के 7 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोलने का भी ऐलान किया। उन्होंने ये भी कहा कि दिवाली, छठ, होली पर बिहार के बाहर रहने वाले लोगों के लिए सरकार बसें चलाएगी। ताकि उन्हें त्योहारों पर परेशानी का सामना ना करना पड़े।



### उद्योग लगाने के लिए विशेष मदद देगी सरकार

सीएम ने कहा कि- सरकार नए उद्योग लगाने वालों को प्रोत्साहित करना चाहती है। इसके तहत कारोबारियों को कैपिटल सब्सिडी, बिहार सब्सिडी, जीएसटी के लिए जो प्रोत्साहन मिलते हैं, उन्हें बढ़ाकर 2 गुना कर दिया जाएगा। नए उद्योगों के लिए सरकार जमीन भी उपलब्ध करवाएगी। अगर इन जमीनों पर विवाद होगा तो सरकार इनका निपटारा भी करवाकर देगी।

### सरकार बनते ही कानून व्यवस्था को ठीक किया

नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा, जवानों के बलिदान को नमन करता हूं। सेना का हम अभिनंदन करते हैं। इतिहास इसका गवाह है कि बिहार ने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। राष्ट्र निर्माण में बिहार ने मजबूती दी है। 24 नवंबर 2005 को हमारी सरकार बनी थी। सबसे पहले हमने कानून व्यवस्था को ठीक किया। 2005 में बिहार में पुलिस बल की संख्या 42 हजार 481 थी। अब ये संख्या 1 लाख 10 हजार हो गई है। अब हम इसे 2 लाख 29 हजार करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, पहले बहुत कम स्कूल थे। ठीक से पढ़ाई नहीं होती थी। बड़ी संख्या में नए स्कूल खोले। नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई। साइकिल और पोशाक योजना चलाई गई।

### 5300 बेड का हो गया पीएमसीएच

सीएम नीतीश कुमार ने कहा, अस्पतालों में मुफ्त दवा और इलाज की व्यस्था की गई है। बिहार में 12 मेडिकल कॉलेज हैं। अब पटना मेडिकल कॉलेज में भी काम चल रहा है। पीएमसीएच में कुल 5300 बेड है। आईजीआईएमएस में भी समुचित इलाज की व्यवस्था नहीं थी, जिसको दुरुस्त किया गया है।



## पटना में भाई-बहन की हत्या से हड़कंप; कार में मिले दोनों के शव, ट्यूशन पढ़ने घर से निकले थे

**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना में कार से दो बच्चों के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतकों में एक लड़का और लड़की है। दोनों भाई-बहन बताए जा रहे हैं। घटना पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी की है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे खड़ी एक कार से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कार का दरवाजा खोला, तो अंदर दो मासूम बच्चों के शव पड़े मिले। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि कार कई घंटों से खड़ी थी। इंद्रपुरी के रोड नंबर 12 में रहने वाले भाई बहन 7 साल की लक्ष्मी और 5 साल के दीपक का शव घर के पास ही एक कार से बरामद किया गया है। दोनों आज दोपहर टयूशन पढ़ने गए थे। इसके बाद से उनका कोई अता-पता नहीं चल रहा था। शाम को उनकी बॉडी कर से मिली। एसपी मध्य दीक्षा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यह छानबीन की जा रही है कि उसकी हत्या किसने और कैसे की। पुलिस ने बताया कि दोनों बच्चों के शव कार से बरामद किए गए हैं। फिलहाल हम सभी एंगल से जांच कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में पीएमसीएच के ट्रॉली ठेकेदार की हत्या

**फुलवारीशरीफ, पटना, एजेंसी।** पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र में एक ट्रॉली ठेकेदार की हत्या कर दी गई है। पीएमसीएच अस्पताल में काम करने वाले सन्नी कुमार (35) पर गुरुवार की देर रात चाकू से हमला किया गया। चमडोरिया किला रोड पर घर लौटते समय अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। सन्नी को गंभीर हालत में पटना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही चौक थाना पुलिस और पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम की मदद से जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। मृतक के परिजन से पूछताछ चल रही है। जांच में पुरानी रंजिश का मामला सामने आया है। मृतक के भाई संदीप कुमार का उसी मोहल्ले के मूतना से कई वर्षों से विवाद चल रहा था। पुलिस ने अपराधियों की पहचान कर ली है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि सभी अपराधियों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आपसी प्रतिशोध के कारण सनी कुमार को चाकू गोदकर हत्या की गई है। पुलिस हर मामले को गहराई से जांच कर रही है।

### सिपाही भर्ती पेपर लीक का आरोपी राजकुमार गिरफ्तार; दो साल से फरार था, एक लाख का इनामी

**पटना, एजेंसी।** बिहार सिपाही बहाली पेपर लीक का अभियुक्त और एक लाख का इनामी राजकिशोर को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते दो साल से वो फरार चल रहा था। अरवल के करपी स्थित बख्तारी गांव का निवासी है। ईओयू से मिली जानकारी के मुताबिक उसके पास से मोबाइल और तमाम सरकारी प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे-सीटीईटी, बिजली विभाग के साथ केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2025 के लिखित परीक्षा में शामिल कई परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र और अवैध तरीके से परीक्षा में पास कराने के लिए अभ्यर्थियों के नाम, जिला, रोल नंबर, जन्म तिथि, परीक्षा तिथि, वर्ग, बुकलेट नंबर की सूची जब्त की गई है। राजकिशोर कुमार के बैंक खाते में करीब 1 करोड़ 50 लाख जमा है, जो अभ्यर्थियों से वसूली गई रकम है। बिहार पुलिस में सिपाही बहाली में अवैध तरीके से पास कराने के दौरान राजकिशोर कुमार को वॉकी-टॉकी और ब्लूटूथ के साथ 2023 में अरवल पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## बेली रोड फ्लाईओवर पर हादसा कार-स्कार्पियो में टक्कर

**पटना, एजेंसी।** बेली रोड फ्लाईओवर के ऊपर शुक्रवार की देर रात हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो और स्विफ्ट डिजायर कार के बीच जोरदार टक्कर हुई। इसमें दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। दोनों गाड़ियां अलग अलग लेने में जा रही थीं। इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो ह डिवाइडर फांदकर गमला को तोड़ते हुए अपोजिट लेन में घुस गई।

### लोगों की पहचान नहीं हुई

इसी बीच दूसरी लेन से जा रही स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से टक्करा गई। घटना के बाद मौके पर वहां से गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। जैसे तैसे घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचा गया। फिलहाल दोनों गाड़ियों में सवार लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। दो लोगों को चोट लगी है। जो इलाजरत हैं।

### गाड़ी जब्त की गई

गांधी मैदान ट्रैफिक थानेदार ब्रजेश कुमार चौहान ने बताया कि अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी। घायलों और गाड़ी ऑनर के बारे में पता लगाया जा रहा है। दोनों गाड़ियां जब्त कर ली गई हैं। घटनास्थल से खींचकर ट्रैफिक थाने पर लाया गया है। अभी किसी के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायलों की खोजबीन हो रही है।

## 4 साल के बेटे ने शहीद पिता को दी मुखाग्नि

### भागलपुर में घुटने तक पानी में अंतिम संस्कार; पत्नी ने अफसरों से पूछा- ये कैसे हुआ?



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में घुटने तक पानी में शहीद जवान अंकित यादव (35) का अंतिम संस्कार किया गया है। 4 साल के बेटे ने पिता को मुखाग्नि दी। गांव में घुटने तक पानी भरा है, इसलिए गांव में ही ईंट भट्?ठे के पास शहीद को अंतिम सलामी दी गई। सड़क के किनारे अंतिम संस्कार किया गया। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी शामिल हुए।

इसके पहले जब जवान का पार्थिव शरीर घुटने तक पानी में गांव में लाया गया। पानी ज्यादा होने की वजह से गाड़ी फंस गई। इसके बाद कंधे पर पार्थिव शरीर रखकर घर लाया गया। पैतृक गांव रंगरा प्रखंड के चापर में अंकित यादव का अंतिम संस्कार किया गया। जवान की पत्नी पार्थिव शरीर को देखते ही फूट-फूटकर रो पड़ी। उन्होंने अपना मंगलसूत्र खुद उतारकर पार्थिव शरीर पर रख दिया। सेना के अधिकारियों से पूछा कि हमले के वक्त वहां पूरा बटालियन नहीं था क्या। अफसरों ने कहा- सभी थे। जवान की पत्नी ने पूछा- फिर ये कैसे हो गया। जवान का पार्थिव शरीर फूलों से सजी गाड़ी से गांव तक लाया गया। गाड़ी के साथ लोग हाथों में तिरंगा लिए चलते रहे। भारत माता के नारे लगे। देश भक्ति गीत भी बजते रहे। अंकित सेना में हवलदार के पद पर तैनात थे और बारामुला जिले के उरी सेक्टर में टिका पोस्ट में उनकी पोस्टिंग थी। जम्मू-कश्मीर में 13 अगस्त को आतंकियों की फायरिंग में वे शहीद हुए थे।

**13 अगस्त को शहीद हुए थे अंकित यादव :** 12 अगस्त की रात कश्मीर में अचानक आतंकियों की ओर से फायरिंग होने लगी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की, इस दौरान आतंकियों की गोली अंकित को लग गई, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जख्मी हालत में पहले एआईपी-06 और फिर देवी पोस्ट लाया गया। बटालियन के रेजिमेंटल मेडिकल ऑफिसर ने ढाई घंटे तक उनका इलाज किया। इलाज के दौरान बुधवार सुबह 6:15 बजे दम तोड़ दिया। सेना के अधिकारियों ने उनकी शहादत की सूचना बुधवार सुबह 10 बजे बड़े भाई निरंजन यादव को दी। जवान के घर में बूढ़ी मां सविता देवी और पिता लक्ष्मी यादव हैं।

### एक महीने पहले कश्मीर में हुआ ट्रांसफर

शहीद जवान के बड़े भाई निरंजन यादव ने बताया, अंकित 2009 में सेना में भर्ती हुए थे। बचपन से ही उनका सपना था कि वे सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करें। भाई के शहीद होने पर दुख तो है, लेकिन यह हमारे परिवार और जिले के लिए गर्व की बात है। भाई ने कहा, छोटे भाई की शहादत पर मुझे गर्व है। एक माह पहले अंकित छुट्टी पर घर आए थे और 15 दिन पहले ही ड्यूटी पर लौटे थे। एक महीने पहले मेरठ से ट्रांसफर होकर कश्मीर गए थे।

**2017 में हुई थी शहीद अंकित की शादी :** शहीद अंकित यादव की शादी वर्ष 2017 में कटिहार जिले के काढ़ा गोला की रहने वाली रूबी कुमारी से हुई थी। उनके दो बेटे हैं- उत्कर्ष (4) और उपांश (2)। पत्नी बच्चों के साथ कटिहार में रहती हैं। उनकी शहादत की सूचना मिलने पर दोपहर बाद रूबी के भाई कटिहार से उन्हें अपने घर ले गए हैं।

## 18 हजार करोड़ की लागत से बनेगा पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस हाईवे : सांसद दिनेश चंद्र यादव



**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा के सांसद दिनेश चंद्र यादव ने पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण की जानकारी दी। शुक्रवार को एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 18 हजार करोड़ रुपए हो गई है। पहले यह 12 हजार करोड़ रुपए थी। सांसद ने बताया कि परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य शुरू हो चुका है। जल्द ही निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। हाईवे बनने से सहरसा, पूर्णिया और मधेपुरा जिलों के लोगों को लाभ मिलेगा। सहरसा से पटना का सफर 2 घंटे में और पूर्णिया से पटना का सफर 3 घंटे में पूरा हो सकेगा।

**पूर्णिया से पटना का सफर 3 घंटे में होगा पूरा :** कोसी प्रमंडल में अन्य सड़कों का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। मानसी से हरदी चौघरा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण चल रहा है। मानसी से सिमरी बख्तियारपुर तक की सड़क का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। बरसात के बाद इन परियोजनाओं को पूरा कर लिया जाएगा। नई सड़क बनने के बाद मानसी से सहरसा जिला मुख्यालय तक का सफर एक घंटे में पूरा होगा। सड़क और परिवहन के विकास से कोसी प्रमंडल की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से यह परियोजना जल्द पूरी होगी। इससे कोसी क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## कुछ लोग चाहते कि मैं एनडीए से अलग हो जाऊं: चिराग पासवान

### बोले–गठबंधन में दरार डालने का काम कर रहा विपक्ष

**पटना, एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान गुरुवार की देर रात पटना एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने अपने एनडीए से अलग होने और अकेले चुनाव लड़ने की चर्चाओं का खंडन किया। उन्होंने कहा कि एनडीए से अलग होने की अफवाहें पूरी तरह बेबुनियाद हैं और विपक्ष के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर मेरे बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं, लेकिन तस्वीर अब साफ हो चुकी है।

चिराग ने कहा कि मैंने यह कहा था कि मैं अभी बिहार सरकार का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन मैं उनका समर्थन कर रहा हूं। मैंने तय कर लिया है कर्ा? हम कौन सी सीट पर लड़ेंगे, कितने पर लड़ेंगे। वहीं, चिराग ने खुद को विधायकी लड़ने के सवाल पर कहा, मैं बिहार से चुनाव लड़ना चाहता हूं लेकिन, पार्टी स्तर पर अभी चर्चा चल रही है।



### मेरे होते नहीं होंगे ऐसे हालात

चिराग ने कहा कि मुझे हैरानी होती है कि कितने लोग लगातार उत्साहित रहते हैं कि मैं एनडीए से अलग हो जाऊं। कांग्रेस और राजद चाहती हैं कि 2020 जैसे हालात बन जाएं, लेकिन मेरे रहते ऐसा कभी नहीं होगा। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि एनडीए के भीतर दरार उत्पन्न हो, लेकिन उनकी मंशा कभी सफल नहीं होगी। चिराग ने जब तक मेरे प्रधानमंत्री हैं, तब तक मेरे ज़ेहन में एनडीए से अलग होने का ख्याल भी नहीं आएगा। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे की चर्चा पर चिराग ने कहा कि अभी तक इस विषय पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। ये इतना आसान मामला नहीं है कि कोई भी पार्टी तुरंत तय कर ले। गठबंधन के अंदर बैठकर चर्चा होगी और जब भी कोई निर्णय होगा, इसकी जानकारी सभी को दी जाएगी।

## विशेष आर्थिक पैकेज भी दिया जाएगा, सीएम नीतीश कुमार बोले- बिहार में औद्योगिक माहौल बनाया जाएगा



# उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त जमीन देगी सरकार

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिससे बिहार में औद्योगिक माहौल और अधिक सुदृढ़ एवं आकर्षक बनेगा। उन्होंने बताया कि इस पैकेज के अंतर्गत कैपिटल सब्सिडी, ब्याज अनुदान तथा जीएसटी के रूप में दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा, ताकि उद्यमियों को निवेश के लिए अतिरिक्त सहायता मिल सके।

**भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा:** सरकार ने राज्य के सभी जिलों में उद्योग लगाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा भी की है। इसके साथ ही उन उद्यमियों को मुफ्त में जमीन दी जाएगी, जो अधिक संख्या में रोजगार के अवसर सृजित करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि इस निर्णय से युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे और श्रमिकों के पलायन में भी कमी आएगी। उद्योगों हेतु आवंटित जमीन से जुड़े पुराने विवादों को जल्द समाप्त करने का भी राज्य सरकार ने निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी सुविधाएं अगले छह महीने के अंदर उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना जल्द ही जारी की जाएगी। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है - बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देना, युवाओं को दक्ष बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना और राज्य को आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर करना। सरकार को उम्मीद है कि इन नए प्रयासों से बिहार आर्थिक रूप से मजबूत होगा तथा युवाओं का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बनेगा। वहीं, उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2020 में सात निश्चय-2 के तहत बिहार सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्य - 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने - को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब सरकार ने राज्य के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से अगले पाँच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का संकल्प लिया है। सीएम ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है और इस दिशा में शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## भागलपुर में बाढ़ के पानी में स्वतंत्रता दिवस समारोह:40 डूबे स्कूलों में शिक्षकों-छात्रों ने किया ध्वजारोहण

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर अनूठा नजारा देखने को मिला। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र के करीब 40 विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों ने पानी में खड़े होकर तिरंगा फहराया। नाथनगर, नारायणपुर प्रखंड और दियारा क्षेत्र के कई स्कूलों में दो से तीन फुट तक पानी भरा है। मध्य विद्यालय रसीदपुर, प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर, गोसाईदासपुर, मथुरापुर और शाहजहांपुर के विद्यालयों में शिक्षकों ने बाढ़ के पानी में ध्वजारोहण किया।

**कई जगहों पर नाव का सहारा लिया :** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर स्कूलों के प्रधानाध्यापकों ने झंडारोहण की जिम्मेदारी निभाई। कुछ स्कूलों में शिक्षक और छात्र गर्दन तक पानी में तैरकर पहुंचे। कई जगहों पर नाव का सहारा लिया गया। वर्तमान में दियारा क्षेत्र की दो लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। प्रखंड मुख्यालय से दियारा क्षेत्र तक जाने वाली सभी सड़कें पानी में डूबा हैं, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित है। इस अनूठे ध्वजारोहण का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग देशभक्ति के इस जज्बे की सराहना कर रहे हैं और जय हिंद और भारत माता की जय के नारों के साथ अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।



# 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रमंडलीय आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में 79वें स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त पवन कुमार ने की। आयुक्त ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और देश की आन-बान-शान को नमन किया। कार्यक्रम में शहीद परिवारों, स्वतंत्रता सेनानियों, पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बल, एनसीसी, स्काउट-गाइड, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयुक्त ने समारोह को संबोधित करते हुए वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर निष्ठा और इमानदारी से काम करना ही राष्ट्रधर्म है, जिससे राज्य और देश को विकास के उच्चतम शिखर तक पहुंचाया जा सकता है।







**झारखंड की विकास उपलब्धियां**

अपने अभिभाषण में आयुक्त ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि उमनरेगा के तहत वर्ष 2025-26 में अब तक 28.93 लाख मानव दिवस का सृजन हुआ, जिसमें महिलाओं की भागीदारी 54% रही। कुल 8660 योजनाएं पूर्ण कराई गईं। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 1572 एकड़ भूमि पर 2.68 लाख फलदार वृक्ष लगाए गए। बीर शहीद पोटो हो खेल योजना अंतर्गत 575 खेल मैदान तैयार कराए गए, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना में हजारों आवासों का निर्माण पूर्ण हुआ। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत 2.41 लाख पेंशनधारियों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत 2.68 लाख महिलाओं को जून 2025 तक प्रतिमाह 2500 रुपये का भुगतान किया गया। महिला एवं बाल विकास योजनाओं के अंतर्गत 887 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल स्वरूप दिया गया और शेष पर काम जारी है। शिक्षा क्षेत्र में 4 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध किया गया। जिले के सभी सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और पोशाक उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में टेली-परामर्श से ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। घ्घ्र-ख्झगख्रझग योजना से 3000 से अधिक जनजातीय समुदाय को लाभ पहुंचा है। जल जीवन मिशन के तहत जिले के 2.07 लाख घरों तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुँचाया जा चुका है। पशुधन विकास योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, वहीं डेयरी उत्पादों की उपलब्धता भी बढ़ी है। मुख्य समारोह के बाद आयुक्त और उपायुक्त ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीद परिजनों को सम्मानित किया। आयुक्त ने कहा कि झारखंड की महिलाएं और युवा आज आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं और सरकार की योजनाएं उन्हें नई ऊंचाई पर ले जा रही हैं। आयुक्त ने कहा कि हमारा परम कर्तव्य है कि हम पूरी निष्ठा और लगन से राज्य और देश की चुनौतियों का सामना करें। एकजुट होकर हम झारखंड को समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में आयुक्त ने प्रमंडल कार्यालय और आवासीय परिसर में भी ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

# नहर में डूबने से किशोरी की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के डिहरा लख स्थित नहर में शुक्रवार की शाम डूबने से 13 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। घटना के 14 घंटे बाद दाउदनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित नहर से शनिवार की सुबह शव बरामद किया है। किशोरी की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी सत्येंद्र कुमार की पुत्री सोनाली कुमारी के रूप में की गई है। सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे परिजनों ने बताया कि सोनाली अपनी सहेली के साथ शुक्रवार की शाम 4 बजे घूमने के लिए निकली थी। इसी क्रम में शौच के लिए नहर की तरफ गई और पैर फिसलने के कारण वह नहर में डूब गई। सहेली द्वारा जब शोर किया गया तो आसपास के लोग जूटे और बच्ची को नहर से



निकालने का प्रयास किया गया। लेकिन तब तक वह नहर की तेज धार में बह गई। काफी खोजबीन के बाद उसके शव को शनिवार की सुबह बरामद किया गया। दाउदनगर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। इधर, बच्ची की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा है। ग्रामीणों ने इस मामले में जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजे की मांग की है।

# चौपारण में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस, तिरंगे के सम्मान में एकजुट हुए लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

चौपारण (हजारीबाग) : प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का 79वां वर्षगांठ शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में तिरंगा शान से लहराया गया। प्रखंड कार्यालय प्रांगण में प्रमुख पूर्णिमा देवी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। वहीं, चौपारण थाना परिसर में थाना प्रभारी सरोज कुमार चौधरी, पूर्व विधायक आवास परिसर में पूर्व उपप्रमुख प्रीति गुप्ता और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. फरहाना महफूज ने झंडोतोलन किया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायत सचिवालयों के अलावा प्रखंड के कई जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने भी भाग लिया और तिरंगे को सलामी दी। सभी ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं बलिदानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।







शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देख उपस्थित लोग भावुक हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। विद्यालयों में मिठाई एवं राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किए गए। पूरा चौपारण क्षेत्र देशभक्ति की भावना से सराबोर नजर आया। लोगों ने तिरंगे के सम्मान में एकजुट होकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# पीवीयूएनएल में गर्व के साथ ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातु (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल, पतरातु में गरिमा और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. के. सहगल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम की शुरुआत सीआईएसएफ, एनसीसी और फायर विंग द्वारा आकर्षक परेड मार्च से हुई। ध्वजारोहण के बाद श्री सहगल ने कर्मचारियों एवं आमंत्रित अतिथियों को संबोधित करते हुए पीवीयूएनएल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से 800 मेगावाट पूर्ण भार परीक्षण (फुल लोड ट्रायल) को सुरक्षा मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक पूरा करने की सराहना की। उन्होंने सभी से समाज के उत्थान हेतु कार्य



करने और सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। अध्यक्षा स्वर्णरेखा महिला समिति रेनु सहगल ने कस्तूरबा स्कूल की स्टूडेंट्स को स्पेक्स डिस्ट्रीब्यूट किया। इसके बाद बाल भवन और सृजन के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बैगपाइपर बैंड की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया और सीआईएसएफ जवानों ने इजराइली मार्शल आर्ट क्राव मागा थीम पर शानदार कॉम्बैट प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। अंत में उत्कर्ष छात्रवृत्ति, सीईओ मेधावी सम्मान और अन्य उपलब्धियों के पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही, मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा 11 मोटर चालित साइकिलें दिव्यांगजनों को प्रदान की गईं। इस अवसर पर पीवीयूएनएल परिवार, स्थानीय गणमान्य नागरिक और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, पंचायत भवनों और राजनीतिक दलों के कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुबह 8:30 बजे से झंडोत्तोलन का कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख स्नेहा सिंह, बीस सूत्री कार्यालय में अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष मिरिख दरखशा, थाना परिसर में थानाध्यक्ष शंभू कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, व्यापार मंडल में अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह सहित विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण किया।





ग्राम पंचायतों और पैक्स कार्यालयों में भी मुखिया व अध्यक्षों ने ध्वज फहराया। इस दौरान विद्यालयों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता और संवाद गोष्ठियां आयोजित की गईं। छात्रों ने राष्ट्रभक्ति गीतों और प्रस्तुतियों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम में बीडीओ उपेंद्र दास, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी साहब याहया, प्रशिक्षु बीडीओ ब्रजेश कुमार, उपप्रमुख रजंति देवी, कांग्रेस, राजद, जदयू, भाजपा एवं अन्य दलों के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उन वीर शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। साथ ही यह भी संकल्प लिया गया कि स्वतंत्रता की इस विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाएगा।

# कियान इंटरनेशनल स्कूल में फहराया गया तिरंगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के अवधपुरम पतेया स्थित कियान इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक आलोक कुमार सिंह ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दिया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति दिया। वहीं छोटे बच्चों ने भी आकर्षक प्रस्तुति दिया जिसे देख सभी ने काफी सराहना किया। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। निदेशक ने कहा कि आज हम सभी 79 स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। बताया कि देश की रक्षा में हमारे कई वीर जवानों ने अपना बलिदान दे दिया है। उनकी बलिदान को देश कभी भी भूल नहीं सकता है। विद्यालय के एडमिन पंकज कुमार सिंह, प्राचार्य गौतम कुमार, शिक्षक प्रेमलता सिंह, सुदामा पाल सहित मौजूद रहे।

# हर युवा को रोजगार देने के लिए दृढ़ संकल्पित है नीतीश सरकार : वीरेन्द्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राज्य की नीतीश सरकार हर युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रशिक्षण हेतु 149 आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस स्थापित की है। राज्य अभियंत्रण महाविद्यालय, स्वास्थ्य विज्ञान महाविद्यालय एवं खेल विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। वहीं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, अतिपिछड़ा, सभी वर्ग की महिलाओं, सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं तथा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को लाभ दिया जा रहा है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शनिवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेलाई पंचायत में जन संपर्क अभियान के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार में महिलाओं के उच्च शिक्षा के लिए इंटर पास करने पर 25 हजार तथा स्नातक उत्तीर्ण होने पर 50 हजार की राशि दी जा रही है। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुँचाने के लिए नहरों का विस्तारीकरण, निजी नलकूप को बढ़ावा, आहर-पईन एवं चेकडैम का निर्माण आदि काम तेजी से कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाई जा रही है। अब तक 39, 927 वार्डों में कार्य पूर्ण हो गया है जिससे शहरों की तरह गांवों में भी रात को रोशनी मिल रही है। प्रखंड अध्यक्ष नबीनगर कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद ने खिरी दयाल, भटवा भागली, बसडीहा बीघा, बसडीहा, दानी बीघा, कुसा, पांडे बीघा, इटवा, दुखन बीघा एवं नोनिया बीघा गांव में भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का स्वागत भी किया। यात्रा में जनता दल यूनाइटेड के जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, नगर अध्यक्ष जदयू प्रदीप कुमार सिंह, वरीय नेता शिवपूजन सिंह, सुजीत कुमार सिंह, किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, बेलाई पंचायत के अध्यक्ष दूधनाथ सिंह आदि उपस्थित थे। पूर्व सांसद की जन संपर्क अभियान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# जहानाबाद की यूनिक शोतो कान कराटे की टीम रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। यूनिक शोतो कान कराटे इंडिया की टीम जहानाबाद अम्मा क्लब से को पटना के लिए रवाना हुई। टीम पटना के नासरीगंज, दीघा इलाके में आयोजित राज्यस्तरीय कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। टीम का मैच रविवार को सुबह में आयोजित किया जाएगा सइस दौरान टीम के मुख्य कोच अन्नू शक्ति सिंह ने कहा कि हमारी टीम के सभी खिलाड़ी राज्यस्तरीय इस टूर्नामेंट में पूरी तैयारी के साथ हिस्सा ले रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारे सभी खिलाड़ी पदक प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि ऑफिशियल के रूप में राजेश दास कार्य करेंगे। खिलाड़ी के रूप में अर्पना कुमारी (केंद्रीय विद्यालय),आस्था कुमारी कश्यप,माही कुमारी,गौरव कुमार वर्मा



और विश्व संस्कार ज्योति, कुणाल सिंह आर्य( डीएवी स्कूल जहानाबाद) ये सभी कराटे खिलाड़ी अपना जलवा चैंपियनशिप में बिखेरेंगे। जिले वासियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कहा है। जैसा कि ज्ञात हो जिले से विभिन्न आयु वर्ग में खिलाड़ी कराटे और तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर चुके हैं।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय से लेकर पंचायतों तक सरकारी एवं निजी संस्थानों, विद्यालयों और राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख किराणति देवी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जबकि मखदुमपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने ध्वजारोहण किया। बीआरसी भवन पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार, नगर पंचायत में पार्षद मीना देवी, टेहटा थाना में थानाध्यक्ष आलोक कुमार, राजद कार्यालय एवं अंबेडकर पुस्तकालय में स्थानीय विधायक सतीश कुमार, उमता धरनई थाना में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह और विसुनगंज थाना में थानाध्यक्ष फूलचंद यादव ने झंडोत्तोलन किया। इस मौके पर जगह-जगह लोगों ने राष्ट्रभक्ति गीतों पर झूमकर आज़ादी का जश्न मनाया और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बच्चों और युवाओं में देशभक्ति का उत्साह देखते ही बन रहा था। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आज़ादी का यह पर्व हमें एकजुट होकर देश की प्रगति और विकास के लिए काम करने की प्रेरणा देता है।

# युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के ओकरी थाना क्षेत्र के प्रीतम बिगहा गांव में गुरुवार देर रात रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में 21 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव फैल गया है।जानकारी के अनुसार, गांव की गली में बिजली का पोल गाड़ने को लेकर पिछले कई महीनों से दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। गुरुवार रात यह विवाद अचानक हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के युवक पर निशाना साधते हुए गोली चला दी, जिससे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान



फिलहाल सार्वजनिक नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही ओकरी थाना की पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और हालात को काबू में किया। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल भेजा गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि हत्या में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं गांव में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रशासन दोनों पक्षों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषियों को कड़ी सजा देने और विवाद का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

# अटल बिहारी वाजपेयी की 7वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी एवं उत्तरी मंडल की ओर से शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 7वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम बनकट कैथी गांव में मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में गोह मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, उपहारा मंडल अध्यक्ष राजू विद्यार्थी, पोथु मंडल अध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी, हसपुरा उत्तरी मंडल इकाई से अनिल आर्य, सुरेश आर्य, चितरंजन कुमार, बीरेंद्र कुमार, नंदन यादव, गया लाल पंडित, वार्ड सदस्य उदय शर्मा सहित कई बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सात्विक वनस्थली स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर के बाबूगंज टीचर कॉलोनी स्थित सात्विक वनस्थली स्कूल में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में सजे और आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माखन चोरी और मटका फोड़ प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने कृष्ण-लीला का जीवंत प्रदर्शन किया। मंच पर राधा-कृष्ण का वेश



धरे बच्चों की मनमोहक झांकियां और प्रस्तुतियां उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों को भावविभोर कर गईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा भारद्वाज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त कर धर्म की स्थापना की। उन्होंने बच्चों को श्रीकृष्ण के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रीकृष्ण की आरती की गई और माखन-मिश्री का भोग अर्पित कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक मनोज कुमार, एडमिन ऋतुरंजन भारद्वाज, कार्यालय प्रमुख उपेंद्र सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं श्याम नंदन पांडेय, अंजली कुमारी, रिया सिंह, विष्णकांत मिश्रा और रूबी कुमारी मौजूद रहे।

# पामरगंज सहयोग विकास केंद्र जम्होर में फहराया झंडा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पामरगंज सहयोग विकास एवं ईख-क्रय विक्रय संघ समिति लिमिटेड जम्होर में शुक्रवार को 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर आन-बान-शान के साथ झंडोत्तोलन किया गया। अध्यक्ष तेजेंद्र कुमार सिह ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दिया। अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए देश की एकता, राष्ट्र की संस्कृति एवं संविधान के प्रति यह उत्तरदायित्व बन जाता है कि हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों सही रूप से सजग होकर पालन करे।

# अलग-अलग घटनाओं में कई लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को हुई अलग-अलग घटनाओं में कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज फिलहाल रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में चल रहा है। पहली घटना प्रखंड के कलानौर गांव की है, जहां आपसी विवाद में हुई मारपीट में महेंद्र राम, अजीत कुमार और रिचा कुमारी घायल हो गए। तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, भानोविगहा गांव में सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में हिमांशु कुमार, पंकज कुमार, ऋषि मुकेश और आशीष रंजन शामिल हैं। घटना के बाद उन्हें भी तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इसके अलावा डकरा गांव में सांप काटने की घटना हुई, जिसमें दाहू यादव गंभीर रूप से प्रभावित हो गए। चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। रेफरल अस्पताल मखदुमपुर के चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

44_page 12 29.05.2025.qxd 16-08-2025 22:08 Page 1



# नई बाइक पर रील बना रहे युवकों को बस ने रौंदा

## दो की मौत एक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनरुआ।** रील बनाने का शौक बाइक सवार तीन युवकों को महंगा पड़ गया। इसमें से दो युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि एक युवक पीएमसीएच में गम्भीर स्थिति में भर्ती है। घटना पटना गया डोभी फोर लेन पर नदवां गांव के पास उस वक्क्त घटी, जब नदवां के पास स्थिति एक निजी विघालय की बस जेब्रा क्रोसिंग के पास से सड़क के दूसरे लेन में जाने के लिए मुड़ रही थी। इसी बीच तेज रफ्तार में पटना की ओर से रही बाइक ने बस में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर होते ही बाइक सवार दो युवक बस के अंदर चले गए, जबकि एक सड़क पर गिर गए।

मृत दो युवक की पहचान भगवांगज थाना के बलिहारी गांव के रजनीश कुमार 18 वर्ष व जहानाबाद घोषी थाना के अरहित दौलतपुर गांव के जीतू कुमार 17 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है, जबकि घायल युवक धनरुआ कादिरगंज थाना के बारी बिगहा का है। जानकारी के मुताबिक 15 अगस्त शुक्रवार के दोपहर डेढ़ बजे निजी पब्लिक स्कूल का बस एक लेन से दूसरे लेन की तरफ धीरे धीरे मुड़ रही थी। इसी बीच तेज बाइक सवार अचानक बस में ठोक दी।

टक्कर होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि तीसरा गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि केटीएम बाइक से तीनों युवक तेज रफ्तार में मोबाइल से रील बनाते आ रहे थे। मृत युवक रजनीश अकेले पुत्र था। घटना के बाद घटना स्थल पर स्वजन के पहुंचने पर चीख पुकार शुरू हो गई। बताया जाता है कि बाइक रजनीश ने नई ली थी। बाइक का पूजा करते रजनीश की मां का वीडियो वायरल हो रहा है। तीनो युवक मसौढ़ी में रहते थे और दोस्ती हो गई। 15 अगस्त को तीनो युवक घूमने निकले थे।

धनरुआ थाना परिसर में जब एक साथ दो युवक का शव आया तो परिसर में चीख पुकार मच गई। दोनो के स्वजन का रो-रो कर बुरा हाल था। रजनीश की मां रो-रो कर रही थी कि काश बाइक नहीं दिलाते तो ऐसी घटना नहीं घटती।

## हथियार के साथ महिला गिरफ्तार

**बक्सर।** सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ तस्वीरें प्रसारित करने वाली महिला को नगर पुलिस ने हथियार और कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को यह सफलता नगर थाना क्षेत्र के सोहनीपट्टी से मिली है। मामले में उसके एक अन्य साथी की तलाश में पुलिस छापेमारी में जुटी है।

जानकारी देते थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले इंटरनेट मीडिया पर हाथ में पिस्टल लिए एक महिला की तस्वीर प्रसारित हुई थी। मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस तस्वीर वाली महिला की तलाश में लगी थी।इसी क्रम में शनिवार की शाम उसे थाना क्षेत्र के सोहनीपट्टी स्थित एक किराए के मकान से गिरफ्तार कर लिया। उसके कमरे की तलाशी लेने पर बिस्तर के नीचे दबाकर रखे देसी पिस्टल के साथ ही आठ कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में 25 वर्षीय महिला की पहचान पटना निवासी नेहा कुमारी के रूप में की गई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह शादीशुदा है और अपने पति से अलग बक्सर के सोहनीपट्टी में किराए के मकान में रहकर शहर के छूमंतर गली में भोजन बनाने का काम करती है।

# बदमाशों को पकड़ने गयी पुलिस पर फायरिंग

- बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी
- मौके से हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पातेपुर।** पातेपुर थाना के सामने फैले विशाल रामबाग बगीचे में शनिवार बदमाशों को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। बदमाश फायरिंग करते हुए वहां से भाग निकले।

पुलिस ने कुछ दूर तक उनका पीछा भी किया, लेकिन बदमाश मौके से भाग निकलने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से एक लोडेड पिस्टल, एक खोखा और एक बाइक बरामद की है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब चार बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना से करीब डेढ़ से दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित विशाल रामबाग आम के बगीचे के पूर्वी एवं दक्षिणी छोड़ पर कुछ बदमाश किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए।

इससे पहले कि पुलिस मोर्चा संभालती, बदमाश फायरिंग करते हुए भाग निकले। पुलिस ने काफी दूर तक उनका पीछा भी किया, लेकिन वे भाग निकलने में सफल रहे। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा, एक पिस्टल तथा पिस्टल अनलोड करने पर उसमें से चार कारतूस और एक बाइक भी बरामद की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बगीचे में तीन-चार बदमाश अपराध की योजना बना रहे थे। पुलिस के पहुंचते ही बदमाश फायरिंग करते हुए भाग निकले। एक बदमाश की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मालूम हो कि बीते गुरुवार को वैशाली के चिंतामणिपुर में बदमाशों को गिरफ्तार करने पर पहुंची वैशाली और बेलसर थाना की पुलिस के साथ मुजफ्फरपुर एसटीएफ की टीम पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक कुख्यात मारा गया था। वहीं इस घटना के दूसरे दिन पातेपुर थाना की पुलिस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले कि पुलिस मोर्चा संभालती बदमाश वहां से भाग निकले।

## तालाब से दो मासूमों के शव बरामद

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। कुमारखंड थाना क्षेत्र के रौता गांव में शनिवार को तालाब से दो मासूम बच्चों के शव बरामद किए गए। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार बच्चों की मां ने पति से फोन पर झगड़े के बाद दोनों को तालाब में फेंक दिया और खुद लापता हो गई।मृत बच्चों की पहचान राकेश कुमार यादव की 2 वर्षीय पुत्री कृति कुमारी और 1 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राकेश मजदूरी करने के लिए दो माह पहले पंजाब गए थे और घर पर उनकी पत्नी आशा देवी बच्चों के साथ रह रही थी। परिजनों ने बताया कि सुबह आशा देवी बच्चों को लेकर घर से निकली थी। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने मुखिया के पोखर में दोनों बच्चों के शव देखे और शोर मचाया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला।

# नाबालिग बच्चियों की तस्करी का भंडाफोड़

## दो ठिकानों से 5-5 बच्चियां करायी गयी मुक्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** पुलिस ने गुरुवार की शाम बखरी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज कार्रवाई कि है। जहां विभिन्न चकलाघरों से नाबालिग बच्चियों की तस्करी और शोषण में लिप्त बड़े रैकेट का पदार्फाश किया। पुलिस ने छापेमारी कर 10 नाबालिग युवतियों को मुक्त कराया और गिरोह के सरगना को मौके से दबोच लिया। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के विशेष निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन नया सवेरा के तहत हुई, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया।

लगातार मिल रही गुप्त सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में बखरी थाना की टीम, परिहारा थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार, सशस्त्र बल और महिला पुलिस ने सलौना स्थित नदैल घाट से सिम्मी खातून और रूबी देवी के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दोनों ठिकानों से 5-5 नाबालिग बच्चियों को बरामद किया गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान पटना जिले के मौड़ी गांव निवासी राजेंद्र सिंह के पुत्र कमल चौधरी उर्फ अमय सिंह के रूप में हुई। तलाशी में उस के पास एक मोबाइल फोन और अलग-अलग पते पर बनाए गए 2 आधार कार्ड बरामद हुए।

वह बिहार के विभिन्न जिलों से नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर लाता और फिर उन्हें ऑर्केस्ट्रा व अश्लील नाच-गान कार्यक्रमों में जबरन उतारता था।

एसडीपीओ कुंदन कुमार ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और कई जिलों में बच्चियों को बेचने व शोषण करने में शामिल था। जहां गुरुवार कि देर संध्या नदैल घाट, आशा पोखर तथा पेट्रोल पंप के पिछे चल रहा है। चकलाघरों से छापेमारी कर 10 नाबालिगों की सफलतापूर्वक बरामदगी और मुख्य आरोपित गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। फिलहाल अन्य आरोपियों की पहचान कर छापेमारी कि जा रही है। इस कार्रवाई ने साफ कर दिया कि नाबालिग बच्चियों की तस्करी और शोषण में लिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से इलाके में दहशत है और समाज में राहत की भावना व्याप्त है।

# आवास भत्ता मामले में परत दर परत खुल रहीं करतूतें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** खाकी महकमे में आवास भत्ता घोटाले की फाइल दबाने की साजिश रचने वालों के चेहरे जल्द ही बेनकाब होंगे। नवगछिया पुलिस केंद्र के सब-इंचार्ज सार्जेंट हरिओम कुमार और कांस्टेबल शशि शर्मा ने आवास भत्ता सूची से नाम हटवाकर और उसका ऑडिट कराकर तीन साल का भत्ता गबन कर लिया है।

मामला संज्ञान में आने के बाद रेंज आईजी विवेक कुमार ने नवगछिया एसपी को मामले की जांच कर कार्रवाई से अवगत कराने को कहा है। इस संबंध में रेंज आईजी ने नवगछिया एसपी को यह भी निर्देश दिया है कि अगर आवास भत्ता में इस तरह की गड़बड़ी करने वाले अन्य पुलिसकर्मी और अधिकारी हैं तो उनकी भी जांच कर कार्रवाई करें। मालूम हो कि नवगछिया पुलिस केंद्र में अजीबोगरीब खेल खेलने वालों ने निजी लाभ के लिए एसपी को भी बदनाम किया है। पुलिस केंद्र में बने सरकारी 8 एलएच आवास में 37 महीने से रह रहे सब-इंचार्ज सार्जेंट हरिओम कुमार और लेखा शाखा में तैनात कांस्टेबल शशि शर्मा ने किराए में ही फजीर्वाड़ा कर लिया है।

आठ लोगों को आवंटित 8 एलएच आवासों की ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार ने 31 जुलाई 2025 को आवंटित आवासों में रहने वाले पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों को उनके वेतन से किराया लेने को कहा था। जून 2022 से अप्रैल 2025 तक की अवधि में आवंटित छह आवासों में रहने वालों से निर्धारित मानक किराया वसूलने का आदेश दिया गया था।उक्त आदेश के बाद छह पुलिसकर्मी सहायक अवर निरीक्षक योगेश कुमार साह, परिचारी सोमजीत कुमार, हवलदार राकेश कुमार, चालक सिपाही दीपक कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक लाइन बाबू कामेंद्र प्रताप सिंह और चालक हवलदार मिथलेश बैठा के वेतन से निर्धारित मानक किराया लिया गया।

आवंटित छह आवासों से किराया वसूली के दौरान खेल किया गया। दरअसल, पुलिस केंद्र और पुलिस कार्यालय नवगछिया का 16 मई 2025 से 27 मई 2025 तक ऑडिट किया गया था। ऑडिट के दौरान पुलिस केंद्र में 8 एलएच आवास के फ्लैट नंबर एक में रहने वाले लेखा शाखा के हवलदार शशि शर्मा और जीपी प्रभारी यानी उपकरण शाखा के प्रभारी सार्जेंट हरिओम कुमार ने 8 एलएच आवास में क्रमशः मकान नंबर एक और चार में रहने की बात छिपाते हुए छह आवासों की सूची ऑडिटिंग टीम के समक्ष पेश की थी। जिसके आधार पर ऑडिट टीम ने रिपोर्ट में उन छह आवासों का किराया बताया था। ऑडिटिंग टीम को धोखा देने के बाद इन दोनों आवासों को छिपाने का मामला नवगछिया एसपी के संज्ञान में भी नहीं आ सका। पुलिस केंद्र में आवंटित आवासों में ऐसा खेल खेलने वाले और भी कई पुलिसकर्मी और पुलिस पदाधिकारी हैं, जिन्होंने विभाग को धोखा दिया है और मकान किराए में हेराफेरी की है। ऐसा खेल खेलने वालों के चेहरे जांच की आंच में उजागर होंगे।

पुलिस कार्यालय में तैनात लेखाकार अनिल कुमार ने भी ऐसी अनियमितताओं पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि ऑडिट के अनुसार तैयार की गई सूची के आधार पर ही आवास भत्ता काटा गया है। उन्होंने कहा कि ऑडिट के समय टीम के सामने ऐसे नाम सूची में शामिल नहीं किए गए होंगे, तभी ऐसी गलती हुई होगी। आरोपी बनाए गए ग्राम पंचायत प्रभारी सार्जेंट हरिओम और लेखा कांस्टेबल शशि शर्मा ने स्वीकार किया कि वे अभी भी आवंटित आवास संख्या चार और एक में रह रहे हैं।

# भाई को बचाने कूदा तालाब में दोनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। नहर में डूबते छोटे भाई को बचाने के लिए बड़े और मंझले भाई ने छलांग लगाई। दोनों ने मिलकर छोटे भाई को तो बचा लिया, लेकिन इस दौरान दोनों की ही डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, तीनों भाई अपनी फुआ के घर राजपुर गांव आए थे। शनिवार सुबह शौच के लिए नहर की ओर गए थे। पैर धोते समय सबसे छोटे जुड़वां भाई पीयूष (16) का पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गया। उसे डूबता देख उसका जुड़वां भाई रिंशु (16) नहर में कूद पड़ा और उसे किनारे तक पहुंचा दिया, लेकिन खुद डूबने लगा। यह देख सबसे बड़ा भाई प्रिंस (18) भी नहर में कूद गया। छोटे भाई को तो बचा लिया गया, लेकिन प्रिंस और रिंशु दोनों नहर की तेज धार में बह गए और उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने ट्यूब के सहारे शवों की खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन 7-8 घंटे बीतने के बाद भी एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे नाराज ग्रामीणों ने सुही मोड़ के पास अंबा-नबीनगर मुख्य सड़क को जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन किया।

मृतकों की पहचान औरंगाबाद के माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी निवासी प्रिंस विश्वकर्मा और रिंशु विश्वकर्मा के रूप में हुई है। वहीं छोटे भाई पीयूष को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाल लिया। परिजनों के मुताबिक, प्रिंस का राजपुर हाई स्कूल में 11वीं कक्षा में दाखिला कराने के लिए तीनों भाई शुक्रवार को अपनी फुआ के घर आए थे, तभी यह हादसा हुआ।मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश में जुटे हैं।

## विवाद में गोली मारकर हत्या

**जहानाबाद।** ओकरी थाना क्षेत्र के प्रीतम बिगहा गांव में गुरुवार की रात्रि एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी पहचान 20 वर्षीय ट्विंकल कुमार के रूप में की गई। एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि बिजली का पोल गाड़ने को लेकर रक्षाबंधन के दिन दोनों गोतिया में विवाद हुआ था। दोनों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी थी। इसी तनातनी में गुरुवार की रात्रि भूषण कुमार ने ट्विंकल कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी। मामले में 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

## नाले के चैम्बर में गिरने से मासूम की मौत

**पटना।** बुद्धा कॉलनी थाना क्षेत्र के मंदिरी इलाके में लापरवाही के कारण शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। खुले नाले के चैम्बर में गिरने से 5 साल के मासूम साहिल की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया है और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शुक्रवार शाम से ही बच्चा लापता था। परिजनों ने पूरी रात तलाश की, सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने इलाके के एक खुले चैम्बर में झांककर देखा तो अंदर मासूम का शव पड़ा मिला। बच्चे की पहचान साहिल, पिता स्व. संजय ढागर के रूप में हुई, जो परिवार का इकलौता बेटा था।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाला निर्माण कार्य के दौरान कई मैनहोल और चैम्बर बिना ढक्कन के ही खुले छोड़ दिए गए हैं, जिससे यह हादसा हुआ। सूचना पर बुद्धा कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पति को नहीं मिला निमंत्रण तो मुखिया नहीं गयी दिल्ली

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में होना था शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नालंदा जिले के परवलपुर प्रखंड अंतर्गत मई पंचायत की मुखिया नूतन कुमारी को इस वर्ष 15 अगस्त को नई दिल्ली में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, लेकिन कार्यक्रम में शामिल होने से ठीक पहले उन्होंने दिल्ली न जाने का निर्णय ले लिया। जानकारी के मुताबिक, उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर ने औपचारिक पत्र जारी कर मुखिया नूतन कुमारी को इस सम्मान के लिए नामांकित किया था। मई पंचायत में स्वच्छता अभियान, शौचालय निर्माण, कचरा प्रबंधन और जन-जागरूकता में उनके नेतृत्व को देखते हुए उन्हें यह राष्ट्रीय स्तर का आमंत्रण मिला था। हालांकि, मुखिया के पति सोनू कुमार उर्फ.रवि रोशन कुमार ने बताया कि शुरूआत में प्रशासन की ओर से उनका और उनकी पत्नी दोनों का विवरण (डिटेल) लिया गया था, जिससे उन्हें लगा कि दोनों को कार्यक्रम में प्रवेश मिलेगा, लेकिन बाद में यह स्पष्ट हुआ कि केवल नूतन कुमारी को ही दिल्ली में 15 अगस्त के कार्यक्रम में प्रवेश की अनुमति होगी। सोनू कुमार ने कहा, ₹जब यह पता चला कि कार्यक्रम में सिर्फ मेरी पत्नी को ही प्रवेश मिलेगा, तो मैंने निर्णय लिया कि मेरी पत्नी भी वहां नहीं जाएगी। अकेले महिला को दिल्ली भेजना मुझे उचित नहीं लगा, इसलिए यह फैसला लिया गया है। इसके बाद पंचायत के कई लोगों में निराशा है, क्योंकि उनका मानना है कि यह अवसर न केवल मई पंचायत बल्कि पूरे नालंदा जिले की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला था। वहीं, इस विषय को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है।

# हथियार और बाइक के साथ तीन को पुलिस ने दबोचा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** रामगढ़ चौक थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को हथियार और बाइक समेत गिरफ्तार किया है। यह छापेमारी बिहरौरा गांव में की गई, जहां अपराधी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। एसपी अजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद एसडीओपी शिवम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। मौके से तीन अपराधी पकड़े गए, जबकि कुछ अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बिहरौरा निवासी चंदन कुमार, कृष्ण मोहन कुमार और पचेना गांव निवासी विनय यादव के रूप में हुई है।

पुलिस ने इनके पास से चार बाइक, एक देशी कट्टा, 14 जिंदा कारतूस, दो खोखा, पांच मोबाइल और एक चिलम बरामद किया है। एसपी ने बताया कि फरार अपराधियों की भी पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

इस कार्रवाई को पुलिस ने बड़ी सफलता बताया है, क्योंकि अपराधियों की योजना किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की थी। गांव और आसपास के इलाकों में पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर पुलिस की दबिश नहीं होती तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत थाने को दें ताकि अपराध पर कड़ी रोक लगाई जा सके। इस छापेमारी ने एक बार फिर रामगढ़ चौक थाना पुलिस की सक्रियता को साबित किया है।

# फायरिंग कर भाग रहे बदमाश को पुलिस ने मारी गोली

## पिस्टल सहित जिंदा कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत रानीतालाब थाना क्षेत्र के निसरपुरा लख के पास अपराधी दिव्यांशु उर्फ अंशु और पटना पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में अपराधी के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे इलाज के लिए पटना एम्स में भर्ती कराया गया है।

आरोप है कि वह रामाकांत यादव हत्याकांड में फरार चल रहा था। पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और एक डोंगल बरामद किया है।

मामले की जानकारी देते हुए पटना एसएसपी कार्तिकेय कुमार शर्मा ने बताया कि 10 जुलाई की शाम रानीतालाब थाना क्षेत्र के धाना गांव निवासी बालू कारोबारी रामाकांत यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज



कर एक विशेष जांच टीम (रक्ळ) का गठन किया गया था। पुलिस ने पहले ही इस मामले में दो अभियुक्त मंटू कुमार और बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया था, जबकि एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई कि इस हत्याकांड में काब गांव निवासी दिव्यांशु उर्फ अंशु भी शामिल था। इसके बाद 15 अगस्त को पटना एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दिव्यांशु को लखनऊ से गिरफ्तार कर पटना लाया गया।

पूछताछ के दौरान उसने हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी को लेकर पुलिस को जानकारी दी, जिसके आधार पर पुलिस उसे रानीतालाब थाना क्षेत्र के निसरपुरा नहर के पास ले गई।

इसी दौरान वह पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश करने लगा। उसे रोकने पर भी नहीं रुका, जिसके बाद पुलिस ने उसके बाएं पैर में गोली मारी, जिससे वह घायल हो गया। घायल होने पर पहले उसे विक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए पटना एम्स रेफर किया गया। वर्तमान में उसका इलाज एम्स में चल रहा है।

## जमीन मालिकों को मिलेगी राहत

**नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में गुरुवार को राजस्व महाअभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव शामिल हुए। सीओ रईस आलम ने भूमि सर्वेक्षण से सम्बंधित राजस्व महाअभियान के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस बैठक में कहा गया कि आगामी 16 अगस्त से राजस्व महाअभियान कार्यक्रम शुरू होगा, जो 20 सितंबर 2025 तक चलेगा। इस बैठक में जमाबंदी, सुधार, बंटवारे, दाखिल खारिज समेत अन्य बिंदुओं पर बारीकी से समझाया गया। सीओ ने कहा भूमि बंटवारे आपसी सहमति से होगा, आपसी सहमति के साथ हस्ताक्षर भी आवश्यक है। प्रत्येक पंचायत में दो बार शिविर आयोजित की जाएगी। रैयतों के घर घर जाकर प्रपत्र का वितरण किया जायेगा। सादे कागज पर मृत्यु प्रमाण पत्र बनेंगे। मुखिया या सरपंच के हस्ताक्षर से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर आप भूमि सर्वेक्षण में दस्तावेज के साथ जमा कर सकते हैं। वह मान्य होगा।

# प्रदर्शनकारियों ने घंटों रोकी ट्रेन, यात्रियों की हुई फजीहत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बेना थाना क्षेत्र अंतर्गत इमली बीघा हाल्ट के पास शुक्रवार यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन ग्रामीणों ने राजगीर-उधमपुर स्पेशल ट्रेन को एक घंटा तक रोककर विरोध जताया। मौके पर आसपास के एक दर्जन गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। उनका आरोप था कि रेल विभाग द्वारा पुराने मुख्य रास्ते को बंद कर एक नया अंडरपास बनाया गया है, जो बरसात के दिनों में पूरी तरह से जलमग्न हो जाता है।

ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले के रास्ते से दर्जनों गांवों के हजारों लोग आसानी से आवागमन करते थे। लेकिन पुराने रास्ते को बंद कर दिया गया और उसकी जगह जो नया अंडरपास बनाया गया, वह तकनीकी खामियों के कारण बरसात में फिसड्डी साबित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष मानसून के दौरान इस अंडरपास में 10 से 15 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे लोगों का आना-जाना पूरी तरह से ठप हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बीमारों को अस्पताल ले जाने वाले परिजन और किसान सभी इस समस्या से परेशान रहते हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस गंभीर समस्या की जानकारी पहले भी रेल विभाग को दी गई थी, लेकिन अधिकारियों ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों का आरोप है कि विभाग ने केवल कागजों में कार्रवाई दिखाई, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी रही। विभाग की इसी लापरवाही से क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने स्वतंत्रता दिवस के दिन विरोध प्रदर्शन का रास्ता चुना और रेलवे ट्रैक जाम कर दिया।

गांवों से जुटे प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन के सामने घंटों नारेबाजी की उनका कहना था कि जब तक अंडरपास की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के कारण राजगीर - बख्तियारपुर रेलखंड पर आवागमन बाधित हो गया और आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। इससे यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई यात्री घंटों तक गाड़ियों में ही फंसे रहे।

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि वे किसी भी सूरत में पुराने रास्ते को बहाल करने या अंडरपास से जलजमाव की समस्या दूर करने की मांग से पीछे नहीं हटेंगे। यदि इस समस्या पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे और भी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही रेल प्रशासन और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रण में आई और रोकी गई ट्रेन को आगे बढ़ाया गया। राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड नालंदा जिले का एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिससे रोजाना हजारों यात्री सफर करते हैं। ऐसे में ट्रेनों के रुकने और बाधित होने से यात्रियों को व्यापक असुविधा झेलनी पड़ी।

CMYK

# सासाराम में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**सासाराम।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले के मुख्य समारोह स्थल न्यू फैजलगंज स्टेडियम सासाराम में 15 अगस्त को बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिला प्रभारी मंत्री जयंत राज के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पूर्व प्रभारी मंत्री द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इसके बाद जिला मुख्यालय सासाराम समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। न्यू फैजलगंज स्टेडियम सासाराम में ध्वजारोहण के बाद प्रभारी मंत्री द्वारा अपने संबोधन में जिलेवासियों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा किए गए विभिन्न कल्याण कल्याणकारी योजनाओं यथा शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, समाज कल्याण, उद्योग आदि उपलब्धियों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। इसके बाद मंत्री द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए कई व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिसमें जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह को अपने कार्यकाल में रोहतास जिला को विकास की नई गति प्रदान करने एवं उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया तथा तिलौथू प्रखंड की बीडीओ अंकिता जैन को आकांक्षी प्रखंड के तहत बेहतर कार्य करने के क्षेत्र में गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रोहतास जिले में विधि व्यवस्था के संधारण, विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा । आप सबों के सहज सहयोग और समर्थन के बल पर जिला प्रशासन ने न केवल अपना दायरा बढ़ाया है बल्कि सरकार की सभी विकास परक तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्तियों मे खड़े व्यक्तियों तक पहुंचने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री के द्वारा कुछ योजनाओं की घोषणा की गई थी। पूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रगति यात्रा के क्रम में उक्त योजनाओं को बहुत कम समय में संबंधित विभागों के द्वारा स्वीकृत दे दिया गया है जिसकी कुल लागत 935 करोड़ रुपए है। वहीं उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा जिले के वर्ग 1 से 8 तक सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 2 लाख 36 हजार 50 छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध कराया गया है। जिले में चिन्हित 5295 दिव्यांग बच्चों में से 2126 दिव्यांग बच्चों को वित्तीय वर्ष 2025 26 में विद्यालयों में नामांकन कराया गया है। शिक्षकों के नियुक्ति के तहत कल 1293 शिक्षकों का काउंसलिंग के उपरांत 1064 शिक्षकों द्वारा आवंटित विद्यालय में योगदान किया गया। टीआरइ-3 के तहत 1156 प्रधान शिक्षकों का काउंसलिंग के उपरांत कल 978 प्रधान शिक्षकों द्वारा आवंटित सरकारी विद्यालयों में योगदान किया गया। उन्होंने बताया कि रसोईया का मानदेय 1650 रुपए से बढ़ाकर 3300 रुपया किया गया तथा विद्यालय के रात्रि प्रहरी का मानदेय 5000 से बढ़कर 10000 किया गया। इसी तरह शारीरिक शिक्षा एवं अनुदेशक का मानदेय 8000 से बढ़कर 16000 किया गया। वही आशा कार्यकर्ताओं का भी प्रोत्साहन राशि 1000 रुपए से बढाकर 3000 रुपए किया गया तथा ममता कर्मियों का भी प्रोत्साहन राशि 300 रुपए से बढाकर 600 रुपए किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा कृषि के क्षेत्र में भी कई कार्य किए गए हैं जिसमें वर्ष 2025-26 खरीफ योजना के तहत अन्नदाता किसानों के द्वारा 2 लाख 6 हजार 3 सौ 29 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती की गई है। खेत की उर्वरक शक्ति को बनाए रखने एवं किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया है। आत्मा द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत गत वर्ष में कुल 5128 किसानों को प्रशिक्षण, 1457 किसानों का परिभ्रमण एवं 19 किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।

## आज सासाराम में आएंगे राहुल गांधी, डीएम ने सभा स्थल का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी के 17 अगस्त को रोहतास जिले के सासाराम में प्रस्तावित दौरा को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा सभा स्थल सुअरा हवाई अड्डा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान हेलीपैड का निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग सहित कई अन्य आवश्यक बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। वही सांसद राहुल गांधी के आगमन को लेकर शहर के अलग-अलग जगहों एवं चौक-चौराहों पर पोस्टर बैनर के जरिए कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत करने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## सार्जेन्ट सोनू कुमार निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला पुलिस लाइन में तैनात सार्जेंट दिवा पदाधिकारी सोनू कुमार को महिला सिपाही के साथ बदसलूकी के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। सार्जेन्ट ने गत 6 अगस्त को डिहरी के डायल-112 में तैनात महिला सिपाही नीतू कुमारी एवं अन्य पुलिसकर्मी का औचक निरीक्षक के कम में प्रतिनियुक्त महिला सिपाही नीतू कुमारी के साथ बदसलूकी करने का मामला अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आयी।

एसपी रौशन कुमार ने तत्पश्चात उक्त प्रकरण की जांच कर तत्संबंधी जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश डिहरी के एसडीपीओ एक एएसपी अतुलेश झा को निदेशित किया।

एएसपी जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि सार्जेन्ट सोनू कुमार, सिविल ड्रेस में औचक निरीक्षण करने गये, परन्तु इनका ड्युटी जांच करने का कोई सिड्यूल नहीं था। उस दौरान पीटीसी सिपाही के साथ हुई बहस की सूचना किसी वरीय पदाधिकारी को इन्होंने नहीं दी। पीटीसी सिपाही के द्वारा रिकॉर्डिंग प्रस्तुत किया गया, जिसमें सार्जेंट का वातार्लाप संदिग्ध प्रतीत होता है। मीडिया कर्मी से बातचीत के ऑडियो में इन्होंने उसे व्यक्तिगत रूप से मिलने एवं मामला सुलझाने की पेशकश की है। पीटीसी एवं महिला सिपाही के द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि ये नशे में थे। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-एक द्वारा सार्जेंट सोनू कुमार, पुलिस केन्द्र का कृत्य कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं घोर संदिग्ध आचरण परिलक्षित होने का मंतव्य दिया गया है।

# अनुमंडल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस









नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वतंत्रता दिवस पर शहर में तिरंगा शान से लहराया और इसके संग संग लहराई देश की आन बान और शान। जगह-जगह चौराहा, चौराहा सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों में सुबह से ही राष्ट्र भक्ति गीतों की गूंज एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाने का संदेश देती रही। देशभक्तों की शहादत की अलख जगाती रही तिरंगे को सलामी दी गई।

**घटना रोकने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : एसपी**

एसपी रौशन कुमार ने कहा कि उनके लिए आज अत्यंत गौरवपूर्ण पल है। मानव सभ्यता की इतिहास में इसकी तरक्की में हमारी स्वतंत्र सोच और खुद की नियति स्वतः तय करने की स्वतंत्रता का अमूल योगदान रहा, लेकिन इसी इतिहास के कालखंड में एक ऐसा अवसर आया कि हमने इसे खो दिया पर जब एहसास हुआ तो हर तरह की कुर्बानी देकर अपनी नियति स्वयं करने की स्वतंत्रता हासिल की। उसके बाद एक राष्ट्र के तौर पर कुछ मूल्यों और सिद्धांतों की आत्मसात करते हुए संविधान के रूप में उसकी रूपरेखा तैयार की समाज में उन मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए हमें अहम जिम्मेदारी दी गई। अभी तक हमने इस जिम्मेवारी को काफी बेहतर तरीके से देश की आंतरिक सुरक्षा के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों का सामना किया है। देश के नागरिकों का भरोसा बनाए रखा है। विगत समय में अपने आप को हम तैयार करते आए हैं इसमें तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बयान से विज्ञान की ओर अग्रसर हैं। इस प्रक्रिया में हमारे नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय अधिनियम का कानून एक महत्वपूर्ण कड़ी है। आप सभी समझते हैं कि सोशल मीडिया का लोकतंत्रीकरण के साथ अब ऐसी हालत है कि छोटी घटना अभी आम लोगों पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। ऐसे में लोगों के आकांक्षाओं पर खरा उतरना हमारे लिए चुनौती है। इस चुनौती पर खरे उतारने के लिए हम लोग प्रयत्नशील हैं। इस प्रयास के तहत विगत समय में जितनी भी घटनाएं जो आम जनमानस के मन में असुरक्षा की भावना पैदा कर सकती है उसमें से 90 प्रतिशत घटनाओं का हम लोगों ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है। ताकि आम जनमानस में पुलिस के प्रति भरोसा कायम रहे, लेकिन जैसा मैंने पहले कहा है यह एक सतत प्रक्रिया है लोगों की। एसपी ने कहा उम्मीदें समय के साथ बदल रही है। अब सिर्फ घटना होने के बाद कांड का उद्बोधन कर लेना लोगों की अपेक्षा नहीं है। आम जनों की अपेक्षा है कि घटना हो ही नहीं पर इसमें समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज के लोग इसमें अपनी भूमिका निभा पाए। इसके लिए जरूरी है कि उनका हम पर भरोसा हो और हम अपने आप को याद दिलाए कि हम जिस समाज से आए हैं उसे समाज के प्रति कुछ जिम्मेदारी है जिसके लिए हम संविधान के प्रति अपने आप को समर्पित कर चुके हैं। एसपी रौशन कुमार ने पुलिस लाइन में झंडोतोलन के बाद सम्बोधित करते उक्त बातें कही। इसके पूर्व एसपी ने जिला पदाधिकारी व एएसपी के साथ जिला पुलिस व महिला पुलिस बल के सलामी गारद का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन स्थित रोहतास जिले के विधि व्यवस्था संधारण में शहीद हुए पुलिस कर्मियों को शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में डीएम उदिता सिंह, एसडीएम नीलेश कुमार, एसएसपी अतुलेश झा समेत पुलिस प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। एसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मौके पर डीएम भी मौजूद थी।

**सरकारी दफ्तरों में भी हुआ ध्वजा रोहण**

शहर के सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों कॉलेजों विद्यालयों महाविद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र कार्यालय पर डी आईजी डॉ सत्य प्रकाश ने ध्वजारोहण किया। बिसैप दो में कमांडेंट लिपि सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया और सलामी गादर का निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार, व्यवहार न्यायालय में न्यायिक पदाधिकारी व अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय की उपस्थिति में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी राजदीप, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एएसपी अतुलेश झा, विधिक संघ कार्यालय में संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद शशि कुमारी, स्टेशन परिसर में स्टेशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह, आरपीएफ कार्यालय में निरीक्षक राम विलास राम, इंद्रपुरी थाना में थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी, मुफ्सिल थाना में थानाध्यक्ष राकेश गोसाई, आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में निदेशक आनंद सिंह, महिला कॉलेज में प्राचार्य डॉ अशोक सिंह जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार ओझा, राम किशोर सिंह कॉलेज में सचिव डॉ ललन सिंह अंदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में डॉक्टर वीरेंद्र कुमार, माता देवरानी हॉस्पिटल में डा निर्मल कुशवाहा, सूर्या क्लीनिक में डा नीलम ने झंडोतोलन किया। जेआर एस इंटनेशनल स्कूल में पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, आवासीय सनबीम पब्लिक स्कूल में सचिव राजीव रंजन, अरविंद अकेडमी में निदेशक कृष्णा प्रसाद ने झंडोतोलन किया। जदयू प्रखंड कार्यालय पर अध्यक्ष विकाश कुमार सिंह ने ध्वजरोहण किया। प्रखंड कार्यालय परिसर के प्रांगण में प्रखंड प्रमुख मनीष कुमार डिहरी नगर थाना में थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार पुलिस अंचल कार्यालय में इंस्पेक्टर रवि भूषण, महिला थाना में प्रभारी थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी एससी-एसटी थाना में थानाध्यक्ष गुड्डु सरदार, पीओपी थाना में चन्दहास व अंजनी कुमार के अलावा सभी थानों के थानाध्यक्ष के द्वारा झंडातोलन किया गया। अकोढ़ीगोला में पूर्व जिला पार्षद नीतू सिंह, जन अधिकार फाउंडेशन में सुजीत कुमार, बांक स्थित गुप्ता जी ब्रदर्स राईस मिल पर भाजपा बिहार व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता ने झंडोत्तोलन किया। मझिआंव पंचायत में मुखिया अनिल कुमार के द्वारा अपने मझिआंव पंचायत भवन के प्रांगण में ध्वजारोहण किया। पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज में प्रधानाचार्य संजय कुमार, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिहरी में प्रधानाध्यापक बलीराव कुमार, वीआईपी पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष राजू चौधरी ने अपने प्रतिष्ठान थोक मछली मंडी डिहरी पड़ाव मैदान में ध्वाजारोहण किया।

बुद्धिजीवी चेतना मंच के संस्था सचिव केदारनाथ सिंह ने किया झंडोतोलन। बालवाटिका के छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत स्वागत गान से झंडोतोलन की शुरुआत की।

## चंदनपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के चन्दनपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग रविवार को विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। इस वर्ग में चंदनपुरा, भदोखरा एवं सरैया मंडल के स्वयंसेवक सहभागी होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वर्ग का संचालन खंड संघचालक जंगलेश प्रसाद चौरसिया की देखरेख में सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। वर्ग व्यवस्था की जिम्मेदारी व्यवस्थापक प्रमुख मिथलेश कुमार विश्वकर्मा तथा सहायक व्यवस्थापक विकास कुमार गुप्ता निभा रहे हैं।

## चौधरी चरण सिंह इवनिंग महाविद्यालय में प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** कोचस प्रखंड में 79 वां स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर विभिन्न संस्थाओं के प्रधानों ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी व देश के आन बान शान राष्ट्र ध्वज को झूकने नहीं देने की शपथ खायी। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह इवनिंग महाविद्यालय के प्राचार्य शिवमुनी सिंह यादव ने महाविद्यालय परिसर में झंडोत्तोलन की। इसके साथ ही मेकर इंडिया पब्लिक स्कूल प्रबंधक इंजीनियर राजीव रंजन ने झंडोत्तोलन करते हुए छात्र छात्राओं को आजादी के दास्तान को छात्र छात्राओं से साझा करते हुए कहा कि किस तरह से आजादी के लिए हमारे देशवासियों को अपने प्राणों की आहूतियां देनी पड़ी तब बर्षो संघर्ष के बाद इस दिन हम लोग राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दे रहे हैं तथा संकल्प ब्यक्त कर रहे हैं कि इसके लिए अगर हमें बलिदान देनी पड़ी तो हम पीछे नहीं हटेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में आर एस के पब्लिक स्कूल अव्वल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर डिहरी के बस्तीपुर क्षेत्र में स्थित आर एस के पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अनुमंडलीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने बिहार प्रधान से संबंधित गीत हमारा बिहार पर नृत्य के द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और इस अवसर पर समारोह में चार चांद लगाकर धूम मचा दिया। बिहार ऐतिहासिक सांस्कृतिक और प्राकृतिक विशेषताओं के लिए जाना जाता है इस नाट्य रूपांतरण गीत और नृत्य में वीर कुंवर सिंह की वीरता, बिहार के महापर्व छठ, किसान भाइयों और बहनों की उपयोगिता, विधिवत रूप से शादी ब्याह से लेकर बिस्मिल्लाह खान भगवान बुद्ध की छवि दिखाई गई बच्चों के बेहतरीन प्रस्तुति से प्रसन्न होकर अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार एवं निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार ने विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह के सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करवाने की सोच पर जमकर सराहना की एवं कहा कि हर विद्यालय में बच्चों को ऐसे ही सांस्कृतिक कला से जोड़कर रखने वाली शिक्षा देनी चाहिए जो अपने राज्य एवं देश की जड़ों और संस्कृति से मनुष्य को जोड़कर रखे इस कार्यक्रम में कई विद्यालय जैसे डी ए वी कटार सीनियर सेकेंडरी जैन बालिका उच्च विद्यालय रमा रानी, पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज जैसे कई स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें आर एस के स्कूल अव्वल स्थान पर रहा । मौके पर हमारे बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए उनके साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह, प्रधानाचार्य प्रेमलता शर्मा, उप प्रधानाचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव संगीत शिक्षक बादल गुरु नीतू सिंह नीलम उपाध्याय शीला शर्मा गीतकार विजेंदर जख्मी सुनील प्रजापति इत्यादि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के सदस्य को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य व प्रखण्ड के देवडीही निवासी श्यामबिहारी पाल के श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व.पाल संघ के सक्रिय सदस्य थे जो ग्रामीण क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों की सेवा व सहयोग में करते रहते थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा कि स्व. श्यामबिहारी पाल संघ के समर्पित कार्यकर्ता थे उनका निधन प्रखण्ड इकाई के लिए गहरा आघात है, लेकिन विधि के विधान के आगे हमसभी को नमस्तक होना पड़ता है। श्रद्धांजलि देने वालों में वशिष्ठ प्रजापति, विमल पांडेय, बिहारीलाल पाल, धनराजो देवी, रामजग पाल, सुरेन्द्र पाल, दामोदर पाल,नागेंद्र पाल, सुरेन्द्र पाल, सतेंद्र पाल, नागेंद्र पाल, सुनीता देवी, सोनमती देवी, कंचन देवी, निधि कुमारी, सार्थक, नीरज, धीरज, शक्ति सहित अन्य उपस्थित थे।

## रोहतास में मेडिकल कॉलेज सहित अन्य घोषणाओं की खुशी में जदयू ने निकाली रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड के नेताओं कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने सासाराम शहर में एक रैली निकाली। यह रैली विश्वकर्मा मोड़ बाजार समिति तकिया सासाराम से निकलकर शहर के मुख्य भागों से होते हुए पोस्ट ऑफिस चौराहे तक पहुंची। रैली में सम्मिलित कार्यकर्ता और नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लोक कल्याणकारी निर्णय के लिए हर्षोल्लास से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते नजर आए। मौके पर पार्टी के रोहतास जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन के बाद रोहतास जिले के साथ-साथ पूरा प्रदेश अपने आप को गौरवान्वित और हर्षित महसूस कर रहा है। हम लोगों की एक चिर प्रतीक्षित अभिलाषा पूर्ण हुई और हमारे जिले में एक मेडिकल कॉलेज की नींव जल्दी ही पड़ने वाली है। रोहतास जिले में मेडिकल कॉलेज के खुलने से केवल रोहतास जिला ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों के निवासियों को चिकित्सकीय सुविधा और शिक्षा दोनों को प्राप्त करने में सुलभता होगी। मुख्यमंत्री ने छात्रों के लिए जो घोषणा की है कि अब बिहार में परीक्षा शुक्ल केवल 100 होगा और मुख्य परीक्षा फ्री होगी। इससे छात्रों का मनोबल मजबूत हुआ है और ऐसे हजारों प्रतिभा संपन्न छात्र जो केवल परीक्षा शुल्क की व्यवस्था न होने से प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाते थे वैसे छात्रों को बहुत ही राहत मिलेगी और उनका मनोबल मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा।

## पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया ध्वजारोहण**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15.08.2025 को महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाईड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित थीं । स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमनें सतत विकास एवं मुस्कान के साथ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं । इस वर्ष 119 मीलियन टन का माल लदान किया है जिससे 14 हजार 918 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई जबकि यात्री यातायात से लगभग 2773 करोड़ रुपए प्राप्त हुए । इस प्रकार जनवरी से जुलाई माह तक कुल प्रारंभिक आय 18 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा रही । वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पूर्व मध्य रेल द्वारा माल लदान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 200 मीलियन टन माल का लदान किया गया था। माल ढुलाई की क्षमता और काम की कुशलता बढ़ाने की दिशा में पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे भारतीय रेल में पहली बार छह खाली बॉक्सन रेक 354 वैगन को जोड़कर बनाई गई 4.5 किलोमीटर लंबी रूद्रास्त्र नाम की लंबी मालगाड़ी को सफलतापूर्वक चलाया गया जो अब तक भारतीय रेल की सबसे लंबी मालगाड़ी है ।

## भंगी समाज के कार्यकर्ताओं को टिकट देने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मोहन राम ने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि, मेहतर सेवा संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष व जननायक राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम से आग्रह करते हुए कहा है कि बिहार राज्य में खास कर अनुसूचित जातियों में जो वंचित दलित (मेहतर, डोम, बासफोर एवं बाल्मीकि) समाज के लोग कांग्रेस पार्टी में वर्षो से निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करते आ रहे हैं उन्हें आज तक बिहार के किसी भी सदनों में वर्षों की आजादी के बाद भी समुचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। आरक्षण का लाभ अनुसूचित जातियों में जो प्रभावशाली दलित नेता हैं उन्हें मिलते आ रहा है। श्री राम ने उपरोक्त शीर्ष नेतृत्व से यह अपील किया है कि बिहार के भंगी समाज को कांग्रेस की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु बिहार में हो रहे विधान सभा चुनाव में जहां सुरक्षित सीट है जैसे रोहतास में चेनारी विधान सभा एवं कैमूर में मोहनियां विधान सभा इन दोनों में एक सीट दलित समाज ( चमार, दुसाध, धोबी एवं पासी) से किसी एक जाति को तथा एक सीट वंचित दलितों में से(मेहतर, डोम, बाल्मीकि एवं बासफोर) एक जाति को दिया जाय।

# धूमधाम से मना 79 वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढीगोला।** अकोढ़ीगोला, दरिहट एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। आन बान शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। वहीं पूरा क्षेत्र राष्ट्रीय पर्व की खुशी में मग्न था। क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों पर राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत होकर तिरंगा लहराए गए जहां अकोढीगोला स्थित स्वर्गीय ललन सिंह फॉर्म हाउस नवाडीह व मां शिला वाटिका प्रांगण में लोजपा (आर) के प्रदेश महासचिव प्रभारी राजीव रंजन सिंह सोनू सिंह की पत्नी नीतू सिंह (पूर्व जिला पार्षद), अकोढ़ीगोला थाना में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, दरिहट थाना में थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा, आयरकोठा थाना में थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी, रामप्यारी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार, भागवत दास राजकीय मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक प्रमोद तिवारी, दरिहट पंचायत भवन पर मुखिया शारदा कुंवर, अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, मझिआंव पंचायत भवन टंडवा में अनिल कुमार, डीएवी स्कूल भड़कुडिया में प्रधानाध्यापक आरएन पाठक, एडीफाई वर्ल्ड स्कूल में प्रधानाध्यापक आकाश कुमार सिंह, तथागत पब्लिक स्कूल विजय पाल ने शान से तिरंगा झंडा फहराया। वही सभी लोगों ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर अपने प्रांगण में लोगों को संबोधित किया और बधाई दी। इस मौके भागवत दास राजकीय मध्य विद्यालय दरिहट तथा एडीफाई वर्ल्ड स्कूल तथा तथागत पब्लिक स्कूल आयरकोठा के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक झांकी, नाट्य, नृत्य, भाषण, गीत, कविता आदि की शानदार प्रस्तुति दी जिसमें जीना है तो पापा शराब मत पीना सोशल मीडिया की गुलामी, पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ, जल बचाओ आदिवासी डांस आदि नाटकों पर छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति की जहां अभिभावक और श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके दरिहट पंचायत भवन पर सरपंच प्रीति सिंह, बुचूल सिंह यादव, सुभाष सिंह कुशवाहा, श्रीकांत पाल, ललन पाल, अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, नागेन्द्र सिंह, अधिवक्ता प्रदीप कुमार, मेघनाथ सिंह, कृष्ण प्रसाद (सर जी), अशोक पाल, विवेक कुमार, मिठ्ठ सिंह, संजीव कुमार उर्फ गुड्डु, चन्दन कुमार, पवन कुमार, पंकज कुमार, दीनानाथ राम , राजेश महतो, मुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# आतंकवाद पर ज्यादा ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत

इसमें कोई दोराय नहीं कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान में सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां तक कि एकाधिक बार पाकिस्तानी सीमा में घुस कर भी आतंकियों को निशाना बनाया गया। जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल इलाके में आतंकियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ को पिछले कई वर्षों के दौरान सबसे लंबा आतंकरोधी अभियान माना जा रहा है। निश्चित रूप से सुरक्षा बलों ने अलग-अलग स्तर पर आतंकियों की घेराबंदी की है, लेकिन अफसोस की बात है कि इस मुठभेड़ में दो जवानों के शहीद होने और कम से कम दस के घायल होने की खबर आई है। इससे फिर यही लगता है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ तमाम अभियानों और कवायदों के बावजूद आज भी आतंकी सक्रिय हैं और अक्सर उनके हमलों या उनके साथ मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के जवानों को जान गंवानी पड़ती है। गौरतलब है कि इस महीने के शुरू में अखल इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने अभियान शुरू किया था। कई दिनों की मुठभेड़ में अब तक दो आतंकी के मारे जाने की खबर आई है, लेकिन इलाके में घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं का फायदा उठा कर कई आतंकियों के अब भी छिपे होने की आशंका है। कुछ समय पहले पहलगाम में जब कुछ आतंकियों ने अचानक हमला करके कई पर्यटकों की हत्या कर दी थी, तब हर तरफ से आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग उठी थी। सरकार ने जवाबी कार्रवाई के तौर पर पाकिस्तानी सीमा में स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों के खिलाफ 'आपरेशन सिंदूर' के तहत ठोस कार्रवाई की और उसमें काफी आतंकियों के मारे जाने की खबर आई। उस अभियान से दुनिया भर में यह संदेश गया कि अब भारत आतंकवाद के विरुद्ध कोई भी नरमी नहीं बरतने जा रहा है, भले ही उसके कर्ता-धर्ता पाकिस्तान जैसे देश के रहनुमाओं का संरक्षण पाकर वहां से अपनी गतिविधियां संचालित करते हों। इसी तेवर में पाकिस्तानी सीमा में घुस कर आतंकियों के खिलाफ एक कामयाब हमले को अंजाम भी दिया गया। मगर अब जम्मू-कश्मीर के कुलगाम और अन्य कुछ इलाकों में आतंकियों की ओर से घात लगा कर किए गए हमलों से यह साफ है कि वहां अब भी आतंकी अपने छिपे ठिकानों से सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमले कर रहे हैं। यह स्थिति तब भी है, जब जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार ने अपनी ओर से सभी मोर्चों पर पूरी ऊर्जा लगा रखी है। दशकों से जारी इस समस्या से पार पाने के लिए सरकारों ने समय-समय पर लगातार दावे किए हैं, आतंकियों के खिलाफ अधिकतम सख्ती से लेकर स्थानीय नागरिकों से संवाद तक हर स्तर पर अनेक उपाय किए गए हैं। मगर आज भी वहां रह-रह कर सामने आने वाली आतंकवादी गतिविधियां देश के सामने एक तरह से चुनौती बनी हुई हैं और आए दिन जवानों की शहादत की खबरें आती रहती हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान में सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां तक कि एकाधिक बार पाकिस्तानी सीमा में घुस कर भी आतंकियों को निशाना बनाया गया। मगर सवाल है कि आखिर कहां ऐसी कमी है कि इस समस्या और पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकवादी संगठनों पर काबू पाना संभव नहीं हो सका है। आतंकियों से मुठभेड़ की ताजा घटना एक बार फिर यह रेखांकित करती है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पूरी तरह सफाए के लिए ज्यादा सुचिंतित और ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है।

**स्वतंत्रता अहसास है अपने होने का, इसकी अनुभूति का अहसास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए क्योंकि स्वतंत्रता का अर्थ केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि यह स्वयं के अस्तित्व, स्वयं की पहचान और अपने होने का गहन बोध है। यह भावना तब और भी प्रबल हो जाती है जब व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और कार्यों में स्वतंत्र महसूस करता है। किसी भी राष्ट्र में रहने वाले नागरिकों को स्वतंत्रता की अनुभूति तभी होती है जब वह राष्ट्र स्वयं स्वतंत्र होता है। स्वतंत्रता का बोध किसी भी राष्ट्र के नागरिकों के लिए तभी है, जब राष्ट्र में कानून का राज स्थापित होता है। भारत की आजादी की प्राप्ति एक सुनहरे भारत के भविष्य से साक्षात्कार थी, क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम एक लम्बा, भारत की धरोहर और संस्कृति को बचाने का संघर्ष था।**

# देश में राष्ट्रविरोधी ताकतों को नेस्तनाबूद करने के लिए हर वर्ग के लोगों को आगे आना होगा

( ब्रह्मानंद राजपूत )

स्वतंत्रता के मायने हर नागरिक के लिए अलग-अलग होते हैं, कोई व्यक्ति स्वतंत्रता को अपने लिए खुली छूट मानता है, जिसमे वो अपनी मर्जी का कुछ भी कर सके, चाहे वो गलत हो या सही हो। लेकिन स्वतंत्रता सिर्फ अच्छी चीजों के लिए होती है।

स्वतंत्रता अहसास है अपने होने का, इसकी अनुभूति का अहसास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए क्योंकि स्वतंत्रता का अर्थ केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि यह स्वयं के अस्तित्व, स्वयं की पहचान और अपने होने का गहन बोध है। यह भावना तब और भी प्रबल हो जाती है जब व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और कार्यों में स्वतंत्र महसूस करता है। किसी भी राष्ट्र में रहने वाले नागरिकों को स्वतंत्रता की अनुभूति तभी होती है जब वह राष्ट्र स्वयं स्वतंत्र होता है। स्वतंत्रता का बोध किसी भी राष्ट्र के नागरिकों के लिए तभी है, जब राष्ट्र में कानून का राज स्थापित होता है। भारत की आजादी की प्राप्ति एक सुनहरे भारत के भविष्य से साक्षात्कार थी, क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम एक लम्बा, भारत की धरोहर और संस्कृति को बचाने का संघर्ष था। किसी भी देश में रहने वाले नागरिकों के लिये स्वतंत्रता एक अनमोल उपहार है और इसका सम्मान करना तथा इसे संजोकर रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसी दिन हमारा हिन्दुस्तान आज से 78 साल पहले 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से स्वतंत्र हुआ था। इसी दिन हमारे वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हमें अंग्रेजों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। हमें आजादी दिलाने के लिए न जाने कितने वीर वीरांगनाओं ने अंग्रेजों की अमानवीय यातनाओं व अत्याचारों का सामना किया और देश की आजादी के लिए अपनी आहुतियां दी। यह दिन ऐसे ही वीर-वीरांगनाओं को याद करने का दिन है। इस दिन का भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए एक विशेष महत्व है, इस दिन हर भारतवासी अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करता है, जिनके खून पसीने और संघर्ष से हमें आजादी नसीब हुई। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर हिंदुस्तान में जगह-जगह हवा में लहराता झंडा हमें स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का अहसास कराता है। इस साल 78 वां स्वतंत्रता दिवस होने की वजह से इस दिन की महत्वता और बढ़ जाती है। आजादी से लेकर आज तक भारत देश ने कई उतार-चढाव देखे है और हर प्रकार की परिस्थिति में अपने गौरव को बढ़ाया है व विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है।

स्वतंत्रता के मायने हर नागरिक के लिए अलग-अलग होते हैं, कोई व्यक्ति स्वतंत्रता को अपने लिए खुली छूट मानता है, जिसमे वो अपनी मर्जी का कुछ भी कर सके, चाहे वो गलत हो या सही हो। लेकिन स्वतंत्रता सिर्फ अच्छी चीजों के लिए होती है। बुरी चीजों के लिए स्वतंत्रता अभिशाप बन जाती है, इसलिए स्वतंत्रता के मायने तभी हैं जब स्वतंत्रता में मर्यादा, चरित्र और समर्पण का भाव हो। अगर स्वतंत्रता में मर्यादा, चरित्र और समर्पण ही नहीं है तो यह आजादी देश और समाज में बलात्कार, छेड़खानी, हत्या, हिंसा, दंगे और मॉब लिंचिंग आदि जैसी घटनाओं के अंजाम के लिए जिम्मेदार होती है। स्वतंत्रता दिवस के दिन देश के युवा पतंगें उड़ा कर आजादी का जश्न मनाते हैं। हवा में लहराती पतंगें संदेश देती हैं कि हम आजाद देश के नागरिक हैं। पर क्या तिरंगा फहराकर या पतंग उड़ाकर आजादी का अहसास हो जाता है? क्या भारत में हर व्यक्ति को आजादी से जीने का हक मिल पाया है? हमें आजादी



मिली, उसका हमने क्या सदुपयोग किया। लोग पेड़ों को काट रहे हैं। बालिका भ्रूण की हत्या हो रही है। सड़कों पर महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। शराब पीकर लोग देश में सड़क हादसों को अंजाम देते हैं और दूसरे बेगुनाह लोगों को मार देते हैं। जालसाल व षड्यंत्रकारी लोग झूठे आरोपों से बेगुनाह और मासूम लोगों को फसाने का प्रयास करते है और संविधान का दुरूपयोग करते हैं। ये कैसी आजादी है, जहां एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के अधिकारों का हनन कर रहा है।

बेशक भारत को स्वतंत्र हुए 78 साल हो गए हों, लेकिन आज भी हमारे आजाद भारत देश में बाल अधिकारों का हनन हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने की उम्र में काम करते दिख जाते हैं। आज बाल मजदूरी समाज पर कलंक है। इसके खात्मे के लिए सरकारों और समाज को मिलकर काम करना होगा। साथ ही साथ बाल मजदूरी पर पूर्णतया रोक लगानी चाहिए। बच्चों के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए अनेक योजनाओं का प्रारंभ किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव दिखे और शिक्षा का अधिकार भी सभी बच्चों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। गरीबी दूर करने वाले सभी व्यावहारिक उपाय उपयोग में लाए जाने चाहिए। बालश्रम की समस्या का समाधान तभी होगा जब हर बच्चे के पास उसका अधिकार पहुंच जाएगा। इसके लिए जो बच्चे अपने अधिकारों से वंचित हैं, उनके अधिकार उनको दिलाने के लिए समाज और देश को सामूहिक प्रयास करने होंगे। आज देश के प्रत्येक नागरिक को बाल मजदूरी का उन्मूलन करने की जरूरत है। देश के किसी भी हिस्से में कोई भी बच्चा बाल श्रमिक दिखे, तो देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह बाल मजदूरी का विरोध करे और इस दिशा में उचित कार्यवाही करें साथ ही साथ उनके अधिकार दिलाने के लिये प्रयास करें। देश का हर बच्चा कन्हैया का स्वरुप है, इसलिए कन्हैया के प्रतिरूप से बालश्रम कराना पाप है। इस पाप का भगीदार न बनकर देश के हर नागरिक को देश के नन्हे-मुन्नों को शिक्षा का अधिकार दिलाना चाहिए जिससे कि हर बच्चा बड़ा होकर देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर सके।

भारत देश में कानून बनाने का अधिकार केवल भारतीय लोकतंत्र के मंदिर भारतीय संसद को दिया गया है। जब भी भारत में कोई नया कानून बनता है तो वो संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) से पास होकर राष्टपति के पास जाता है। जब राष्टपति उस कानून पर बिना आपत्ति किये हुए हस्ताक्षर करता है तो वो देश का कानून बन जाता है। लेकिन आज देश के लिए कानून बनाने वाली भारतीय लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था भारतीय संसद की हालत दयनीय है। जो लोग संसद के दोनों सदनों में प्रतिनिधि बनकर जाते हैं, वो लोग ही आज संसद को बंधक बनाये हुए हैं और उनमें से अधिकतर लोग लोकतंत्र के मन्दिर भारतीय संसद की मर्यादा को तार-तार करते हैं व विश्व समुदाय के सामने देश के गौरव को कलंकित करने का काम करते है। जब भी संसद सत्र चालू होता है तो संसद सदस्यों द्वारा चर्चा करने की बजाय हंगामा किया जाता है और देश की जनता के पैसों पर हर तरह की सुविधा पाने वाले संसद सदस्य देश के भले के लिए काम करने की जगह संसद को कुश्ती का अखाड़ा बना देते हैं, जिसमें पहलवानी के दांव पेंचों की जगह आरोप प्रत्यारोप और अभद्र भाषा के दांव पेंच खेले जाते हैं। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। आज जरुरत है कि देश के लिए कानून बनाने वाले संसद सदस्यों के लिए एक कठोर कानून बनना चाहिए। जिसमें कड़े प्रावधान होने चाहिए, जिससे कि संसद सदस्य संसद में हंगामा खड़ा करने की जगह देश की भलाई के लिए अपना योगदान दें। आज हमारे जनप्रतिनिधि आम जनता के प्रतिनिधि न होकर सिर्फ और सिर्फ अपने और अपने लोगों के प्रतिनिधि बनकर खड़े होते हैं, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। एक स्वतंत्र गणतांत्रिक देश में जनप्रतिनिधियों से देश का कोई भी नागरिक ऐसी अपेक्षा नहीं करता है। हर जनप्रतिनिधि का फर्ज है कि वह अपने और अपने लोगों का प्रतिनिधि बनने की बजाय अपने क्षेत्र की सम्पूर्ण जनता के प्रतिनिधि बने और देश के सभी जनप्रतिनिधियों को न्यायप्रिय शासन करना चाहिए, जिसमें समाज के हर तबके के लिए स्थान हो तभी हमारी स्वतंत्रता अक्षुण्ण रह पाएगी।

बेशक हम अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हों लेकिन आज भी देश महिलाओं को पूर्णतः स्वतंत्रता नहीं है, आज भी देश में महिलाओं को बाहर अपनी मर्जी से काम करने से रोका जाता है। महिलाओं पर तमाम तरह की बंदिशे परिवार और समाज द्वारा थोपी जाती हैं जो कि संविधान द्वारा प्रदत्त महिलाओं को उनके मौलिक अधिकारों का हनन करती है। आज भी देश में महिलाओं के मौलिक अधिकार चाहे समानता का अधिकार हो, चाहे स्वतंत्रता का अधिकार हो, चाहे धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार हो, चाहे शिक्षा और संस्कृति सम्बन्धी अधिकार हो; समाज द्वारा नारियों के हर अधिकार को छीना जाता है या उस पर बंदिशे लगायी जाती हैं, जो कि एक स्वतंत्र देश के नवनिर्माण के लिए शुभ संकेत नहीं है। कोई भी देश तब अच्छे से निर्मित होता है जब उसके नागरिक चाहे महिला हो या पुरुष हो उस देश के कानून और संविधान को पूर्ण रूप से सम्मान करे और उसका कड़ाई से पालन करे। आज बेशक भारत विश्व की उभरती हुई शक्ति है। लेकिन आज भी देश काफी पिछड़ा हुआ है। देश में आज भी कन्या जन्म को दुर्भाग्य माना जाता है, और आज भी भारत के रूढ़िवादी समाज में हजारों कन्याओं की भ्रूण में हत्या की जाती है। सड़कों पर महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। सरेआम महिलाओं से छेड़छाड़ और बलात्कार के किस्से भारत देश में आम बात हैं। कई युवा (जिनमें भारी तादात में लड़कियां भी शामिल हैं) एक तरफ जहां हमारे देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। वहीं कई ऐसे युवा भी हैं जो देश को शर्मसार कर रहे हैं।

# बर्र के छत्ते में डाला हाथ, भुगतना तो पड़ेगा...भारत के दो 'हथियारों' ने उड़ाई अमेरिका की नींद

(दिनेश मिश्र)

अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'दोस्त' कहते हुए भारत की पीठ में छुरा घोंपा है। और तो और ट्रंप यह भी दबाव डाल रहे हैं कि भारत किसी भी सूरत में रूस से अपनी दोस्ती तोड़ दे। साथ ही यह भी धमकी भी देना चाह रहे हैं कि अगर भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया तो उसे और बुरे अंजाम भुगतने होंगे। वहीं, भारत ने भी सधे शब्दों में अमेरिका को ये समझा दिया है कि वह अपने राष्टहित से कतई समझौता नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इशारों ही इशारों में कह दिया था कि भारत के लिए वह अपनी 'दोस्ती' तक कुर्बान कर देंगे। उन्होंने इशारों में ये कहा था कि मैं जानता हूं, मुझे इसके लिए निजी तौर पर बड़ी कीमत चुकानी होगी। अब चर्चा है कि पीएम मोदी खुद चीन जाने वाले हैं। उनकी तियानजिन यात्रा लगभग तय मानी जा रही है, जिसकी नींव पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी और राष्टपति शी जिनपिंग के बीच एक करार में रखी गई थी। दरअसल, भारत ने ट्रंप के टैरिफ और दुश्मनी वाली दोस्ती के जवाब में अपने दो तुरुप के इक्के चल दिए हैं, जिसने अमेरिकी सरकार की नींद उड़ा दी है। आगे के पैरा में जानते हैं पहला इक्का कौन सा है।

**पहला इक्का- कजान में हुई थी ब्रिक्स पर बात, अब लेगा आकार!-** पीएम मोदी की यात्रा से पहले चीनी विदेश मंत्री वांग यी अगले हफ्ते भारत आएंगे। वे राष्टीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत करेंगे। अब जरा पिछले साल अक्टूबर में चलते हैं, जब रूस के कजान शहर में ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन हुआ। उस दौरान रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रिक्स देशों को अपनी-अपनी करेंसी में कारोबार करने पर बल दिया था। दरअसल, पूरी दुनिया के कारोबार पर इस वक्त अमेरिकी डॉलर का दबदबा है। इससे पहले 2023 में यह उम्मीद जताई जा रही थी कि ब्रिक्स राष्ट अमेरिकी डॉलर के विकल्प के रूप में संभावित स्वर्ण समर्थित मुद्रा बनाने पर चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। यह जानना दिलचस्प है कि 300 करोड़ की आबादी वाले ब्रिक्स देशों की जीडीपी 24 ट्रिलियन डॉलर है। ऐसे में अगर ब्रिक्स की मुद्रा की बात संभव होती है तो इससे अमेरिका का वर्चस्व टूटेगा।

**दूसरा इक्का- आरआईसी से नाटो देशों को भी टेंशन-** वहीं, बीते महीने ही विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन गए थे। उस वक्त ड्रैगन ने रूस-भारत-चीन (आरआईसी) मंच को मजबूती से कायम करने का प्रस्ताव दिया था। उस वक्त जयशंकर ने बस यही कहा था कि यह बातचीत से तय होगा। रूस के पूर्व प्रधानमंत्री येवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर आरआईसी बना था। मकसद था अमेरिका की दादागिरी वाली राजनीति को संतुलित करना। 2002 से 2020 तक इस समूह ने 20 से अधिक बार मंत्री स्तरीय बैठकें कीं, जिसमें विदेश नीति, आर्थिक, व्यापार और सुरक्षा मामलों पर तालमेल बिठाने की कोशिश की गई। 2020 में गलवान घाटी संघर्ष के बाद यह मंच निष्क्रिय हो गया। इस इक्के से अमेरिका की अगुवाई वाले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो देशों को टेंशन तो जरूर होगी।

**अमेरिका का बादशाह- क्यों फेल होता दिख रहा-** अमेरिका ने पूरे प्रशांत महासागर में अपना जाल बिछा रखा है। वह चीन का वर्चस्व कम करने के लिए उसके दुश्मनों के साथ मिलकर गठजोड़ तैयार कर रहा है। वह भारत को इसीलिए अपने पाले में करके क्वॉड देशों का मजबूत गठबंधन बनाना चाहता है। क्वाड अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर प्रशांत महासागर क्षेत्र में ड्रैगन पर रोक लगाने की एक पहल है। मगर, भारत ने अमेरिका की चाल समझ ली है। उसने साफ कहा है कि वह अपने हितों से समझौता कतई नहीं करेगा।

**आरआईसी के एक्टिव होने से अमेरिका का दम निकलेगा-** अगर भारत आरआईसी में फिर से एक्टिव होता है, तो वो अमेरिका के लिए सीधे एक झटका होगा। रूसी मीडिया ने रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेन्को के हवाले से बताया कि मॉस्को आरआईसी फॉर्मेट को फिर से शुरू करने की उम्मीद कर रहा है और इसके लिए वह बीजिंग और नई दिल्ली से बातचीत कर रहा है। रुडेन्को ने कहा-यह मुद्दा हमारी बातचीत में आता रहता है। हम चाहते हैं कि यह फॉर्मेट फिर से सक्रिय हो, क्योंकि ये तीनों देश हमारे महत्वपूर्ण साझेदार हैं और ब्रिक्स के संस्थापक भी। वहीं, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने भी कहा है कि-चीन-रूस-भारत सहयोग न केवल तीनों देशों के हित में है, बल्कि यह क्षेत्र और दुनिया में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति में भी सहायक होगा। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी कहा है कि यह एक ऐसा तरीका है, जहां तीनों देश वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि आरआईसी की बैठक कब होगी, यह तीनों देश मिलकर तय करेंगे।

**दुनिया के 90 प्रतिशत मुद्रा कारोबार पर डॉलर का कब्जा-** अभी दुनिया में अमेरिकी डॉलर का प्रभुत्व है, जो सभी मुद्रा व्यापार का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा है। 2023 से पहले तक करीब 100 फीसदी पेट्रोलियम का कारोबार अमेरिकी डॉलर में किया जाता था। हालांकि, 2023 में यह तस्वीर थोड़ी बदल गई। तेल व्यापार का करीब पांचवां हिस्सा यानी 20 फीसदी गैर अमेरिकी मुद्राओं से किया गया था। यही बात अब अमेरिका को सता रही है। माना जा रहा है कि मौलिक रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से बने ब्रिक्स देश नई करेंसी की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे अमेरिका चिंता में हैं, क्योंकि इससे उसका वर्चस्व टूट सकता है।

**ब्रिक्स देश नई करेंसी क्यों बनाना चाहते हैं?-** रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में जंग समेत हाल की वैश्विक वित्तीय चुनौतियों और आक्रामक अमेरिकी विदेश नीतियों ने ब्रिक्स देशों को संभावना तलाशने के लिए प्रेरित किया है। वे अमेरिकी डॉलर और यूरो पर वैश्विक निर्भरता को कम करते हुए अपने आर्थिक हितों को बेहतर ढंग से पूरा करना चाहते हैं। ब्रिक्स मुद्रा कब जारी की जाएगी? इकसी अभी तक लॉन्च की कोई निश्चित तारीख नहीं है, लेकिन इन देशों ने इस संभावना पर विस्तार से चर्चा की है। 2022 में 14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भी पुतिन ने नई वैश्विक आरक्षित मुद्रा की वकालत की थी। अप्रैल, 2023 में ब्राजील के राष्टपति लुइज इनासियो लूला डिसिल्वा ने ब्रिक्स मुद्रा का समर्थन किया।

# हवा-पानी की आज़ादी के बिना आज़ादी अधूरी

**देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेज़ी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है।**

( ललित गर्ग )

आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं।

देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेज़ी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण- ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आज़ादी मतलब 'स्वस्थ हवा' पाना है। हमारे 'आज़ादी' को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आज़ादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण-जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आज़ादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आज़ादी मिली है?

आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज़ बनती जा रही है। 'हवा-पानी की आज़ादी' का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है।

जल संकट भविष्य में सबसे बड़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेशन सिंधूर के बाद भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बर्बादी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है।

दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 'बहुत खराब' या 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना-ये सब मिलकर हवा को ज़हरीला बना रहे हैं।

भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है- तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है। पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे-अब भी खरे हैं तालाब। आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने 'अटल भूजल योजना', 'नल से जल' और 'नदी पुनर्जीवन' जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव-गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम हैं। आज़ादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हो और उसकी आवाज़ सिर्फ़ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए।

आजादी के अमृतकाल में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हमें हवा एवं पानी की आजादी के लिये संकल्प लेना होगा। वायु-जल संसाधनों पर गहराते संकट को खत्म करने के लिए अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरूष, किसान, उद्यमियों सभी को पहल करनी है। पानी को बचाने एवं हवा की शुद्धि की आदत को व्यवहार में ढालना होगा। हवा में घूल रहा प्रदूषण भी खतरनाक होता जा रहा है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। खेती में प्रदूषकों की रोकथाम से जल संसाधनों के संकट और पारिस्थिकी तंत्र में बदलाव के संकट को कम किया जा सकता है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को नियमित करके समस्या को काफी हद तक सुलझाया जा सकता है। उपलब्ध जल संसाधनों तक उपभोग को सीमित करके, संसाधन पर दवाब कम किया जा सकता है।

आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है-हमारी आज़ादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोज़गारी का नहीं, बल्कि शुद्ध हवा-पानी जैसी मूलभूत जरूरतों से जुड़ी सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है। हमने अंग्रेज़ी शासन से मुक्ति पाई, लेकिन अगर हमारे बच्चे दूषित हवा में सांस लें और जहरीला पानी पिएं, तो यह कैसी आज़ादी है? आज़ादी का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब हर नागरिक को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी मिले। 78वां स्वतंत्रता दिवस केवल झंडा फहराने और भाषण देने का नहीं, बल्कि जीवनदायिनी संसाधनों की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर है। अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल पर पानी बचाने की आदत डालें। प्लास्टिक का उपयोग कम करें। वर्षा जल संचयन करें। प्रदूषण

# 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** 79वें स्वतंत्रता दिस के अवसर पर आज झंडा मैदान में आयोजित मुख्य समारोह स्थल झंडा मैदान में मुख्य अतिथि, सुदिव्य कुमार, मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज झंडा मैदान में आयोजित मुख्य समारोह स्थल झंडा मैदान में मुख्य अतिथि, सुदिव्य कुमार, मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। माननीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर झंडा मैदान, गिरिडीह के इस मंच पर उपस्थित सभी सम्मानित अतिथिगण, अधिकारीगण, मीडिया बंधु एवं ध्वजारोहण हेतु उपस्थित गिरिडीह जिले के तमाम नागरिकों को जोहार एवं अभिनंदन सर्वप्रथम आज स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हम सभी एक दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। इस मंच से हम उन तमाम स्वतंत्रता सेनानियों को विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करते हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगाकर हमें आज ही के दिन 15 अगस्त, 1947 को अग्रेजों से आजादी दिलाई। साथ हीं आजाद भारत के सपने को साकार करने के लिए हम उन महापुरुषों को हृदय से नमन करते हैं, जिनके अथक संघर्ष एवं बलिदान से इस महान राष्ट्र का निर्माण हुआ है। यह उन्हीं संघर्ष और बलिदान का परिणाम है कि आज भारत विकास के पथ पर चलकर दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को अग्रसर है तथा जल्द हीं हम विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होंगे। गिरिडीह की जिस पावन धरती पर हम सब मौजूद हैं, वह ज्ञान और तपस्या की धरती रही है। खनिजों से परिपूर्ण, वन क्षेत्रों से आच्छादित नित्य बादलों को चूमने वाले सम्मेद शिखर की यह धरती विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान रखती है। महान वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चन्द्र बसु एवं महान सांख्यिकिविद् प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस का संबंध भी गिरिडीह की धरती से रहा है। गिरिडीह के स्वतंत्रता सेनानियों में से स्व. बजरंग सहाय, स्व. श्याम सुंदर सिंह, स्व. हाजी दिलदार अली, स्व. राजन सिंह, स्व. अब्दुल रजाक, स्व. सदानंद प्रसाद का भी उल्लेख पूरी श्रद्धा से करना चाहूँगा, जिन्होंने स्वतंत्रा आंदोलन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। बीते कई वर्ष गिरिडीह जिला के लिए उपलब्धियों का वर्ष रहा है। गिरिडीह जिला में सभी पर्व-त्यौहार एवं सामाजिक कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए हैं। निश्चय हीं स्वतंत्रता दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर हमें अपनी उपलब्धियों पर गौरवान्वित होना चाहिए। साथ हीं आज का दिवस, बेहतर कल के लिए चुनौतियों और समस्याओं का मंथन कर विविधता में एकता तथा प्रगति के नये आयाम स्थापित करने के लिए संकल्प लेने का भी दिन है। गिरिडीह जिला प्रशासन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।समाज के



सभी वर्गों को हर संभव आर्थिक सहायता, सबको शिक्षा प्रदान करना, युवाओं को रोजगार प्रदान करना, महिला सुरक्षा, कृषि कार्य एवं जिले का सर्वांगीण विकास करना हमारी सरकार का दायित्व है। हम सभी गरीबों और विकास से वंचित व्यक्तियों को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिये निरंतर प्रयासरत हैं हमारा प्रयास है कि झारखण्ड का हर नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़े और आगे बढ़े। पिछले वर्षों में जिलान्तर्गत हमने कई योजनाएँ क्रियान्वित की हैं, जैसे स्वास्थ्य के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में मुख्यमंत्री गम्भीर बीमारी योजना के तहत 116 मरीजों को 4.50 (चार करोड़ पचास लाख) रुपये की सहायता दी गई।23785 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण हुआ और 322 कुपोषित बच्चों का उपचार किया गया। मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया नियंत्रण में है।गिरिडीह सदर अस्पताल में डिजिटल एक्स रे, डायलिसिस यूनिट और आरटीपीसीआर जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। रक्त अधिकोष, सदर अस्पताल, गिरिडीह द्वारा माह जनवरी 2025 से जुलाई 2025 तक कुल-5934 यूनिट रक्त संग्रह कर लाभुकों को निःशुल्क प्रदान किया गया। जिले में उपलब्ध निधि से नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु गिरिडीह जिला के सरकारी अस्पातालों में 60 अद्द राडीएनत हीट वार्मर उपलब्ध कराया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में माध्यमिक परीक्षा 2025 में जिले के 93.39 प्रतिशत छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इंटरमीडिएट (कला) की परीक्षा में 94.57 प्रतिशत छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इंटरमीडिएट (विज्ञान) की परीक्षा में 83 प्रतिशत छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इंटरमीडिएट (वाणिज्य) की परीक्षा में 93.29 प्रतिशत छात्र /छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 1 से 10 में अध्ययनरत कुल 395565 छात्र/छात्राओं को पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध करायी गयी है। कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत कुल 38969 छात्र/छात्राओं को पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करायी गयी है। कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत 346725 बच्चों को स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया है। जिले में उपलब्ध निधि से भी 52 स्मार्ट क्लास, मिनी साइंस लैब, सटीम लैब, चाइल्ड फ्रेंडली एलिमेंट अधिष्ठापित किये गए तथा वाटर कूलर सह प्यूरीफायर, ग्रीन चॉक बोर्ड, बुक शेल्फ जैसे संसाधन विद्यालयों को उपलब्ध कराये गये सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में लगभग 345000 लाभुकों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से आच्छादित किया गया। राज्य की बहू-बेटियों को सम्मान पूर्वक जीने हेतु झारखण्ड मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत प्रति लाभुक 2500 रू0 की सम्मान राशि लगभग 460000 (चार लाख साठ हजार) लाभुकों को प्रदान की गई कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के गरीब गृहविहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने हेतु अबुआ आवास योजना प्रारंभ किया गया है, जिसमें तीन कमरे का पक्का मकान एवं रसोई घर हेतु 2,00,000/- रुपये का सहयोग राशि का प्रावधान किया गया है गिरिडीह जिला को वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत कुल 56,390 लक्ष्य के विरूद्ध 53,468 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 8,223 आवास पूर्ण कर लिया गया है। मनरेगा के अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 3,633 एकड़ में आम एवं मिश्रित फल बागवानी की योजना संचालित की जा रही है। बिरसा सिंचाई कूप सम्वर्द्धन मिशन के तहत कुल लक्ष्य 8386 के विरूद्ध 8128 कूप की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें से 7218 कूप में कार्य प्रारम्भकर 371 कूप को पूर्ण करा लिया गया है। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत प्राप्त कुल लक्ष्य 1197 योजनाओं को स्वीकृत कर 810 योजनाओं में कार्य प्रारम्भकिया गया, जिसमें से 504 योजनाओं को पूर्ण करा लिया गया है। 50.49 लाख मानव दिवस सृजन के साथ मनरेगा के तहत 142.70 करोड़ का व्यय किया गया है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत जिला के सभी प्रखण्डों में विभिन्न योजनाएं यथा बकरा विकारा योजना, सूकर पालन योजना, बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट पालन योजना, ब्रॉयलर कुक्कुट पालन योजना एवं बतख चूजा वितरण इत्यादि से ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लगभग 1,40,000 किसानों को लाभान्वित किया गया पेयजल और स्वच्छता के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में गिरिडीह जिले में ग्रामीणों को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 29 अदद बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं 10646 अद्द एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना कार्य कराया जा रहा है 72.75% घरों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा दी गई। 510 गाँवों को डऊफ्लस घोषित किया गया। महिला और समाज कल्याण के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में सवित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत लगभग 67000 बालिकाओं को आच्छादित किया गया।मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से वर्ष 2024-25 में 748 एवं वर्ष 2025 26 में अब तक 68 योग्य लाभुकों / कन्याओं को लाभन्वित किया गया।दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, ब्लाईड स्टीक एवं श्रवण यंत्र वितरित कराया जायेगा राज्य सरकार के विधवा पुनर्विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में डुमरी प्रखण्ड के किरण कुमारी, पिता- दयालचन्द महतो, ग्राम-लक्ष्मणटुण्डा, डुमरी, गिरिडीह को आच्छादित करते हुए इनके खाते में एक मुस्त 200000/- (दो लाख) रुपए हस्तांतरित किया गया। जिले में उपलब्ध निधि से छोटे बच्चों के पोषण और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए 130 आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टी.वी., 50 मॉडल आंगनबाडी केन्द्रों में नये तकनीकी का प्रयोग कर शिक्षा में सुधार हेतु डिजिटल मट एवं डिस्प्ले स्क्रीन का अधिष्ठापन कराया गया फूलो-झानों आशीर्वाद योजनान्तर्गत दारू-हँड़िया बनाने और बेचने वाले कुल 1686 दीदियों/महिलाओं का चयन जसलपीएस के माध्यम से करते हुए इन्हें एसएचजी से जोड़ा गया और वैकल्पिक रोजगार हेतु 10000 रुपये का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया 20660 सखी मंडल बनाकर 2.38 लाख महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया। हेचरी युनिट की स्थापना, सेनेटरी नैपकीन, डिटरजेंट सोप, वाशिंग पाउडर, हँडवॉश का निर्माण, बम्बू कॉफ्ट, टमाटर कैचअप, दाल मील, मशाला यूनिट एवं आचार निर्माण का कार्य सखी मंडल द्वारा किया जा रहा है जिले में उपलब्ध निधि से रोजगारोन्मुख गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों को लगभग 200 अद्द सिलाई मशीन उपलब्ध कराया गया है।एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक कल्याण के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को प्री-मैट्रीक एवं पोस्ट मैट्रीक छात्रवृति दी जा रही है अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र/छात्राओं के बीच साईकिल वितरण कराया जा रहा है। अनुसूचित जनजातियों के लिए मांझी हाउस का निर्माण कराया जा रहा है तथा इनके जाहेरथान घेराबंदी का कार्य भी कराया जा रहा है। साथ हीं अल्पसंख्यक समुदाय के कब्रिस्तान घेराबन्दी का कार्य भी लाभुक समिति के माध्यम से कराया जा रहा है। पर्यटन और खेलकूद के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में 42 धार्मिक / प्राकृतिक स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित किया गया है। उसरी वाटरफॉल को ईको-पर्यटन स्थल बनाने का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। खण्डोली डैम का भी आवश्यक पर्यटकीय विकास कार्य हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है 11 करोड़ की लागत से नए आउटडोर एवं इण्डोर स्टेडियम बनाया जा रहा है। कुल 178 ग्रामों में सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा चुका है, जिनमें से 72 युवा खेल क्लब सोसाईटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत निबंधित है तथा कुल 23 क्लबों के बैंक खाते में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु 25000 रू0 की निधि उपलब्ध कराई गई है खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में गिरिडीह जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में कुल 461325 लाभुकों को अंत्योदय कार्ड (पीला कार्ड), पीएचएच कार्ड (गुलाबी कार्ड) एवं हरा कार्ड से आच्छादित किया गया है। पी.बी.टी.जी. डाकिया योजना अन्तर्गत बगोदर एवं सरिया प्रखण्ड में आदिम जनजाति लाभुक के पारिवारों को निर्गत अन्तयोदय कार्ड के तहत 35 किलोग्राम चावल /गेहूँ पैकेट कर उनके घर तक निःशुल्क पहुँचाया जा रहा है सभी प्रखंडो सहित जिला मुख्यालय में कुल 17 मुख्यमंत्री दाल-भात संचालित हैं, जिनमें एक समय का भोजन 05/ (पाँच) रू0 की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।सोना-सोबरन, धोती, साडी एवं लुंगी योजना के सभी प्रखंडों को प्रति परिवार 01 साडी तथा 01 धोती / लुंगी का 10 रुपए की दर से 462,294 लाभुकों के बीच वितरण किया जा रहा है।हमारी सरकार का लक्ष्य झारखण्ड को प्रगति के हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। हमारा प्रयास होगा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाएँ समाज के हर वर्ग तक पहुँचे। रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो तथा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जाय।आपके सहयोग की ताकत से निश्चित हीं हमारे प्रयास सफलीभूत होंगे। आइए हम सब एकजुट होकर संकल्प लें कि झारखंड को विकास और खुशहाली की नई उंचाइयों पर पहुँचाने का कार्य मिलकर करेंगे इसके अलावा माननीय मंत्री, श्री सुदिव्य कुमार ने झारखंड राज्य के आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विधि व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, जनता दरबार आदि कार्यो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह के भव्य प्रांगण में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े गर्व, उत्साह और सादगी से मनाया गया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह के भव्य प्रांगण में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े गर्व,उत्साह और सादगी से मनाया गया। मुख्य अतिथि सीसीएल गिरिडीह के महाप्रबंधक गिरीश कुमार राठौड़,विशिष्ट अतिथि सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी श्री जीएस मीणा थे। सभी अतिथियों का स्वागत रोली टीका लगाकर एवं पुष्प गुच्छ प्रदान करके किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों ने सर्वप्रथम कारगिल शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन किया और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें पुष्प और रिथ अर्पित किया। इस मौके पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट ने सभी को सलामी दी। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सह विद्यालय के एलएमसी अध्यक्ष श्री गिरीश कुमार राठौड़ ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मंच पर प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल, सीसीएल के परियोजना पदाधिकारी श्री जीएस मीणा, सीसीएल के कई पदाधिकारी, सुपरवाइजर हेड शबाना रब्बानी एवं विश्वनाथ घोषाल एवं कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।राष्ट्रगान के साथ झंडोत्तोलन का कार्य संपन्न हुआ। झंडोत्तोलन के पश्चात विद्यालय के एनसीसी के कैडेट्स, हेड बॉय,हेड गर्ल एवं चारों हाउस के बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज सहित सभी अतिथियों को गॉड ऑफ ऑनर दिया।विद्यालय के एनसीसी कैडेट, हाउस के बच्चों एवं बैंड के बच्चों ने अपने परेड एवं धुन से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रीय भाव से ओतप्रोत एक समूह गान प्रस्तुत किया। जिसने वहां उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत गर्म जोशी से किया और कहा की अपना बहुबूल्य समय विद्यालय के लिए निकाले इसके लिए विद्यालय प्रबंधन उनको कोटि-कोटि नमन करता है। प्राचार्य ने विद्यालय के सभी सदस्यों का भी धन्यवाद किया जिन्होंने 79वां स्वतंत्रता दिवस को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय तीन धुरी पर चलता है अभिभावक,बच्चों और शिक्षक। इसलिए एक अच्छे विद्यालय के लिए तीनों का योगदान होना आवश्यक है।प्राचार्य ने सीसीएल प्रबंधन के भी योगदान के लिए उनका आभार प्रकट किया। प्राचार्य ने दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन को भी याद करते हुए कहा कि झारखंड की परिकल्पना बिना शिबू सोरेन के संभव ही नहीं था।आज पूरा झारखंड उनकी मृत्यु से मर्माहत है। सीसीएल गिरिडीह के महाप्रबंधक सह विद्यालय के एलएमसी अध्यक्ष श्री गिरीश कुमार राठौड़ ने अपने वक्तव्य जौहर से आरंभ किया।अपने बचपन के यादों का जिक्र किया। साथ ही साथ उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य की कर्मठता और जीवटता पर भी कहा कि अपनी जिद्द के कारण उन्होंने विद्यालय के लिए कई सकारात्मक कार्य किया है। महाप्रबंधक ने यह भी आश्वासन दिया कि इस वर्ष विद्यालय को सीसीएल गिरिडीह की ओर से छह कमरों का भवन बनाकर निश्चित ही दिया जाएगा और आगे भी सीसीएल अपने सामाजिक दायित्वों को निभाता रहेगा।उन्होंने पूरे विद्यालय प्रबंधन को भी धन्यवाद दिया कि कोई विशेष कार्यक्रम ना होते हुए भी पूरे कार्यक्रम को बड़े सादगी से मनाने और संपन्न कराने में अपना योगदान दिया। उन्होंने अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया और कहा कि विद्यालय के संचालन में उनके योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। झारखंड प्रक्षेत्र 'एच' के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रवीर हाजरा ने 79वां स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालय प्रबंधन सहित सभी को बधाई दी और कहा कि विद्यालय आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा।इस अवसर पर सीसीएल की कई महिला अधिकारी, महाप्रबंधक की पत्नी सहित उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन सुपरवाइजरी हेड शबाना रब्बानी ने दिया। विद्यालय में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े सादगी और राष्ट्रभक्ति के साथ राष्ट्रगान गाकर संपन्न हुआ।



## संक्षिप्त समाचार

### कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज एवं विद्यापति इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**समस्तीपुर/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज तथा विद्यापति इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। संस्थान के चेयरमैन श्री एस. के. मंडल ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि यह दिवस देश के प्रति कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लेने का अवसर है। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान की प्रेरणा दी। छात्रों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर समा बांधा। अंत में सभी ने एक सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

### लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**समस्तीपुर/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिसर में तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान गूंज उठा। संस्थान की चेयरपर्सन मोनी रानी ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को स्वतंत्रता के महत्व, जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नारे और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को याद करते हुए छात्रों ने मातृभूमि की सेवा और समाज की उन्नति के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने भी छात्रों को देश की प्रगति में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन 'जय हिंद' और 'वंदे मातरम' के नारों के साथ हुआ।

### रेड क्रॉस भवन में चेयरमेन ने किया ध्वजारोहण



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेड क्रॉस भवन में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। यहां ध्वजारोहण सोसायटी चेयरमेन अरविन्द कुमार के हाथों किया गया। इस दौरान सम्मानित सदस्यों व गणमान्य अतिथियों की ऐतिहासिक उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। ध्वजारोहण के बाद बच्चों के बीच मिठाई व चॉकलेट आदि का वितरण किया गया जिससे नन्हे मुन्ने बच्चों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। मौके पर सचिव विवेश जालान, उप चेयरमैन चरणजीत सिंह सलूजा, सह सचिव डॉ निकिता गुप्ता, मदनलाल विश्वकर्मा, डॉ विनय गुप्ता, देवेंद्र सिंह, मनोज अग्रवाल, संजीव कपिसवे, मनीष गुप्ता, राजीव सिन्हा समेत कई सदस्य मौजूद थे।

### 78वीं वर्षगांठ पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे ध्वजारोहण



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वाधीनता की 78वीं वर्षगांठ पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष डॉ सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पूर्व भारतमाता पूजन भाव नृत्य के साथ संपन्न हुआ।आगंतुक अतिथियों का स्वागत परंपरागत घोष वादन से किया गया एवं उनका परिचय प्रधानाचार्य आनंद कमल ने किया।इस अवसर पर बच्चों द्वारा कई भाव नृत्य,ऑपरेशन सिन्दूर,हिंदी,संस्कृत एवं अंग्रेजी में संभाषण हुआ।कार्यक्रम मैं उपस्थित दर्शकों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**कोलकाता/एजेंसियां।** दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, श्री अनिल कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और रेलवे सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड तथा भारत स्काउट्स और गाइड्स की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक ने सभी को शुभकामनाएं दीं। दक्षिण पूर्व रेलवे की हालिया उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे, जिसे ह्वल्लू चिप रेलवेह्व के नाम से जाना जाता है, भारतीय रेलवे के शीर्ष तीन माल लदान जोन में शामिल है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दक्षिण पूर्व रेलवे ने 212.37 मिलियन टन माल लदान कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने यह भी बताया कि परिचालन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले वित्तीय वर्ष से लेकर जुलाई 2025 तक 136 किलोमीटर डबलिंग/तीसरी लाइन का कार्य पूरा किया गया है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में, पिछले वित्तीय वर्ष से जुलाई 2025 तक 49 फुट ओवरब्रिज, 22 लिफ्ट और 13 एस्केलेटर विभिन्न स्टेशनों पर चालू किए गए हैं। इसके अलावा, 42 प्लेटफॉर्म की ऊँचाई बढ़ाई गई है, 33 प्लेटफॉर्म की लंबाई में वृद्धि की गई है और 69 स्टेशनों पर कुल 183 प्लेटफॉर्म शेड्स लगाए गए हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने हेतु 487 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसी उद्देश्य से पिछले वित्तीय वर्ष से जुलाई 2025 तक 8 रोड ओवर ब्रिज और 38 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। साथ ही, 45 लेवल क्रॉसिंग को समाप्त किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष से जुलाई 2025 तक 6 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के 72 स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है, जिनमें से 2 स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना के अंतर्गत 132 स्टॉल और 50 ट्रॉली विभिन्न स्टेशनों पर चालू की गई हैं। रेलवे सुरक्षा बल के विशेष प्रयासों का उल्लेख करते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि "ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते" अभियान सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। "ऑपरेशन जीवन रक्षा" के अंतर्गत दक्षिण पूर्व रेलवे के आरपीएफ कर्मियों ने 49 महिला और पुरुष यात्रियों के प्राण बचाए, जिसमें उन्होंने अपने जीवन को भी जोखिम में डाला। उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे ने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिनों का गहन अभियान चलाया, जिसके तहत 190 निक्षय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में "हर घर तिरंगा" अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से राष्ट्र के विकास में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर देशभक्ति विषय पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम तथा भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वतंत्रता दिवस का उत्सव खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर एवं रांची मंडलों में भी मनाया गया।





## खेमनीचक में स्थित हिमालया इंस्टियूट ऑफ हायर एडूकेशन में का '79वां स्वतंत्रता दिवस' बड़ी धूम-धाम से मना



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश आज 15 अगस्त 2025 को 79वें स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, और इस साल का थीम 'नया भारत' है, जो सरकार के विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में हो रही प्रगति को दर्शाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्या उषा कुमारी (नर्सिंग), प्राचार्य डॉ. सचिन्द्र नारायण पाण्डेय (पारामेडिकल), उपप्राचार्या/ शैक्षणिक कर्मचारी एलीना चौधरी एवं अन्य शिक्षकगण डॉ. आदित्य शर्मा, प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार, संदीप क्रांति, अभिषेक कुमार, जूली कुमारी, सुष्मिता कुमारी, तनीषा कुमारी, अभिषेक आनंद, पीयूष राज, डॉ. विशाल, सोनाली शर्मा, कार्यालय अधिकारी के रूप में श्वेता सिन्हा, लफ निशा कुमारी, आरती कुमारी, सुरत कुमारी, नीतम कुमारी, कन्या कुमारी, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, माधवेन्द्र पाण्डे, कुलदीप कुमार, अमित राज एवं कॉलेज के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत राष्ट्रिय ध्वज को फहराकर, राष्ट्रगान के साथ हमारे स्वतंत्रता सेनानी को याद किया गया। हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, भगत सिंह, मंगल पाण्डेय, सुभाष चन्द्र बोस, पंडित जवाहर लाल नेहरु, डॉ. भीम राव अंबेडकर जैसे महान नायकों को याद किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर सभी छात्र-छात्राओं ने भी बड़ी उत्साह के साथ भाग लिया और नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। यह आयोजन शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा प्रशंसनीय रहा और संस्थान द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

## पटना स्कूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्कूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भट्टाचार्या रोड स्थित बंसल टावर में किया गया। शिविर का उदघाटन नन्द किशोर यादव, अध्यक्ष, बिहार विधानसभा ने किया। उद्घाटन करते हुए नंदकिशोर यादव ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जो न केवल दूसरों की मदद करता है, बल्कि आपके अपने स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। रक्तदान से हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है, नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, और शरीर में आयरन का स्तर संतुलित रहता है. इसके अतिरिक्त, रक्तदान से कैलोरी बर्न होती है और एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच भी हो जाती है। रक्तदान शिविर संयोजक हनुमान गोयल ने बताया कि किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता कोई बीमारी या दुर्घटना के कारण होती है। इसकी कमी से व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है। रक्तदान शिविर का आयोजन माँ ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। इस मौके पर माँ ब्लड सेंटर के मुकेश हिसारिया ने बताया कि रक्त की पूर्ति सिर्फ रक्त दान से ही होती है। रक्तदान जीवनदान होता है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचती है। हिसारिया ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नही बन सकती है, इसकी पूर्ति सिर्फ रक्तदान से हीं होती है। मौके पर पटना स्कूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन स्वतंत्रता दिवस पर किया जाता रहा है। श्रीवास्तव ने बताया कि इस शिविर में रक्तदान करने हेतु कुल 160 व्यक्ति उपस्थित हुए जिसमे 128 लोगों ने रक्तदान किया। सभी संग्रहित रक्त माँ ब्लड सेंटर को दिया गया। माँ ब्लड सेंटर द्वारा थैलिसीमिया पीड़ित बच्चों एवं गरीबों को निःशुल्क रक्त दिया जाता। एम पी जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर को सफल बनाने में हनुमान गोयल , अब्बास ठेकेवाला, उमेश कुमार, राजेश श्रीवास्तव , अशोक कुमार गुप्ता, रमेश मोदी जी, बाबू जनजीवन सिंह जी, मनीष बनेटिया , कालीजी, सुशील सुंदरका जूजर जड़ीवाला एवं अन्य सदस्यगण लगे हुए थे।




## अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पटना में अजादी का जश्न मना

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 79वाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन द्वारा अपने शैक्षणिक संस्थान "अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन" छितनावा, दानापुर पटना के परिसर में झण्डोतोलन का आयोजन किया गया। अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के चेयरमैन डॉ० कौशल कुमार के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उक्त अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा परेड मार्च निकाला गया जिसका नेतृत्व मनीकांत कुमार ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थान की छात्रा सुचिता, मौसमी एवं शालिनी द्वारा स्वागतम्-गीत तथा ज्योति एंड ग्रुप द्वारा स्वागतम्-नृत्य प्रस्तुत किया गया। संस्थान की छात्रा रितु, रितेश, प्रिया, निशा, श्वेता द्वारा नशा मुक्ति पर एक प्रेरनादायक नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें नशे के दुष्परिणामों को दशार्या गया और इसे होने वाले समाजिक और परिवारिक नुकशान को दिखाया गया। उक्त अवसर पर संस्थान में अध्ययनरत विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रुप नृत्य, सोलो सॉन्ग, ड्युट डांस, पोइट्री, एक्ट एवं मिक्स सॉन्ग प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के चेयरमैन डा० कौशल कुमार ने कहा कि हमारे आत्म विश्वास एवं भविष्य के सुनहरे सपने को साकार करने की आज हमे पूर्ण आजादी है। महान देशभक्तों एवं विभूतियों के त्याग व बलिदान से प्राप्त की गई स्वतंत्रता का यह पर्व हम सभी को नई शक्ति, नव उल्लास और नई प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के निदेशक शैक्षणिक, डॉ० मो० अब्दुल्ला, सहायक निदेशक अवधेश दास उपस्थित रहे। मंच का संचालन संस्थान के छात्रा तब्बु एवं गुजन ने किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ आशिष, डॉ शयंतन दास, भावना ठाकुर, गीता साहु, अभिषेक सिंह एवं शिक्षकगण प्रीतम, अनिता सोनी, हसीब रज्जा, अभिषेक सुमन, के साथ ही संस्थान के पदाधिकारी, कर्मचारियों के साथ सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति एवं हजारो विद्यार्थी एवं अन्य संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहें। कार्यक्रम का समापन लक्ष्मी बरासकर द्वारा "वोट ऑफ थैंक्स" से सम्पन्न किया गया।





# दिल्ली की खाक छानकर लौट आए अपने शहर

## पत्नी के साथ इस काम की डाली नींव, अब करोड़ों का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नितिन और जिया पमनानी ने अपनी मेहनत और सूझबूझ से सफल ऑनलाइन कारोबार खड़ा किया है। लंबे समय तक दिल्ली में खाक छानने के बाद पति-पत्नी ने बड़ा फैसला लिया। दिल्ली की चमक-धमक छोड़कर दोनों 2011 में वापस अपने शहर ग्वालियर लौट आए। उन्होंने लौटकर हस्तशिल्प वस्तुएं बेचने के लिए एक ऑनलाइन स्टोर शुरू करने का फैसला किया। 2012 में कपल ने आईटोकरी की शुरुआत की। नितिन के पिता की राइस मिल के एक हिस्से से सिर्फ चार लोगों के साथ इसे शुरू किया गया था। यह मिल पुराने ग्वालियर के हैदरगंज इलाके में स्थित है। आज प्लेटफॉर्म देशभर के लगभग 10,000 कारीगरों के साथ काम करता है। इसका करोड़ों का टर्नओवर है। आइए, यहां नितिन और जिया पमनानी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**वापस लौटने का ये था कारण-** नितिन पमनानी पहले डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर थे। साल 2011 में अपनी पत्नी जिया के साथ दिल्ली की चकाचौंध छोड़कर वह अपने गृहनगर ग्वालियर लौट आए। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और माता-पिता के पास



रहने की इच्छा ने उन्हें यह फैसला लेने के लिए प्रेरित किया। ग्वालियर लौटने के बाद इस युवा कपल ने मिलकर अनोखा बिजनेस शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने देखा कि भारत के ग्रामीण कारीगरों के पास अपने हुनर को दिखाने के लिए सही मंच नहीं है। इसी सोच के साथ उन्होंने 2012 में द्वअश्ध्मह्द नाम का ऑनलाइन स्टोर शुरू किया। इसका मकसद इन कारीगरों के उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना था। शुरुआत में यह बिजनेस बहुत छोटा था। इसे नितिन के पिता की चावल मिल के एक हिस्से से 20 लाख रुपये के निवेश से शुरू किया गया था।

**लोगों ने उड़ाया मजाक-** नितिन और जिया को शुरुआत में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उनके इस विचार का कई लोगों ने मजाक उड़ाया। यहां तक कि नितिन के पिता को भी इस पर शक था। दरअसल, ग्वालियर में उस समय ई-कॉमर्स का कोई खास इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं था। इसके चलते सामान भेजना एक बड़ी समस्या थी।

### बिजनेस मॉडल काफी अलग

द्वअश्ध्मह्द का बिजनेस मॉडल काफी अलग और ग्राहक-केंद्रित है। नितिन और जिया उन सभी उत्पादों को पहले ही खरीद लेते हैं, जो उनकी वेबसाइट पर लिस्ट किए जाते हैं। इससे जैसे ही कोई ग्राहक ऑर्डर करता है, उत्पाद तुरंत भेज दिया जाता है। इससे डिलीवरी में देरी नहीं होती। यह मॉडल दूसरे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से अलग है, जहां ऑर्डर मिलने के बाद ही सामान लिया जाता है। द्वअश्ध्मह्द ने कारीगरों को केवल पैसे कमाने का मौका नहीं दिया, बल्कि उन्हें सम्मान और पहचान भी दिलाई। कंपनी ने उन्हें बिजनेस से जुड़ी कई चीजें भी सिखाई हैं, जैसे जीएसटी रिटर्न भरना और इनवॉइस बनाना। इससे कारीगर अब छोटे व्यवसायी बन रहे हैं।

### अब करोड़ों का साम्राज्य

आज द्वअश्ध्मह्द ने छोटी शुरुआत से बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। यह प्लेटफॉर्म देशभर के लगभग 500 कारीगर समूहों से जुड़े 10,000 कारीगरों के साथ काम कर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का टर्नओवर 27 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। द्वअश्ध्मह्द विभिन्न राज्यों की खास कलाओं जैसे गुजरात की अजरख, आंध्र प्रदेश की कलमकारी, मध्य प्रदेश की बाग प्रिंट और पंजाब की फुलकारी को एक मंच पर लाता है। नितिन के लिए फिल्म बनाने से ज्यादा संतोष कारीगरों को बेहतर जीवन देने में मिलता है। द्वअश्ध्मह्द के जरिए बिचौलियों को हटा दिया गया है। इससे कारीगरों की कमाई दोगुनी या तिगुनी हो गई है।

# 12 पैसे से 5 साल में 43 रुपये के पार पहुंच गया यह शेयर

## निवेशक हुए मालामाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेनी स्टॉक हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स ने अपने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के शेयर पांच साल में 12 पैसे से बढ़कर 43 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयर इस अवधि में 36000 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 63.90 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 32 रुपये है। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स अपने शेयर का



बंटवारा (स्टॉक स्प्लिट) भी कर चुकी है।

**1 लाख रुपये के बना दिए 3.5 करोड़ रुपये से ज्यादा-** हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के शेयर 14 अगस्त 2020 को 12 पैसे पर थे। कंपनी के शेयर 14 अगस्त 2025 को क्रस्थ में 43.62 रुपये पर बंद हुए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 14 अगस्त 2020 को हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की वैल्यू 3.63 करोड़ रुपये होती। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 18.05 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 81.95 पर्सेंट है।

# भारत में पहली बार 4जी सेवा शुरूकरने वाले अभिजीत किशोर पर वोडाफोन आइडिया ने खेला है दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार क्षेत्र की कंपनी वोडाफोन आइडिया का नाम तो जानते ही होंगे। इस कंपनी के शीर्ष प्रबंधन में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। कंपनी ने अपने नए सीईओ के नाम की घोषणा कर दी है। इस समय कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर पद की जिम्मेदारी संभालने वाले अभिजीत किशोर, नए सीईओ होंगे। वह अक्षय मूंदड़ा का स्थान लेंगे।



### कब से प्रभावी होगा कार्यकाल

वोडाफोन आइडिया ने शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में इस डेवलपमेंट की जानकारी दी है। सूचना में बताया गया है कि अभिजीत किशोर, अक्षय मूंदड़ा की जगह लेंगे। उल्लेखनीय है कि अक्षय मूंदड़ा का कार्यकाल इसी महीने खत्म हो रहा है। मूंदड़ा को 19 अगस्त 2022 को तीन साल के लिए सीईओ बनाया गया था। उनका कार्यकाल 18 अगस्त 2025 को खत्म हो रहा है। मतलब कि 19 अगस्त से अभिजीत किशोर कंपनी के सीईओ बन जाएंगे।

### क्या बताया कंपनी ने

एक्सचेंज की फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि यह फैसला 14 अगस्त को हुई बोर्ड मीटिंग में लिया गया। फाइलिंग में यह भी कहा गया है कि कंपनी की नॉमिनेशन और रेमुनरेशन कमेटी ने किशोर के नाम की सिफारिश की थी। कंपनी के अनुसार, 卐अक्षय मूंदड़ा का तीन साल का कार्यकाल 18 अगस्त 2025 को खत्म हो रहा है, इसलिए यह नियुक्ति जरूरी थी।卐 अभिजीत किशोर को तीन साल के लिए सीईओ बनाया गया है। वे 19 अगस्त 2025 से अपना पद संभालेंगे।

# डॉलर और सोने में हुई बढ़ोतरी तो 4.74 अरब डॉलर बढ़ गया अपना विदेशी मुद्रा भंडार

**मुंबई, एजेंसी।** जिस दिन पूरा देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, उसी दिन विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर अच्छी खबर मिली। बीते आठ अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 4.74 अरब डॉलर से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इस सप्ताह एफसीए और सोने के भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। बीते एक अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 9.3 बिलियन की भारी कमी हुई थी।

### कहां पहुंच गया भंडार

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 8 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 4.747 बिलियन की बढ़ोतरी हुई। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 9.322 बिलियन की कमी हुई थी। अब अपना भंडार बढ़ कर 693.618 बिलियन का हो



गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन के रेकार्ड उच्चतम स्तर पर था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में बढ़ोतरी हुई है। आठ अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने एफसीएएस में 2.372 बिलियन की बढ़ोतरी हुई। इससे पहले इसमें 7.319 बिलियन की कमी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर 583.979 बिलियन का हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा

बीते सप्ताह अपने गोल्ड रिजर्व या स्वर्ण भंडार में भी बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक बीते आठ अगस्त को अपने सोने के भंडार में 2.162 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 1.706 बिलियन की कमी हुई थी। इसी के साथ अब अपना सोने का भंडार बढ़ कर स्ष्ठ86.160 बिलियन का हो गया है।

### एसडीआर में भी बढ़ोतरी

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार (स्ष्ठक्र) में भी बढ़ोतरी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 169 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर 18.741 बिलियन डॉलर का हो गया है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 237 मिलियन डॉलर की कमी हुई थी। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी 45 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर 4.739 बिलियन का हो गया है।

# क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड से भारत में विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने की उम्मीद

## बीओबी के अर्थशास्त्री का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसएंडपी द्वारा हाल ही में क्रेडिट रेंटिंग अपग्रेड किए जाने के बाद भारत में विदेशी पूंजी प्रवाह में तेजी आने की संभावना है। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने यह दावा किया है। उन्होंने कहा कि इससे देश के लिए उधार लेने की लागत में भी कमी आने की उम्मीद है। बधान ने कहा कि इस अपग्रेड से भारत की 'मजबूत बुनियाद' और 'विकास गति' पर भरोसा बढ़ा है। इससे विदेशी पूंजी निवेश पर अल्पकाल और दीर्घकाल दोनों में सकारात्मक असर पड़ेगा।



इस वर्ष एफपीआई निवेश में वृद्धि और बॉन्ड यील्ड में गिरावट की संभावना है। उन्होंने कहा कि सरकार और कॉरपोरेट दोनों के लिए उधार लेने की लागत कम होगी।

**आरबीआई के आंकड़े-** वित्त वर्ष 2024-25 (जुलाई-सितंबर 2024) की दूसरी तिमाही के लिए आरबीआई के वार्षिक वित्तीय खाता डेटा से संकेत मिलता है कि शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में 2.2 अरब डॉलर की बिकवाली दर्ज हुई। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में इसी तिमाही के दौरान 0.8 अरब डॉलर की बिकवाली दर्ज हुई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में 81.04 अरब डॉलर का अनंतिम एफडीआई प्रवाह दर्ज किया। यह वित्त वर्ष 2023-24 के 71.28 अरब डॉलर से 14 प्रतिशत अधिक है।

# गुजरात की कंपनी को ओएनजीसी ने दिया बड़ा ऑर्डर, 10 रुपये के स्तर पर है शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी-आकाश एक्सप्लोरेशन सर्विसेज लिमिटेड के शेयर पेनी कैटेगरी के हैं। इस शेयर की कीमत 10 रुपये के स्तर पर है। हालांकि, कंपनी को अकसर बड़ी कंपनियों से ऑर्डर मिलते रहते हैं। इसी कड़ी में अब ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड यानी ओएनजीसी से बड़ा ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर 50 करोड़ का है। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक ऑर्डर अहमदाबाद एसेट के लिए 50 मीट्रिक टन वर्कओवर रिग की सेवाएं किराए पर लेने के लिए है। इस ऑर्डर की अवधि 5 साल के लिए है। मतलब ये हुआ कि प्रति वर्ष 10 करोड़ रुपये का ऑर्डर है। इससे पहले, कंपनी को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एक घरेलू इकाई, ऑयल इंडिया लिमिटेड से एक लेटर ऑफ अवार्ड प्राप्त हुआ था। लगभग 33.70 करोड़ रुपये मूल्य के इस दो-वर्षीय सर्विस कॉन्ट्रैक्ट में सहायक उपकरणों सहित एक हाई प्रेशर मोबाइल बॉयलर प्रोवाइड करना शामिल है।

**शेयर की कीमत-** आकाश एक्सप्लोरेशन सर्विसेज लिमिटेड के शेयर की बात करें तो एनएसई पर 10.37 रुपये के स्तर पर है। जून 2025 में शेयर 13.79 रुपये के उच्चतम स्तर तक गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। वहीं, 3 जून को शेयर 7.06 रुपये पर आ गया।

# 1695 प्रतिशत की तूफानी तेजी

## 118 रुपये से 2100 के पार पहुंचे सोलर कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर पावर बिजनेस से जुड़ी कंपनी ओरियाना पावर दो साल पहले ही शेयर बाजार में उतरी है। सोलर कंपनी ने दो साल में ही अपने शेयरधारकों को मल्टीबैगर रिटर्न दे दिया है। कंपनी के शेयर दो साल में 1695 पर्सेंट से अधिक



चढ़ गए हैं। आईपीओ में ओरियाना पावर के शेयर का दाम 118 रुपये था। कंपनी के शेयर 14 अगस्त 2025 को 2125 रुपये पर बंद हुए हैं। ओरियाना पावर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2797 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1000 रुपये है।

**सोलर कंपनी के आईपीओ पर लगा था 176 गुना से ज्यादा दांव-** ओरियाना पावर का आईपीओ 1 अगस्त 2023 को खुला था और यह 3 अगस्त 2023 तक ओपन रहा। आईपीओ में ओरियाना पावर के शेयर का दाम 118 रुपये था। कंपनी का आईपीओ टोटल 176.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 204.04 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, गैर संस्थागत निवेशक (नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 251.74 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। ओरियाना पावर लिमिटेड के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 72.16 गुना दांव लगा।

**पहले ही दिन निवेशकों को हुआ 168 प्रतिशत का फायदा-** ओरियाना पावर लिमिटेड के शेयरों ने पहले ही दिन निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्स्ब्ल्र प्लेटफॉर्म पर 302 रुपये पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग वाले दिन ही कंपनी के शेयर उछाल के साथ 317.10 रुपये पर बंद हुए। यानी, 118 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले ओरियाना पावर के शेयर पहले ही दिन 168.73 प्रतिशत चढ़ गए। ओरियाना पावर के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स सिर्फ 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1200 शेयर थे।

# जुलाई में यात्री वाहन बिक्री में हल्की गिरावट, लेकिन दोपहिया और निर्यात ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर मांग से देशभर यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई, 2025 में सालाना आधार पर मामूली घटकर 3,40,772 इकाई रह गई। एक साल पहले की समान अवधि में कुल 3,41,510 यात्री वाहन बिके थे। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री एक साल पहले की तुलना में 9 फीसदी बढ़कर 15,67,267 इकाईपहुंच गई। जुलाई, 2024 में कुल 14,41,694



दोपहिया वाहन बिके थे। इस दौरान 6,43,169 स्कूटर बिके, जो सालाना आधार पर 16 फीसदी की वृद्धि है। मोटरसाइकिल की बिक्री पांच फीसदी बढ़कर 8,90,107 इकाई पहुंच गई। बीते महीने 69,403 तिपहिया वाहन बिके।यह आंकड़ा जुलाई, 2024 में बिके 59,073 तिपहिया वाहनों की तुलना में 17.5 फीसदी अधिक है।

### कार निर्यात 8 फीसदी बढ़ा

बीते महीने देश से कारों का निर्यात 9 फीसदी बढ़कर 36,184 इकाईपहुंच गया।यूटिलिटी वाहनों के निर्यात में 9.1 फीसदी और वैन में 15.5 फीसदी की तेजी रही। देश से दोपहिया वाहनों का निर्यात 33.5 प्रतिशत बढ़कर 4,33,873 इकाईपहुंच गया।तिपहिया वाहन निर्यात में 47 फीसदी की वृद्धि रही।

# अमेरिकी ब्रांड का भारत में बॉयकॉट कितना असंभव?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, काफी भारतीय गुस्से में हैं। सोशल मीडिया पर ट्रेंड भी चल गया है कि भारतीयों को अमेरिकी ब्रांड का बॉयकॉट करना चाहिए। इनमें मैकडॉनल्ड्स, कोका-कोला, अमेज़न, एप्पल, स्टारबक्स आदि शामिल हैं। अमेरिकी ब्रांड आज भारत के लगभग हर घर में एंट्री मार चुके हैं। स्थिति यह है कि आज इनके बिना लाइफ में कल्पना करना भी संभव नहीं है। वहीं इन ब्रांड का भारत में कारोबार खूब फैल रहा है।

### घर-घर में अमेरिकी ब्रांड

बात जब अमेरिकी ब्रांड की आती है तो हम टेक्नोलॉजी से मुंह नहीं मोड़ सकते। स्मार्टफोन से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग हो या फिर खाने-पीने के बड़े ब्रांड, लगभग सभी आज जरूरी चीजें बन गए हैं।





1. **सोशल मीडिया-** सोशल मीडिया से जुड़े प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हॉट्सऐप आदि आज बेहद जरूरी हो गए हैं। वहीं चैटजीपीटी, लिंक्डइन, एमएस ऑफिस आदि के बिना आज ऑफिस के काम से जुड़ी लगभग सारी चीजें अधूरी लगती हैं। ये सारे अमेरिकी ब्रांड हैं। सोचिए, क्या आज हम लोग व्हॉट्सऐप के बिना रह सकते हैं? क्या इंस्टाग्राम और फेसबुक के बिना सोशल मीडिया की लाइफ पूरी होगी? शायद नहीं, क्योंकि अब ये हमारी जरूरत बन गए हैं। ये सब मार्क जकरबर्ग की कंपनी मेटा के ब्रांड हैं।
2. **ऑनलाइन शॉपिंग-** ऑनलाइन शॉपिंग के मामले में भी अमेरिकी ब्रांड अमेजन और फ्लिपकार्ट सबसे आगे हैं। आप सोचेंगे कि फ्लिपकार्ट तो भारतीय कंपनी है। हां है, लेकिन आज इसकी मालिक अमेरिकी कंपनी वॉलमार्ट है। फ्लिपकार्ट में वॉलमार्ट की हिस्सेदारी करीब 78 फीसदी है। अगर भारत में ईकॉमर्स कंपनियों की हिस्सेदारी की बात करें तो सबसे आगे फ्लिपकार्ट है। इसकी हिस्सेदारी करीब 48 फीसदी है। दूसरे नंबर पर अमेजन है।
3. **आईफोन-** भारत में आज आईफोन रखना आम बात हो गई है। चूंकि आईफोन का प्रोडक्शन भारत में भी होने लगा है। ऐसे में आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल के लिए भारत एक महत्वपूर्ण देश हो गया है। भारत में आईफोन यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। माना जा रहा है कि साल 2025 के आखिर तक देश में आईफोन यूजर्स की संख्या करीब 1.50 करोड़ हो जाएगी।
4. **खाने-पीने की चीजें-** खाने-पीने की चीजों में भी अमेरिकी ब्रांड्स को नहीं छोड़ा जा सकता। बात चाहे मैकडॉनल्ड्स, केएफसी, पिज्जा हट, डोमिनोज की हो या स्टारबक्स या पेप्सी या कोका-कोला की। ये अमेरिकी ब्रांड आज घर-घर में पहुंच चुके हैं। फास्ट-फूड के मामले में अमेरिकी ब्रांड भारत में छाए हुए हैं। वहीं बेवरेजेस (पेय पदार्थ) में भी अमेरिकी ब्रांड काफी आगे हैं। कोल्ड ड्रिंक्स में तो आज भी अमेरिकी ब्रांड भी लोगों की पहली पसंद आते हैं।

### मिलेनियल्स और त्र्द्गह्ल सबसे आगे

विदेशी ब्रांड, खासतौर से अमेरिकी, को देश में आगे बढ़ाने के लिए मिलेनियल्स और त्र्द्गह्ल त्र पीढ़ी के युवा काफी आगे हैं। साल 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों को त्र्द्गह्ल कहा जाता है। वहीं साल 1981 से 1996 के बीच पैदा हुए लोगों को मिलेनियल्स कहा जाता है। स्टारबक्स के कैफे से लेकर मैकडॉनल्ड्स तक में आपको मिलेनियल्स और जेनजी युवाओं की संख्या काफी ज्यादा मिलेगी। वहीं फैशन में भी ये ही पीढ़ी काफी आगे हैं। इस पीढ़ी के युवा ब्रांड पर पैसा खर्च करने में कतराते नहीं हैं। आईफोन भी इन दोनों पीढ़ी के युवाओं पर ज्यादा मिलेंगे।

### कैसा है अमेरिकी कंपनियों का भारत में कारोबार?

अमेरिकी टैरिफ के बाद भी भारत में काम कर रहीं अमेरिकी कंपनियों पर कोई असर नहीं पड़ा है। बल्कि ये कंपनियों भारत में लगातार निवेश कर रही हैं और अपना कारोबार बढ़ा रही हैं। कुछ कंपनियों का भारत में कारोबार इस प्रकार है

#### 1. एप्पल

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल भारत में अपना कारोबार काफी तेजी से बढ़ा रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में एप्पल ने भारत से 1.08 लाख करोड़ रुपये (12.8 अरब डॉलर) के आईफोन निर्यात किए, जो साल-दर-साल 42 प्रतिशत की वृद्धि है। दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन कर्नाटक के देवनहल्ली प्लांट में 2.56 अरब डॉलर का निवेश कर रही है।

#### 2. ई-कॉमर्स

भारत में अमेजन और फ्लिपकार्ट दोनों कंपनियां खूब कारोबार कर रही हैं। ये कंपनियों सिर्फ डिलीवरी में ही नहीं, बल्कि लोगों को रोजगार भी दे रही हैं।

### अभिषेक ने बढ़ाया भारत का मान

# दक्षिण अफ्रीका के आसमान में फहराया सबसे बड़ा तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** एक दौर वह भी था जब वर्ष 1893 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक कानूनी मामले में पैरवी करने दक्षिण अफ्रीका गए थे, तब उन्हें नस्लीय भेदभाव व अन्याय का सामना करना पड़ा था और एक दौर यह भी है कि एक भारतीय युवा अभिषेक कुमार ने देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में दुनिया का सबसे बड़ा भारतीय ध्वज फहरा कर भारत के गौरव को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया है।

अभिषेक कुमार एविएशन जंक्शन फ्लाइंग स्कूल के मालिक हैं, जिनके नेतृत्व 26 मीटर ऊंचा और 39 मीटर लंबा एक विशाल तिरंगा जोहान्सबर्ग के आसमान में लहरा कर भारत की आन-बान और शान में चार चांद लगाया गया है। अभिषेक के मुताबिक तिरंगा ध्वज का आकार 10,200 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला हुआ था।

15 अगस्त 2025 को ऐतिहासिक पल और एक अद्भुत पहल करने वाले अभिषेक मूलतः बिहार के सुपौल जिला के गढ़ बरुआरी गांव के रहने वाले हैं। इनके पिता महेश्वर सिंह दुमका में पुलिस पदाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इस नाते अभिषेक कुमार का जुड़ाव दुमका से काफी गहरा है। अभिषेक कहते हैं कि उनका यह सपना 15 अगस्त को उड़ान बन गया। उनका यह सपना अब सिर्फ उनका नहीं बल्कि कई लोगों की प्रेरणा बन चुका है।

अभिषेक के पिता महेश्वर सिंह कहते हैं कि यह देश के लिए गौरव का क्षण है। पटना में जन्मे और पले-बढ़े अभिषेक कुमार ने पुणे से अपनी उच्च शिक्षा पूरी की है। पायलट बनने के अपने जुनून को पूरा करते हुए उन्होंने अपना खुद का फ्लाइंग स्कूल स्थापित किया है।

फिलहाल अभिषेक दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले भारतीय भारतीय समुदाय का गौरव बन गए हैं। जोहान्सबर्ग की विविधता का एक अहम हिस्सा हैं। वह यहां व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और सार्वजनिक सेवा जैसे क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। अभिषेक कहते हैं कि यहां रहने वाला एक-एक भारतीय अपनी भारतीय विरासत को गर्व से संजोते हैं और साथ ही दक्षिण अफ्रीका की बहु सांस्कृतिक भावना को भी अपनाते हैं।उन्होंने कहा कि विशाल भारतीय तिरंगा ध्वज दक्षिण अफ्रीका के ब्रैकपैन एयरफील्ड से हेलीकाप्टर द्वारा उठाया जाएगा और जोहान्सबर्ग के आसमान में ढाई घंटे तक लहराया गया। यह हवाई प्रदर्शन भारत से 8,000 किलोमीटर दूर देश और विदेश में रहने वाले भारतीयों के बीच एकता, गौरव और अटूट बंधन का एक शक्तिशाली संदेश है।

# विकास के पथ पर अग्रसर संथाल परगना : आयुक्त

## सरकार की योजनाओं से चमक रहा भविष्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयुक्त ने संथाल परगना के विकास पर एक महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया गया।

इस मौके पर संताल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचन्द्र डाडेल , पुलिस महानिरीक्षक, उपायुक्त, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों, सैन्यकर्मियों और पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में, आयुक्त ने संथाल परगना में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनका उद्देश्य क्षेत्र के हर वर्ग को सशक्त बनाना है।

संथाल परगना की 80% से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है और सरकार ने इस क्षेत्र के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें बिरसा फसल विस्तार योजना किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों में मदद करती है, जबकि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना उन्हें कर्ज के बोझ से राहत देती है। किसान समृद्धि योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन जैसी पहलें किसानों की आय और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और दुधारू गाय योजना जैसी पहलों के तहत सीधे लाभार्थियों के खातों में राशि भेजी जा रही है।

युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने में मदद कर रही है, जबकि प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना छोटे और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दे रही हैं।

झारखंड राज्य आजीविका मिशन के तहत, महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे महिला लखपति दीदी योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, और दीदी की दुकान, जो उन्हें वैकल्पिक आजीविका से जोड़कर सशक्त बना रही हैं।

सरकार ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा जाल बिछाया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन योजनाएं पात्र लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही हैं। इसके अलावा, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक मदद देती है।

बच्चों और महिलाओं के लिए भी कई योजनाएं चल रही हैं, जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (गर्भवती महिलाओं के लिए), मुख्यमंत्री कन्यादान योजना और सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना (बालिका शिक्षा पर जोर)।

शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर भी सरकार का विशेष ध्यान है। प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रों को आर्थिक मदद दी जा रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को राहत दे रही है।

आवास की समस्या को दूर करने के लिए, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत लाखों लोगों को घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

बुनियादी सुविधाओं में, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली और मुख्यमंत्री उज्ज्वला झारखंड योजना के तहत बिजली से वंचित गाँवों को रोशन किया जा रहा है। सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना और मुख्यमंत्री चना दाल वितरण योजना जैसी पहलें जरूरतमंदों तक राहत पहुंचा रही हैं।

अंत में, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दुमका और देवघर में राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है, और मसानजोर में इको कॉटेज बनाए गए हैं।

यह वक्तव्य इस बात पर जोर देता है कि सरकार का लक्ष्य विकास की इस यात्रा में सभी को साथ लेकर चलना है, ताकि हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और संथाल परगना के सभी निवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए।

# रामदास सोरेन को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घाटशिला।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर आज सुबह दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची गया।

झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर घाटशिला के मऊभंडार ले जाते समय डिमना गोलचक्कर पहुंचा।

इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पार्थिव शरीर के दर्शन किए। लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शनिवार को मंत्री रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ रांची से घाटशिला ले जाया गया।

इस दौरान रामदास सोरेन अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, तब तक तेरा नाम रहेगा जैसे नारे लगाए गए। मालूम हो कि पिछले शुक्रवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके पुत्र सोमेश सोरेन, राजू गिरी, जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, डीडीसी नागेंद्र पासवान के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता वाहनों के काफिले के साथ चल रहे थे।

# बैंक स्टेटमेंट लेकर पुलिसकर्मी लगा रहा न्याय की गुहार

## जमीन के नाम पर दलालों ने ठगे एक लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली इलाके में जमीन खरीदवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का एक मामला सामने आया है। जमीन के नाम पर एक पुलिसकर्मी से एक लाख रुपये की ठगी कर ली गई। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय रांची में पदस्थापित सहायक लेखपाल अभिषेक आनंद ने कोतवाली थाना में लिखित शिकायत कर बताया है कि वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात जान रंजन कुमार तत्कालीन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरियातु के माध्यम से मनोज कुमार ठाकुर से हुई थी।

मनोज ठाकुर खुद को जमीन खरीद बिक्री से जुड़ा बताता था। शिकायतकर्ता के अनुसार जमीन दिलवाने के नाम पर दिनांक 23 सितंबर 2023 को उन्होंने अपनी पत्नी प्रिया कुमारी के एसबीआइ खाता के चेक से दो लाख रुपये मनोज कुमार ठाकुर को दिया था।

झारखंड पुलिस

पैसा लेने के बाद मनोज ने जमीन संबंधी किसी भी प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया और बार- बार टालमटोल करने लगे। कई बार निवेदन करने के बाद एक लाख रुपये वापस किया। लेकिन एक लाख रुपये अब तक नहीं लौटाए गए हैं। जब शेष राशि की मांग की तो मनोज ठाकुर ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि जो करना है कर लो, शेष पैसा किसी भी कीमत पर नहीं दूंगा। इस घटना से मानसिक रूप से परेशान अभिषेक आनंद ने न्याय की गुहार लगाई है और आरोपित के खिलाफ उचित वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन के साथ पत्नी के बैंक स्टेटमेंट की प्रति भी पुलिस को सौंपी है।

# भंडारा आयोजित कर दिशोम गुरू को झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने दी श्रद्धांजलि





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अभिषेक सिंह ने शनिवार को शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के अवसर पर शिबू सोरेन को याद किया। स्थानीय शनि मंदिर के पास श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर भंडारे का आयोजन किया।

उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र के समक्ष दीपक प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया व श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात उन्होंने गरीबों के बीच पूड़ी-सब्जी व बुंदिया का वितरण किया। मौके पर अभिषेक सिंह ने कहा कि उनकी तरह पार्टी के कई नेता नेमरा नहीं पहुंच पाए हैं।

उन्होंने बताया कि वे अपने कार्य क्षेत्र में शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। साथ ही गरीबों के लिए भोज आयोजित कर रहे हैं। कहा कि 4 बजे से शुरू किया गया भोज कार्यक्रम देर रात 10 बजे तक चलेगा। जब तक लोग आएंगे उन्हें भोज रूपी प्रसाद दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन जननायक थे। उनके कार्य को झारखंड की जनता युगों युगों तक याद करती रहेगी। उन्होंने अपनी पूरी जवानी को संघर्ष में बिताया। कहा कि शिबू सोरेन के दिखाए गए मार्ग पर चल कर उनके सपने को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# पुलिस ने राहुल दुबे गिरोह के सात अपराधियों को हथियार के साथ दबोचा

## सभी अपराधियों के खिलाफ अलग-अलग जिलों के थानों में कई मामले पहले से हैं दर्ज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** नक्सल प्रभावित लातेहार जिले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में कोलियरी इलाकों में आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं को अंजाम देने वाले कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के सात सदस्यों को पुलिस ने हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशन में की गई।

बालूमाथ के एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि मगध कोलियरी (बालूमाथ थाना), फूलबासिया कोयला साइडिंग (बारियातू थाना) और टोरी कोयला साइडिंग (चंदवा थाना) में हुई घटनाओं में यह गिरोह शामिल था। गुप्त सूचना पर गठित छापेमारी टीम ने बालूमाथ के चमातू बाईपास के जंगल से सभी अपराधियों को दबोच लिया।गिरफ्तार अपराधियों के पास से 7.65 एमएम का पिस्टल, 7.62 एमएम बोर का पिस्टल, जिंदा कारतूस, पेट्रोल से भरी बोतलें और मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार अपराधियों में विकास कुमार उर्फ मिथुन लोहरा, सुधीर लोहरा, उपेंद्र ठाकुर, सोनू पासवान, रौशन कुमार उर्फ रोशन सिंह, प्रभात कुमार यादव और मुकेश यादव शामिल हैं। सभी अपराधियों के खिलाफ अलग-अलग जिलों के थानों में कई मामले पहले से दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि ये सभी अपराधी अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया है।

# झारखण्ड के कई कुख्यात एटीएस के रडार पर

## परिजनों से चल-अचल संपत्ति की मांगी जा रही जानकारी, होगी जब्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने झारखंड में संगठित अपराध में शामिल कुख्यात अपराधियों की संपत्तियों को खंगालना शुरू कर दिया है।

इसके लिए एटीएस ने उन अपराधियों के रिश्तेदारों को नोटिस भेजकर उनकी संपत्ति की जानकारी मांगी है। एटीएस के एसपी ऋषभ झा के अनुसार अपराधियों के दस रिश्तेदारों को नोटिस भेजा गया है।

इस नोटिस के बाद ये रिश्तेदार अपनी संपत्ति की सही जानकारी प्रस्तुत नहीं करेंगे तो उनकी रंगदारी व लेवी वसूली से बनाई गई चल-अचल संपत्ति की जब्ती होगी।

एटीएस ने जिन्हें नोटिस भेजा है, उनमें कुख्यात अपराधी अमन श्रीवास्तव, सुजीत सिन्हा, प्रिंस खान, डब्लू सिंह, मयंक सिंह और विकास तिवारी के रिश्तेदार शामिल हैं।लेवी-रंगदारी से जुटाए गए धन का अपराधियों ने कहां-कहां उपयोग किया है, एटीएस उसका पता लगा रही है। जल्द ही काली कमाई से अर्जित सभी चल-अचल संपत्तियों की जब्ती होगी।

# एक ही रात पांच घरों में चोरी से हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के मड़वानिया पंचायत स्थित पाल टोला में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने पांच अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात, मोबाइल और नगदी की चोरी कर ली। एक ही रात पांच घरों में चोरी की वारदात से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार की देर रात चोरों ने लालजी पाल के घर का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवर व अन्य सामान पर हाथ साफ किया। इसके बाद क्रमशः ललिता कुंवर, कुतुबुद्दीन अंसारी, रमेश बियार तथा सीता देवी के घरों में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बताया गया कि चोरों ने ललिता कुंवर के घर से सोने-चांदी के गहनों समेत हजारों रुपये नकद चोरी कर लिया। इसी तरह अन्य परिवारों से भी कीमती जेवर, नकदी और मोबाइल चोरी हुई।

पीड़ितों का कहना है कि कुल मिलाकर चोरों ने एक लाख से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया है। सबसे बड़ी बात यह रही कि चोर गांव के पांच घरों में वारदात कर फरार हो गए और किसी को भनक तक नहीं लगी।

# सब इंस्पेक्टर अरुण सिंह का शव मिलने से हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला-खरसावां।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में शनिवार तड़के सब इंस्पेक्टर अरुण सिंह का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। 58 वर्षीय अरुण सिंह का शव जागृति मैदान के उत्तरी छोर पर एक मुर्गा दुकान के पीछे बरामद हुआ। सुबह-सुबह शव दिखने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक के हाथ और कान से खून निकल रहा था। इससे यह आशंका और गहराती है कि मामला सामान्य मौत का नहीं बल्कि हत्या या किसी हादसे से जुड़ा हो सकता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, ताकि असली वजह सामने आ सके।

जानकारी के मुताबिक, अरुण सिंह मूल रूप से रांची के रहने वाले थे और मालखाना का चार्ज देने सरायकेला आए थे। वे पूर्व में आरआईटी थाना में पदस्थापित रह चुके थे। महज एक साल बाद वे सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे। ऐसे में उनकी रहस्यमयी मौत ने पुलिस विभाग के भीतर भी हलचल मचा दी है।

सुबह टहलने गए लोगों ने सबसे पहले शव देखा और इसकी सूचना थाने को दी। कुछ लोगों का कहना है कि शुक्रवार रात मैदान के आसपास संदिग्ध लोगों की आवाजाही हुई थी।

हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है।

आरआईटी थाना प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि मौत की असली वजह फिलहाल साफ नहीं है। हत्या, दुर्घटना या कोई अन्य कारण- सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मृतक के संपर्क में रहे लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक ने खेल प्रेमियों, पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

## स्वतंत्रता दिवस पर दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट सह नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्वतंत्रता दिवस पर 14 व 15 अगस्त को पलामू पुलिस के तत्वावधान में सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट पलामू 2025 का आयोजन मनातू थाना अंतर्गत किया गया। इसका उद्देश्य अवैध मादक पदार्थ अफीम, पोस्ता व गांजा की खेती व व्यापार की रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाना था। टूर्नामेंट में मनातू प्रखंड की कूल 12 टीम शामिल हुईं। पहला दिन का मैच पाटन अंचल पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव समेत कई खेल प्रेमियों के बीच जनप्रतिनिधि व राज्यस्तरीय रेफरी के निर्देशन में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ था। पहले दिन के मुकाबले में भीतडीहा व गवही की टीम ने फाइनल में स्थान बनाया था। फाइनल मुकाबला 15 अगस्त को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन व अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत कस्तूरबा गांधी विद्यालय, मनातू की छात्राओं ने नागपुरी स्वागत गीत व बैंड प्रदर्शन के साथ किया। मुख्य अतिथि रिष्मा रमेशन ने खिलाड़ियों व रेफरी से परिचय प्राप्त किया। साथ ही उपस्थित खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, पुलिसकर्मियों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने अफीम, पोस्ता व गांजा के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। साथ ही फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। फाइनल में गवही की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। फाइनल मैच के बाद पलामू पुलिस व आमजन के बीच फ्रेंडली फैंसी मैच हुआ। इसमें पुलिस टीम ने 3-1 से जीत हासिल की। पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न पंचायतों की आदिम जनजाति की विधवा महिलाओं व बुजुर्ग पुरुषों को साड़ी- धोती देकर सम्मानित किया गया। विजेता, उपविजेता, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को जर्सी, फुटबॉल, मेडल व ट्रॉफी प्रदान की गई। श्रेष्ठ खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच व सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरीज का सम्मान मिला।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/एचक्यू/एचडब्ल्यूएच। ई-निविदा सं. : 126_2025-26, दिनांक 14.08.2025; कार्य का विवरण : (i) एचडब्ल्यूएच स्टेशन में तीन अदद टीटीई रेस्ट रूमों में ड्राइवरों/गार्डों के रनिंग रूमों समरूप में सुविधाओं का प्रावधान। (ii) हावड़ा में टीटीई रेस्ट रूमों में गार्डों/लोको पायलटों के रनिंग रूमों समरूप में सुविधाओं का प्रावधान। अनुमानित लागत: रु. 54,59,197.56; बयाना राशि: रु. 1,09,200; निविदा प्रपत्र की कीमत: शून्य। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र के जारी होनो की तारीख से 4 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 08.09.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-249/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गावस्कर पूरे इंडिया को हिला देता

## पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलने पर पूर्व खिलाड़ी सचिन-बीसीसीआई पर भड़का




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज करसन घावरी ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलने पर नाराजगी जताई है। भारत के 2025 में इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट सीरीज का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया। घावरी ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पर नाम बदलने से न रोकने के लिए निशाना साधा है।

घावरी ने यह भी कहा है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का नाम बदला जाए तो दिग्गज सुनील गावस्कर पूरे भारत को हिलाकर रख देते। 2007 की सीरीज के दौरान भारत के पहले टेस्ट मैच के 75 वर्षों के उपलक्ष्य पर ईसीबी ने दोनों देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान (टाइगर) पटौदी के नाम पर ट्रॉफी का नाम रखा था।

### ईसीबी ने बदला ट्रॉफी का नाम

टाइगर को भारत के सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक माना जाता है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 46 मैचों में से 40 में नेतृत्व किया था। हालांकि, नाम और ट्रॉफी ईसीबी के विवेकाधिकार में आने के कारण बोर्ड ने इस वर्ष की शुरुआत में सीरीज का नाम बदलने का फैसला किया।पटौदी के नाम की जगह तेंदुलकर और इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को यह सम्मान दिया गया।

### घावरी ने बीसीसीआई और सचिन तेंदुलकर पर निशाना साधा

विक्की लालवानी के साथ एक यूट्यूब शो में बात करते हुए घावरी ने बीसीसीआई और सचिन तेंदुलकर पर निशाना साधा। शुभमन गिल की अगुआई में नई भारतीय टेस्ट टीम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी खेली और बेन स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के साथ रोमांचक पांच मैचों की सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली। घावरी ने कहा, यह बिल्कुल गलत है। पहली बात ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज सीरीज को हमेशा फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी कहा जाता है। भारत-ऑस्ट्रेलिया ट्रॉफी को हमेशा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी कहा जाता है।

### सचिन को मना कर देना चाहिए था

घावरी ने कहा, बीसीसीआई को एमसीसी और ईसीबी के सामने अपनी बात रखनी चाहिए थी।टाइगर का नाम नहीं हटाया जाना चाहिए था।इसी संदर्भ में जब सचिन तेंदुलकर की बात आई कि इस ट्रॉफी को बदला जाएगा और इसका नाम आपके और एंडरसन के नाम पर रखा जाएगा तो सचिन को मना कर देना चाहिए था।आपत्ति की बात अलग है।

# वर्ल्ड चैंपियन त्रिमूर्ति की सेवाएं ले

## ब्रायन लारा का वेस्टइंडीज क्रिकेट को सुझाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट को संकट से उबराने के लिए महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने क्रिकेट वेस्टइंडीज से अपील की है कि वह पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल, ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड को टीम से जोड़े। इससे मौजूदा पीढ़ी के खिलाड़ियों का स्तर ऊंचा उठाया जा सके। तीनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम का हिस्सा रहे। गेल और ब्रावो 2012 और 2016 दोनों बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। पोलार्ड 2012 वाली टीम का हिस्सा थे।

लारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की करारी हार के बाद सीडब्ल्यूआई कॉन्फ्रेंस की समाप्ति के बाद कहा,वेस्टइंडीज क्रिकेट के भविष्य में योगदान देने के लिए मौका मिलना सम्मान की बात है, खासकर ऐसे महत्वपूर्ण समय में। मैं अपनी ओर से जो भी जानकारी या सहायता प्रदान कर सकता हूं, उसे हल्के में नहीं लेता। सेवा करने का अवसर मुझे पूरे दिल से स्वीकार है और मैं इस कार्य के प्रति समर्पित हूं।

### ब्रायन लारा ने क्या कहा?

लारा ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि वेस्टइंडीज अधिक व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने कहा कि दिक्कत सिर्फ मैदान पर रणनीति और तकनीक तक ही सीमित नहीं है। लारा ने इंस्टग्राम पर लिखा, हमें यह समझना होगा कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के सामने आने वाली चुनौतियां मैदान पर खराब प्रदर्शन से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। ये चुनौतियां पिछले दो दशकों में हुए सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक और संरचनात्मक बदलावों में गहराई से जुड़ी हैं। अगर इस गिरावट को उलटना है तो हमें व्यापक अनुभव और वर्तमान समय के दृष्टिकोण का लाभ उठाने की कोशिश करनी होगी।

### गेल, ब्रावो और पोलार्ड का दृष्टिकोण अमूल्य

लारा ने कहा कि आधुनिक समय के दिग्गज खिलाड़ी गेल, ब्रावो और पोलार्ड युवा पीढ़ी को बेहतर समझते हैं और यह 'त्रिमूर्ति' संचार में सुधार ला सकती है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि क्रिस गेल, ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड जैसे पूर्व खिलाड़ियों का दृष्टिकोण अमूल्य साबित हो सकता है। ये खिलाड़ी न केवल शीर्ष स्तर पर खेले हैं, बल्कि उन्होंने ऐसा उस युग में किया है जो आधुनिक एथलीट की मानसिकता, महत्वाकांक्षाओं और प्रेरणाओं को दर्शाता है।

### कदम उठान का समय

लारा ने कहा, आज के खिलाड़ियों के साथ उनकी निकटता पीढ़ीगत सामंजस्य और साझा ड्रेसिंग रूम के संदर्भ में उन्हें इस बात की प्रामाणिक समझ देती है कि आधुनिक वेस्टइंडीज के क्रिकेटर को क्या प्रेरित करता है, क्या विचलित करता है, या क्या भ्रमित करता है।अब कदम उठान का समय है, लेकिन हमें मिलकर काम करना होगा।

चेसः

# सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर

## आरोनियन को खिताब



**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके।

विश्व चैम्पियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए। पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके। आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाये जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया।आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24.5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे। आरोनियन को जीत के साथ 40000 डॉलर मिले। गुकेश अब सिनक्यूफील्ड कप खेलेंगे जो दो दिन बाद शुरू होगा जिसमें आर प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे।

# प्रणेश ने चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स में चैलेंजर्स खिताब जीता

## कीमर ने जीत के साथ किया समापन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर एम प्रणेश ने अंतिम दौर में असफलता के बावजूद शुक्रवार को क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता जबकि मास्टर्स वर्ग में अपना खिताब पहले ही सुनिश्चित कर चुके विंसेंट कीमर ने रे रॉबिनसन पर आसान जीत के साथ अपने अभियान का शानदार अंत किया। भारतीय ग्रैंडमास्टर एम प्रणेश ने अंतिम दौर में असफलता के बावजूद शुक्रवार को क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता जबकि मास्टर्स वर्ग में अपना खिताब पहले ही सुनिश्चित कर चुके विंसेंट कीमर ने रे रॉबिनसन पर आसान जीत के साथ अपने अभियान का शानदार अंत किया। कीमर को इस जीत से 25 लाख रुपये की इनामी राशि मिली। उन्होंने गुरुवार को ही खिताब अपने नाम पर पक्का कर दिया था इसलिए सभी का ध्यान चैलेंजर्स वर्ग पर लगा था। इस वर्ग में नाटकीय उतार-चढ़ाव देखने को मिले, जहां पा इनियन ने अभिमन्यु पुराणिक को जबकि अधिबान भास्करन ने लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराया। लियोन तथा अभिमन्यु दूसरे स्थान पर रहे। दीप्तायन घोष और आर्यन चोपड़ा ने भी क्रमशः वैशाली रमेशबाबू और द्रोणवल्ली हरिका को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रणेश (6.5 अंक) अंतिम दौर में जीबी हर्षवर्धन से हार गए लेकिन खिताब जीतने में सफल रहे जिसके लिए उन्हें सात लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी ने कार्तिकेयन मुरली और अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन का निधन

## स्टीव वॉ किया उनके योगदान को याद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज स्टीव वॉ ने अपने करियर और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में बॉब सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की। स्टीव वॉ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, बॉब सिम्पसन से ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को किसी ने नहीं दिया। कोच, खिलाड़ी, कमेंटेटर, लेखक, चयनकर्ता, मार्गदर्शक और पत्रकार के तौर पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के उत्थान और टीम को सर्वश्रेष्ठ बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। वॉ ने लिखा कि वह खेल के अपने ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने की इच्छा रखने वाले सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट कोच थे। उन्होंने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को महान बनाया। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच शनिवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच से पहले उन्हें मौन रहकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। मैच के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने हाथ पर काली पट्टी भी बांधेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक बॉब सिम्पसन का निधन 89 साल की उम्र में शनिवार को सिडनी में हो गया। बॉब सिम्पसन ने 1957 से लेकर 1978 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 62 टेस्ट और 2 वनडे मैच खेले। टेस्ट मैचों में 10 शतक और 27 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 4,869 रन बनाए। उनके नाम तिहरा शतक लगाने की उपलब्धि है। उनका सर्वाधिक स्कोर 311 था। इसके अलावा 71 विकेट भी उन्होंने लिए थे। वहीं, वनडे में उन्होंने 36 रन बनाए थे और 2 विकेट लिए थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बॉब का रिकॉर्ड असाधारण है। 257 प्रथम श्रेणी मैचों में 60 शतक और 100 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 21,029 रन बनाए थे।

महिला डीपीएलः

# रविवार को पहले मुकाबले में गत विजेता नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला दिल्ली प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण 17 से 24 अगस्त तक अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बार चार टीमें हिस्सा ले रही हैं - साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स और सेंट्रल दिल्ली क्वींस। एक हफ्ते तक ये टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 अगस्त को पिछले साल की चैंपियन टीम नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और उपविजेता साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले से होगी। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की कप्तान आयुषी सोनी ने कहा, हम आने वाले समय के लिए पूरी तरह तैयार और उत्साहित हैं। यह लीग शहर में क्रिकेट के लिए एक बड़ा कदम है, और इसके लिए हम डीडीसीए के बहुत आभारी हैं। यह सिर्फ़ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि खेल का एक उत्सव है जो खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और प्रशंसकों का मनोरंजन करेगा। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज की कप्तान श्वेता सहरावत ने कहा, हम बेसब्री से लीग की शुरुआत का इंतज़ार कर रहे हैं। माहौल बेहद जोशीला है और इसके लिए हम डीडीसीए के आभारी हैं। उन्होंने उभरती प्रतिभाओं के लिए एक शानदार मंच तैयार किया है और हम सभी को किसी खास चीज़ का हिस्सा बनने का मौका दिया है। ईस्ट दिल्ली राइडर्स की कप्तान प्रिया पूनिया ने खुशी जताते हुए कहा, हम सब इस टूर्नामेंट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस लीग को हकीकत में बदलने के लिए डीडीसीए की दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत के लिए हम उनके प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। डीडीसीए ने खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका दिया है। सेंट्रल दिल्ली क्वींस की कप्तान सोनी यादव ने कहा, यह प्रतियोगिता प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन होगी। हम डीडीसीए के प्रयासों की सराहना करते हैं और इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहे हैं। 24 अगस्त को लीग चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल में भिड़ेंगी और विजेता का फैसला होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज में मचाया तहलका, पाकिस्तानी गेंदबाजों की खूब की पिटाई, ठोके 14 चौके-छक्के

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ने कैरेबियाई धरती पर पाकिस्तान के गेंदबाजों की पिटाई करते हुए अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी. इस खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के कप्तान शे होप के साथ शतकीय साझेदारी निभाकर 16 गेंद रहते टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की. इन दोनों बल्लेबाजों ने केवल 59 गेंदों में 114 रनों की पार्टनरशिप करके सीपीएल 2025 के दूसरे मुकाबले को बिल्कुल एकतरफा कर दिया. इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेन मैक्डरमट ने 10 चौके और चार छक्के जड़ते हुए शानदार फिफ्टी ठोक दी. वेस्टइंडीज के कप्तान ने भी नाबाद फिफ्टी ठोकते हुए इस लीग में शानदार शुरुआत की.

**बेन मैक्डरमट ने गयाना को दिलाई जीत** - सीपीएल 2025 का दूसरा मुकाबला सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स और गयाना अमेजॉन वॉरियर्स के बीच खेला गया. इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुएसेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 153 रन बनाए. टीम की ओर से आंद्रे फ्लेचर ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंद पर 60 रन बनाए. फ्लेचर ने अपनी इस पारी के दौरान एक चौका और पांच छक्के लगाए. उनके अलावा युवा खिलाड़ी ज्येड गूली ने 24 रन का योगदान. अमेजॉन वॉरियर्स की ओर से ऑलराउंडर ड्वेन प्रीटोरियस ने चार ओवर में 43 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इमरान ताहिर ने दो विकेट अपने नाम किए. 153 रनों के इस लक्ष्य को बेन मैक्डरमट ने काफी छोटा बना दिया और टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी.

**बेन मैक्डरमट ने वेस्टइंडीज में मचाया तहलका** - लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेजॉन वॉरियर्स का पहला विकेट जल्द गिर गया था, लेकिन उसके बाद बेन मैक्डरमट ने शे होप के साथ दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की. मैक्डरमट ने इस साझेदारी के दौरान 39 गेंद पर 75 रन की तूफानी पारी खेली. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान अमेजॉन वॉरियर्स के किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ा और सभी के खिलाफ तगड़ा प्रहार किया. अपनी इस पारी के दौरान धाकड़ बल्लेबाज ने पाकिस्तान के अब्बास अफरीदी के एक ही ओवर में 21 रन बनाए. इसके अलावा उन्होंने नसीम शाह की भी खूब पिटाई की. बेन मैक्डरमट के अलावा शे होप ने 56 रन की नॉटआउट पारी खेली. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान पांच चौके और दो छक्के लगाए. उन्होंने बेन मैक्डरमट का काफी अच्छा साथ निभाया. मैक्डरमट के विकेट गिरने के बाद भी होप ने एक छोर को अच्छी तरह से संभाला और 16 गेंद रहते हुए इस मैच को अपनी टीम को जिता दिया ।

# आयरलैंड के खिलाफ फील्ड पर उतरते ही जैकब बेथेल तोड़ेंगे 136 साल पुराना रिकॉर्ड




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए हैरी ब्रूक कप्तान हैं। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए जैकब बेथेल को कप्तान बनाकर इंग्लैंड ने उन्हें इतिहास रचने का मौका दिया है। आयरलैंड और इंग्लैंड के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज होनी है। इस सीरीज के लिए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने टीम की कमान 21 साल के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल को सौंपी है। बेथेल 17 सितंबर को जब आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 के लिए फील्ड पर उतरेंगे, तो इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा कप्तान बन जाएंगे।

इंग्लैंड के युवा कप्तान के रूप में जैकब बेथेल मोंटी बोडेन का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। मोंटी बोडेन को 1889 में एकमात्र टेस्ट के लिए इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया था। उस समय उनकी उम्र 23 साल थी। 21 साल के बेथेल उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार हैं। मोंटी बोडेन ने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट खेले और 2 पारियों में 25 रन बनाए। वह सरे की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते थे और 86 प्रथम श्रेणी मैचों की 132 पारियों में 2,316 रन बनाए। इस दौरान 3 शतक और 7 अर्धशतक उन्होंने लगाए। सर्वाधिक स्कोर नाबाद 189 था। इसके अलावा 2 विकेट भी उन्होंने लिए थे। बात अगर जैकब बेथेल की करें, तो उन्हें इंग्लैंड क्रिकेट का भविष्य माना जाता है। वह तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं। बेथेल बैटिंग ऑलराउंडर हैं और बाएं हाथ से बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं।

चार टेस्ट मैचों में 271 रन और 3 विकेट, 12 वनडे में 317 रन और 7 विकेट, और 13 टी20 में 281 रन और 4 विकेट जैकब बेथेल के नाम दर्ज हैं।

# प्रीमियर लीगः लिवरपूल का प्रीमियर लीग में जीत के साथ आगाज, दिवंगत फुटबॉलर जोटा को दी श्रद्धांजलि

**लंदन, एजेंसी।** लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया, जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके। गत चैम्पियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रद्धांजलि दी, जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ। दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिए 88वें मिनटमें फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी। मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिए रुका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढत उतार दी थी। पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था।

## संक्षिप्त समाचार

### अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव के शास्त्री नगर, गिरिडीह आवासीय कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री सह सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न



से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा नेता, कार्यकताओं ने बारी बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। मौके पर भाजपा नेता सुरेश साव ने कहा कि अलग झारखंड राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की देन है। केंद्र में पहली बार भाजपा की सरकार का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री अटल जी ने भारत के विकास के साथ सुशासन स्थापित किए और विश्व स्तर पर भारत की पहचान दिलाई। जो हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान भाजपाईयों ने वाजपेयी जी के बताये गये मार्ग पर चलकर आगे बढ़ना है और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कि राष्ट्र की सुरक्षा, स्वाभिमान और विकास को सुदृढ़ करने तक उनके अमूल्य योगदान को देश सदैव कृतज्ञता के साथ स्मरण करता रहेगा। इस दौरान पूर्वी मंडल अध्यक्ष, राजेश गुप्ता एंव महामंत्री प्रदीप राय, इनोद साव, अमर सिन्हा,नागेश्वर दास, शैबाल घोष, राजेश जायसवाल, मनोज तुरी, राम बाबु, जगदीश दास, दीपक कुमार, किरण देवी मौजूद रहे।

### श्री कबीर ज्ञान मंदिर में ध्वजारोहण

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्तदान महायज्ञ बढ़ चढ़कर रक्तदान करने की की गई अपील श्री कबीर ज्ञान मंदिर में आजादी का जश्न बहुत ही धूमधाम से मनाया गया मंदिर प्रांगण में सद्गुरु मां ज्ञान द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात श्री कबीर ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित मां ज्ञान कौशल में ध्वजारोहण किया गया निशुल्क कक्षा में सिलाई, बुनाई, कंप्यूटर, ब्यूटीशियन की शिक्षा प्राप्त करने वाली बच्चियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आकर्षक प्रस्तुति की गई इस अवसर पर सद्गुरु मां ज्ञान ने अपने उद्बोधन ने कहा कि हम सभी आज ७९वा स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। आज देश के दीवानों के बलिदान को याद करने का दिवस है। हमने वीरों की बलिदानों से स्वतंत्रता पाई है। स्वतंत्र भारत में संविधान ने हमें अनेक अधिकार दिए हैं। किंतु अधिकारों के साथ-साथ देश के प्रति हमारे कुछ कर्तव्य भी है। यदि हर एक भारतीय देश के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रत्येक सजक और जागरूक हो जाए तो वह दिन दूर नहीं कि हमारा देश सोने की चिड़िया और विश्व गुरु के पद पर आसीन होगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सद्गुरु मां के पावन जन्मोत्सव पर 27 अगस्त 2025 के दिन आयोजित होने वाले रक्तदान महायज्ञ में बढ़-चढ़कर शामिल होने तथा अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करने का आवाहन किया गया।

### गृह रक्षक नव नामाकंन हेतु गृह रक्षकों की लिखित जाँच परीक्षा की नई तिथि में बदलाव

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह गृह रक्षक नव नामाकंन हेतु गृह रक्षकों के शारीरिक दक्षता एवं लिखित जाँच परीक्षा की पूर्व तिथि 18.08.2025 से 30.08.2025 को निर्धारित थी। दिनांक-15.08.2025 को उपायुक्त-सह-अध्यक्ष नवनामांकन समिति, पुलिस अधीक्षक-सह-सदस्य एवं जिला समादेष्टा-सह-सदस्य के द्वारा शारीरिक दक्षता एवं लिखित जाँच परीक्षा स्थल (खेल स्टेडियम) गिरिडीह का निरीक्षण किया गया। लगातार हो रही वर्षा के कारण निरीक्षण के क्रम में स्टेडियम में काफी जल जमाव तथा कीचड़ पाया गया। जिसके कारण अभ्यर्थियों को अत्यंत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता हैं एवं अभ्यर्थियों के चोटिल होने की पूर्ण संभावना हैं। इस परिस्थिति को देखते हुए नवनामांकन समिति के द्वारा शारीरिक एवं लिखित जाँच परीक्षा की नई तिथि प्रखण्डवार कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित किया जाता हैं। तिसरी दिनांक 08.09.2025, बगोदर दिनांक 09.09.2025, डुमरी दिनांक 10.09.2025, धनवार दिनांक 11.09.2025, बिरनी दिनांक 12.09.2025, सरिया दिनांक 13.09.2025, पीरटाँड़ दिनांक 15.09.25, बेंगाबाद दिनांक 16.09.2025, गाण्डेय दिनांक 18.09.2025, गिरिडीह ग्रामीण दिनांक 19.09.2025, गिरिडीह शहरी (गैर तकनीकी) दिनांक 20.09.2025, गिरिडीह शहरी (तकनीकी) दिनांक 21.09.2025 को निर्धारित है।

# राधास्वामी संगठन के प्रदेश कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ झंडोतोलन

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राधास्वामी संगठन के प्रदेश व्यवसायिक कार्यालय में झंडोतोलन का आयोजन किया गया। झंडा आरोहण प्रदेश अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिन्हा द्वारा किया गया इस अवसर पर श्री सिन्हा ने झारखंड वासियों एवं सम्पूर्ण भारतवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा 15 अगस्त 1947 वह ऐतिहासिक दिन था, जब भारत ने ब्रिटिश शासन से आजादी प्राप्त की और स्वतंत्रता की नई सुबह देखी। यह दिन हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उन्हीं के बलिदान के कारण हम आज आजाद भारत में सांस ले पा रहे हैं उन्होंने आगे कहा कि भले ही आजादी को 79 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन देश पूर्ण रूप से स्वतंत्र नहीं है। गरीबी इसका सबसे बड़ा प्रमाण है।

राधास्वामी संगठन पिछले 15 वर्षों से देश को आर्थिक आजादी दिलाने के लिए निरंतर कार्यरत है और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।इस मौके पर गिरिडीह जिला प्रभारी सह मीडिया प्रभारी अनीशा सिन्हा ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और संगठन के माध्यम से ग्रामीणों एवं झारखंडवासियों को आर्थिक आजादी दिलाने की प्रतिबद्धता जताई कार्यक्रम में गिरिडीह नगर अध्यक्ष सह जामताड़ा जिला प्रभारी सह निगरानी पदाधिकारी




(झारखंड) जितेंद्र कुमार (सुबोध सिंह), जिला जोन प्रभारी अमित कुमार सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री श्याम मण्डल पटना का 56 वां श्री श्याम जन्माष्टमी महोत्सव महाराणा प्रताप भवन मे बड़े धूमधाम से मनाया गया 3 दिवसीय कार्यक्रम मे पहले दिन - शुक्रवार, 15 अगस्त 2025। कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 5:15 बजे से अखंड ज्योति प्रज्वलन एवं भजन-कीर्तन से होगा। इस दिन कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम रूपम, कानपुर के श्रेष्ठ दीक्षित, एवं श्याम मंडल पटना की ओर से भक्ति संगीत प्रस्तुत किए। इस कीर्तन में हजारों की संख्या में भक्त जन उपस्थित थे । इस मौके पे श्री श्याम मंडल पटना के सदस्य बाबा श्याम रिझाते हुए ।

**आशा बस इतनी सी कि दीदार तेरा हो**
**रोम रोम में "श्याम" बस प्यार तेरा हो।**
**बीत जायें चाहे लाखों घड़ियां "श्याम"**
**पर हर घड़ी इन अंखियों मे बस इंतजार तेरा हो ।**

तेरा सिंहासन क्यों हिल रहा है,क्या कोई अर्जी लगा रहा है,क्यूँ गीली चौखट ये लग रही है,क्या कोई आंसू बहा रहा है।

**जिनका भी मेरे श्याम की चौखट पे ठिकाना हो गया,**
**उनका भी इस दुनिया में हर कोई दीवाना हो गया**
**लुट गए खुद जो श्याम के प्यार की चाह में,**
**उनका तो मेरा श्याम भी दीवाना हो गया।**

भगतो ने झूला डाला झूले पर खाटूवाल बैठा बैठा मुस्काये जमे झाला दे बुलाये कहता है डोर हिलाओ तुम मुझको तो झूलाओ तुम....

इस आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक विशाल बिजपुरिया अध्यक्ष पवन खेमका ,सचिव ध्रुव मुरारका, कोषाध्यक्ष मनीष मित्तल,नरेंद्र कुमार शर्मा ,ऋषि शर्मा,दिलीप अग्रवाल , मनोज अग्रवाल,शंकर शर्मा ,लल्लन लाठ, विवेक कुमार शर्मा , गौरव शर्मा,शुभम शर्मा सतीश अग्रवाल, बंटी शर्मा, सवार्मल ड्रोलिया ,सहित कई गणमान्य लोग भी जुटे रहे ।।...

# इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने आज इनरव्हील वाटिका में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पीडीसी पूनम सहाय की गरिमामयी उपस्थिति में क्लब की अध्यक्ष कविता राजगढ़िया ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के तहत "पर्यावरण परियोजना" के अंतर्गत क्लब की सभी सदस्याओं ने उपस्थित बच्चों को औषधीय पौधे जैसे नीम, आंवला, तुलसी, अजवाइन आदि एवं चॉकलेट्स भेंट किए। बच्चों को इन पौधों के लाभ, उनकी देखभाल के तरीके और पर्यावरण व स्वास्थ्य में उनके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

पीडीसी पूनम सहाय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे हमारी देश को कठिन संघर्ष के बाद स्वतंत्रता प्राप्त हुई, वैसे ही यदि हम इन पौधों की मेहनत और लगन से देखभाल करेंगे तो ये भविष्य में हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाएंगे और हमें निरोग जीवन प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा हर वर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी को औषधीय पौधों का रोपण किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप आज इनरव्हील वाटिका हरी-भरी हो चुकी है और शीघ्र ही यह एक मनमोहक स्थल के रूप में विकसित होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष कविता राजगढ़िया, उपाध्यक्ष राखी झुनझुनवाला, सचिव स्मृति आनंद, पूर्व आईएसओ सुनीता शर्मा, सदस्य प्रमिला मेहरा, रश्मि गुप्ता तथा अन्य सदस्याओं की उपस्थिति रही, जिनके सहयोग से यह परियोजना सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**तंडवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह, देशभक्ति और गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर टाउनशिप के विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

दिन की शुरूआत सुबह 8:30 बजे बाल भवन में वसुंधरा लेडीज क्लब की अध्यक्ष दीपाली आचार्य द्वारा ध्वजारोहण से हुई। सुबह 9:00 बजे प्रशासनिक भवन में जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। मुख्य समारोह उड़ान स्टेडियम में हुआ, जहां हेड ऑफ प्रोजेक्ट श्री एस.के. सुवार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।उड़ान स्टेडियम के कार्यक्रम में जीएम (मेंटेनेंस) अजय केरहलकर एवं जीएम (प्रोजेक्ट) शदीपक दलेई सहित वसुंधरा लेडीज क्लब की वरिष्ठ



सदस्याएं, मीडिया प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीआईएसएफ के जवान, प्रशासनिक अधिकारी, विक्रेता, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत एनटीपीसी गीत से हुई, जिसके बाद सीआईएसएफ यूनिट का निरीक्षण एवं एचओपी का प्रेरणादायक संबोधन हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुति में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत एवं नृत्य तथा वसुंधरा लेडीज क्लब वेलफेयर के बच्चों द्वारा जोशपूर्ण सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मेधावी कर्मचारियों को जीएम मेरिटोरियस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, सीआईएसएफ की अग्निशमन प्रदर्शनी, रिफ्लेक्स शूटिंग और एनटीपीसी बनाम सीआईएसएफ की मैत्रीपूर्ण रस्साकशी से हुआ, जिसमें सीआईएसएफ टीम विजेता रही। पूरा दिन देशभक्ति, एकता और सामुदायिक भावना का अद्भुत उदाहरण रहा, जिसमें एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा परिवार ने राष्ट्र की प्रगति के प्रति अपना संकल्प दोहराया।

# गिरिडीह और महुआडांड़ माले ऑफिस में फहराया गया तिरंगा

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** आज माले कार्यालय पपरवाटांड में ऑफिस का देखभाल करने वाले धरम हजाम ने और महुआडांड़ माले ऑफिस में असंगठित मजदूर मोर्चा के भिखारी राय ने झंडा फहराया गया,माले नेता राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने अलग अलग जगह पर नेतृत्व किया, सिन्हा ने कहा कि आजादी हम लगातार मानते आ रहे है, किंतु क्रांतिकारियों ने जिस ख्याल और जिस व्यवस्था किए भारत को आजाद कराया वह पूरा नहीं हुआ आज काले अंग्रेज हावी है,भाकपा माले के कार्यकर्ता और नेता लगातार भ्रष्टाचारीयों के खिलाफ आवाज उठाते रहते है,काश सभी राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन ऐसा करते तो आज देश की स्थिति कुछ और होती दोनों



ऑफिस में कार्यकर्ता नेता के अलावे सैकड़ों बच्चों ने भी भाग लिया सभी को चॉकलेट,बिस्किट और मिठाई बाटी गई,मेहनतकश लोग ही दोनों कार्यालय में झंडा फहराया जबकि नेता ने साथ दिया राज कुमार राय, दिलीप कुमार राय चुन्नू, मनोहर ठाकुर,नौशाद आलम, कन्हैया सिंह,जनाब अली, सलीम शमशुल, बंधु गोप राजन,नासिर, मुर्तजा मजहर, आदर्शशर्मा, एहतेशाम इरफान, जाफर,भोले, संजय यादव, मंजरहुबलाल राय, किशोर राय, पवन यादव, मसूदन कोल्ह सुनील ठाकुर, लखन कोल्ह ने कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, राजू दास, विजय दास, सविता देवी, संगीता देवी धूमा टुडू, लूटन तुरी, पप्पू दास के साथ सैकड़ों ग्रामीण और बच्चे उपस्थित थे।

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन का शव आज पहले साकची स्थित जिला कार्यालय पहुंचा। जहां लोगों की भारी भीड़ ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

उसके बाद जिले के घोड़ा बांधा स्थित उनके आवास पहुंचा। जहां श्रद्धांजलि देने वालों का ताता लगा हुआ है। थोड़ी देर बाद उनका अंतिम विदाई धूम कॉलोनी में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नेमरा पहुंचे डॉक्टर इरफान अंसारी और मंगल कालिंदी को हेमंत सोरेन ने स्वर्गीय रामदास सोरेन के अंतिम विदाई में शामिल होने के लिए भेजा। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि कभी हमने सोचा भी नहीं था कि हमारे प्रिय मित्र रामदास सोरेन जी नहीं रहेंगे। वह बहुत ही मित भाषी स्वभाव के थे। वैसा हमने आज तक नहीं देखा। कई बार उन्होंने कहा कि घाटशिला में आपके लोग यहां बहुत है। आपको देखना और मिलना चाहते हैं। हमने कहा कि अभी तो चुनाव खत्म हुआ है, अब आएंगे लेकिन वह आज हमारे बीच नहीं है। यह कोल्हान के लिए बहुत बड़ी क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। उन्होंने काफी संघर्ष किया था और शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने बहुत कम समय में अपनी पहचान बना ली थी। वहीं जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि हमारे वे गार्जियन थे। पूरे कोल्हान को उन्होंने मजबूत किया था। संगठन के लिए उन्हें बहुत चिंता रहती थी। यह कोल्हान की एक बहुत बड़ी क्षति हुई है। वह एक सच्चे और अच्छे मंत्री थे। वहीं नेता मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि इनका जीवन काफी संघर्षपूर्ण था। वे स्वभाव के बहुत ही नेक और अच्छे व्यक्ति थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। थोड़ी देर में उनका अंतिम संस्कार धूमा कॉलोनी में किया जाएगा। जहां उन्हें राजकीय सम्मान दिया जाएगा।

## डीटीपी का समापन समारोह संपन्न

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** आईआरपीसी द्वारा आयोजित डीटीपी का शानदार समापन समारोह 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस की शाम 7 बजे से 9 बजे तक सकीना होटल में हुआ। समाजसेवी नौशाद अहमद चांद ने कहा महफि ल में डीटीपी के तमाम साथियों ने दिल से अपने अनुभव सुनाए, सीखी गई बातें और आने वाले समय की अपनी योजनाएँ शेयर कीं। मंच पर जोशीले और दिल को छू लेने वाले भाषण हुए, छोटी-छोटी मगर असरदार प्रस्तुतियाँ हुईं और बेहतरीन काम करने वालों को सम्मानित किया गया। डीटीपी का मकसद था नौजवानों को बेहतर सोच, अच्छा बोलने का हुनर और समाज की सेवा का जज्बा देना— और ये मिशन कामयाबी के साथ पूरा हुआ।

# पिता की हत्या का बेटे ने लिया बदला, तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**साहिबगंज/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** साहिबगंज के बरहरवा थाना क्षेत्र के श्यामपुर मे बीते 11 अगस्त को हुई हत्या मामला मे पुलिस को हत्या के मामले में तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी।

बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बदले की भावना से की गई हत्या और घटना को अंजाम दिया गया था। विगत 11 अगस्त को मिथुन रविदास की हत्या कर दी गई थी मृतक की पत्नी के बयान पर बरहरवा थाना में कांड संख्या अंकित की गई थी मामले को लेकर एसपी के निर्देश पर एक टीम गठित की गई टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या आरोपी शिव रविदास, अभिन्न रविदास और विजय रविदास को गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किया गया हथियार को भी बरामद कर लिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के क्रम में मामले के मुख्य आरोपी शिव रविदास ने बताया कि वर्ष 2014 में उनके पिता की हत्या कर दी गई थी उस हत्या का मुख्य आरोपी मिथुन रविदास था इसी को लेकर बदले की भावना में मिथुन रविदास की हत्या कर दी गई। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है वही टीम में बरहरवा थाना प्रभारी सुमित सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# 25वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए गिरिडीह की 33 सदस्यीय टीम गिरिडीह से कोडरमा के लिए रावना

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** ताइक्वांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि 16 और 17 अगस्त को कोडरमा के आर पी मोदी इंटरनेशन स्कूल में होने वाले 25वीं सीनियर और 11वीं कैडेट राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह के 33 सदस्यीय टीम जिसमें 30 खिलाड़ी और 2 कोच और 1 मैनेजर शामिल है सभी आज न्यू गिरिडीह स्टेशन से कोडरमा के लिए रवाना हुई उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से लगभग 600 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है और इस प्रतियोगिता में ही स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा।




गिरिडीह टीम के साथ जाने वाले सीनियर खिलाड़ियों में नितिन,कृतिका बर्मन,कोमल गोंड, साक्षी कुमारी, अंजुम आरा,उदय कुमार, प्रिंस राज,और नयन भट्टाचार्य, वही कैडेट वर्ग में तनिषा आर्या,विकाश कुमार राय,राहुल कुमार राय, बेबी रावी, आरुष कुमार मंडल,आदित्या राज,अजय कुमार,नितेश कुमार मंडल, विक्की कुमार मंडल,गौतम कुमार, दीपांशु वर्मा,आनंद कुमार, मोहित कुमार, सुशांत मोदी, प्रियोंम मन्ना,आसिफ शफीक, रौनक राय,आयुष दास, खुशी कुमारी, आर्यन राजकुमार शामिल है।

इस टीम में 22 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ी के साथ कोच आकाश स्वर्णकार और रोहित राय शामिल है श्री स्वर्णकार ने बताया कि हर प्रतियोगिता में गिरिडीह टीम के खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन किया है। इसलिए उन्हें पूर्ण विश्वाश है कि इस बार भी गिरिडीह टीम के खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए झारखंड टीम में अपना स्थान जरूर पक्का करेंगे।

गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष सुमीर शर्मा, संरक्षक निर्भय शाहबादी, महासचिव अमित स्वर्णकार के अलावा राहुल बर्मन, पंकज कुमार, शशिकांत विश्वकर्मा, मनोहर बर्मा,तपन भट्टाचार्य, पार्थो मन्ना,मुस्कान,अफरोज एवं अन्य सभी सदस्यों ने अपनी शुभकामा के साथ सभी खिलाड़ियों को कोडरमा के लिए रवाना किया और ये विश्वाश जताया कि सभी खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब रहेंगे।

# सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में चल रही सीबीएसई क्लस्टर III कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** सीबीएसई क्लस्टर III कबड्डी प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। 11 अगस्त से 16 अगस्त त तक चली इस प्रतियोगिता में झारखंड और बिहार से आयी 50 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। लीग मैच के आधार पर खेली गई प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों के अंडर 14, 17 व 19 आयु वर्ग में शनिवार को फाइनल मुकाबले खेले गए। अंडर 14 लड़को के वर्ग समूह में आर के इंटरनॅशनल विजेता बनी। वहीँ ग्रीज्जली विद्यालय उप विजेता और जेनिथ स्कूल फर्स्ट रनर उप , और डी वाई पाटिल स्कूल द्वितीय उप विजेता रही। अंडर 17 वर्ग समूह में माउंट लिटेरा बिहटा विजेता रही , वहीँ ,ग्रीज्जली विद्यालय उप विजेता रही। वहीँ दून पब्लिक स्कूल द्वितीय उप विजेता और सिटी पब्लिक स्कूल तृतीय उप विजेता रही। अंडर 19 लड़कों में फाउंडेशन अकादमी ने चैंपियन का




खिताब हासिल किया वही संत ,मार्केल स्कूल उप विजेता और ज्ञान निकेतान द्वितीय उप विजेता और मॉडर्न इंग्लिश स्कूल तृतीय उप विजेता रहीं। बात करे लड़कियों की तो अंडर 14 में आर के इंटरनेशनल स्कूल विजेता , डी ए वी गांधीनगर उपविजेता , और डी वाई पाटिल द्वितीय उप विजेता तथा ग्रीज्जली विद्यालय तृतीय उप विजेता रही। अंडर 17 के लिए डी ए वी गांधीनगर विजेता , ओपन माइंड स्कूल उप विजेता , तथा ग्रीज्जली विद्यालय द्वितीय विजेता रही। वहीँ अंडर 19 के लिए गुरुनानक स्कूल विजेता ,डी वाई पाटिल उप विजेता , तथा रेडिएंट इनटरनॅशनल स्कूल द्वितीय उप विजेता और मॉडर्न इंग्लिश स्कूल तृतीय उप विजेता बनी । विजेता टीम के खिलाड़ियों को विशेष अतिथि पियूष मुशद्दी , प्राची मुशद्दी प्रेजिडेंट रोटरी क्लब रवि जी डीएसओ नवादा , बिहार , आब्जर्वर गोविन्द झा , टेक्निकल पर्सन अजित प्रसाद महतो प्रबंन्ध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा , निर्देशक रमनप्रीत कौर सलूजा , प्राचार्य प्राचार्या ममता शर्मा , उप प्राचार्य सूरज कुमार लाला , सीनियर एडमिन्सिट्रेटर रूपा मुद्रा ने मैडल पहनाकर और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में वही कुछ खिलाडियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट रेडर , बेस्ट कैचर और बेस्ट प्लेयर ऑफ थे टूनार्मेंट के खिताब से भी नवाजा गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा खिलाड़ियों के लिए व्यवस्थाओं की सभी टीमों ने सराहना की। प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने कहा हमे खुशी के सी बी एस ई के माध्यम से हम गांव और सुदूर क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है और राज्य स्तर पर पहचान मिल रही है। इस आयोजन का उद्देश्य न सिर्फ खेल भावना को बढ़ावा देना है, बल्कि छात्रों में अनुशासन, समर्पण और टीमवर्क की भावना भी विकसित करना है।

# स्वतंत्रता दिवस का पर्व गरिमामय माहौल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार दृढ़ संकल्पित होकर बढ़ रही है आगे : मंत्री





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। जिला प्रशासन द्वारा मुख्य समारोह का आयोजन सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया। उक्त जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि माननीय मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूली सेक्टर-4 की बच्चियों ने राष्ट्रीय गान एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बच्चियों ने बैंड की प्रस्तुत दी। सर्वप्रथम मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेन्द्र प्रसाद ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं एवं उपस्थित जनमानस को जोहार करते हुए स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 15 अगस्त 1947 को हमारा देश भारत आजाद हुआ था एवं भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित किया था। उक्त अवसर पर हम उन सभी महापुरूषों को नमन करते हैं, जिनके अथक प्रयास से भारत आज एक सशक्त स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व में अपनी पहचान स्थापित करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर हैं। आज जहाँ हमारा देश विकास की उचाँईयों को छू रहा है वहीं झारखण्ड प्रदेश प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए देश के मानचित्र पर भी सुशोभित हो रहा है। सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं ने जहाँ राज्य एवं जिले की तस्वीर बदली है, वहीं आम जनमानस के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने सर्वप्रथम झारखंड के अभिभावक एवं हम सबके प्रेरणा श्रोत दिशोम गुरू स्व० शिबू सोरेन, माननीय पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड एवं राज्यसभा सांसद को इस मंच से श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि आज वे हमारे बीच नहीं है, परंतु उनके आदर्श, जो जनमानस एवं आदिवासी समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहे है, वह सदैव अमर रहेगा एवं हम सबको उक्त पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के दृढ़ संकल्प एवं ईच्छाशक्ति को दशार्ता–**

माननीय मंत्री झारखंड सरकार योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनान्तर्गत जिला में कुल 3 लाख 63 हजार 460 लाभुकों को योजना से लाभान्वित करते हुए माह जुलाई-2025 तक सभी सुयोग्य लाभुकों को दो हजार पाँच सौ रुपए की आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के दृढ़ संकल्प एवं ईच्छाशक्ति को दशार्ता है। इसके साथ ही बोकारो जिले ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा, आपूर्ति, समाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास, योजना, कल्याण एवं समाज कल्याण शाखा इत्यादि विभागों के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए विकास का नया आयाम स्थापित किया है। इसी क्रम में शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। झारखंड का हर बच्चा साक्षर हो सके, सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। बोकारो जिला में भी इस दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है, जिसमें मैट्रिक परीक्षा में बोकारो जिला अंतर्गत 95.78 प्रतिशत छात्र/छात्रायें उत्तीर्ण हुए है एवं जिला राज्य स्तर पर 6वें स्थान पर रहा है। जिला में कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 06 में 585 अभिवंचित छात्राओं का नामांकन प्रक्रिया संचालित है। वर्तमान सत्र 2025-26 में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 01 से 12 तक के कुल 3 लाख 16 हजार 692 छात्र/छात्राओं को निःशूल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराया गया है एवं कक्षा 01 से 08 तक के कुल 1 लाख 52 हजार 90 छात्र/छात्राओं को निःशूल्क स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया है। कम्प्यूटर शिक्षा का प्रसार हेतु 169 मध्य एवं उच्च विद्यालयों में आई सी टी योजना के तहत कम्प्यूटर शिक्षा एवं 134 विद्यालयों में आई सी टी योजना के तहत स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है।

**कीडनी रोग से ग्रसित 1 हजार 6 सौ 97 मरीजों को डायलेसिस की सुविधा प्रदान किया –**

हर नागरिक तक स्वास्थ्य सुविधा पहुँचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है एवं इस दिशा में सरकार त्वरित गति से कार्य कर रही है। जिला अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल 22, हजार 53 गर्भवती महिलाओं का निःशूल्क स्वास्थ्य जाँच एवं 20 हजार 570 गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव कराया गया है। साथ ही बच्चों को जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए 20 हजार 54 बच्चों का नियमित टीकाकरण कराया गया है जबकि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना अंतर्गत कुल 39 मरीजों को ईलाज हेतु अनुदान राशि प्रदान की गई है एवं कीडनी रोग से ग्रसित 1 हजार 6 सौ 97 मरीजों को डायलेसिस की सुविधा प्रदान किया गया है।

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में स्वर्ण पद प्राप्त कर जिला का नाम रौशन किया–**

खेल के क्षेत्र में राज्य एवं जिले का नाम रौशन करते हुए मो० साजिद ने एथलेटिक्स अंतर्गत 20वीं नेशनल यूथ चैंपियनशीप 2025 110 मी० बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त है। इसी तरह निशांत भगत ने एथलेटिक्स अंतर्गत एस जी एफ आई रिले रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है एवं इसी क्रम में साक्षी श्रीवास्तव एवं जेवा नाज द्वारा भी गतका अंतर्गत खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में स्वर्ण पद प्राप्त कर जिला का नाम रौशन किया गया है।

**अबुआ आवास योजना के तहत जिले के 13 हजार 974 आवासों की स्वीकृति दी गई–**

जिला ग्रामीण विकास शाखा, बोकारो के अंतर्गत संचालित योजनाएँ यथा- "अबुआ आवास योजना " के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बोकारो जिले को कुल 15 हजार 734 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्ध 13 हजार 974 आवासों की स्वीकृति करते हुए प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है, 11 हजार 164 लाभुकों को द्वितीय किस्त, 3 हजार 470 लाभुकों को तृतीय किस्त देते हुए 958 आवासों को पूर्ण कराया गया गया है। वहीं बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक बोकारो जिला को कुल 2 हजार 607 आवास का लक्ष्य प्राप्त है, जिसके विरूद्ध अबतक कुल 2 हजार 417 (92. 71 प्रतिशत) आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 16 हजार 598 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्ध 14 हजार 71 लाभुकों को आवास की स्वीकृति करते हुए प्रथम किस्त की राशि का भुगतान कर दिया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत माह अगस्त तक के लिए निर्धारित कुल लक्ष्य 22.65 लाख मानव दिवस के विरूद्ध 19.37 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है एवं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 1306 एकड़ में फलदार वृक्ष एवं इमारती पौधों की योजना की स्वीकृति की गई है एवं बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन अंतर्गत 4900 सिंचाई कूपों की स्वीकृति प्रदान करते हुए 2452 सिंचाई कूप को भौतिक रूप से पूर्ण कराया गया है। उक्त योजना ग्रामीण कृषको के लिए खेती एवं सब्जी उत्पादन में विशेष मददगार साबित हो रही है।

**पीभीटीजी डाकिया योजना के तहत गोमिया प्रखण्ड के 82 आदिम जनजाति परिवारों को 35 किलोग्राम अनाज निःशुल्क उपलब्ध कराया–**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम / झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से योजनावार 3 लाख 11 हजार 421 परिवार के 12 लाख 58 हजार 553 सदस्यों को आच्छादित किया गया है। साथ ही पी०भी०टी०जी० डाकिया योजना के तहत गोमिया प्रखण्ड के 82 आदिम जनजाति परिवारों को 35 किलोग्राम अनाज निःशुल्क में तथा प्रति कार्ड 01 किलोग्राम नमक निःशुल्क उनके घर पर जाकर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आज भी 13 मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र संचालन कर प्रतिदिन लगभग 2750 लाभुकों को 05 रुपए अनुदानित दर पर भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में 13 लाख 24 हजार 205 कार्डधारियों के बीच वस्त्रों का वितरण किया–**

धान अधिप्राप्ति योजना के तहत 8959 किसानों को वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु पंजीकृत किया गया है। पंजीकृत किसानों में से 01 हजार 284 किसानों से कुल 70 हजार 9 सौ 93 क्विंटल धान अधिप्राप्त किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार तीन सौ रुपए एवं समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली बोनस का लाभ देते हुए भुगतान किया गया है। सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 13 लाख 24 हजार 205 कार्डधारियों के बीच वस्त्रों का वितरण किया गया है।

**जिले में पेंशन योजनांतर्गत लाभुकों को लाभ दिया गया–**

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 33 हजार 481 लाभुकों, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजनान्तर्गत 10 हजार 192 लाभुकों, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत 739 लाभुकों, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 01 लाख 46 हजार 744 लाभुकों, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजनान्तर्गत 29 हजार 147 लाभुकों एवं मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजनान्तर्गत 149 लाभुकों को स्वीकृति प्रदान की गयी है। साथ हीं मुख्यमंत्री राज्य एच आई वी एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजनान्तर्गत 540 लाभुकों, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 19 हजार 71 लाभुकों को स्वीकृति प्रदान करते हुए पेंशन राशि का भुगतान किया गया है।

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 491 लाभुकों को स्वारोजगार हेतु ऋण की स्वीकृति दी गई है–**

झारखंड राज्य एक जनजाति बहुल राज्य है। जनजातियों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। जिला अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा इस दिशा में कार्य करते हुए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 491 लाभुकों को स्वारोजगार हेतु ऋण की स्वीकृति दी गई है, 1, लाख 21 हजार 997 छात्र/छात्राओं के बीच 25.46 करोड़ रुपए की छात्रवृति राशि का वितरण किया गया है एवं 17 हजार 314 छात्र/छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया है। साथ ही वनाधिकार अधिनियम 2005 के तहत जिला में 7 व्यक्तिगत एवं 49 सामुदायिक कुल 56 वन पट्टा की स्वीकृति दी गई है।

**जिले में सखी वन स्टॉप सेंटर योजना संचालित–**

सरकार द्वारा महिला स्वावलंबन की दिशा में कार्य करते हुए वैसी महिलायें जो मनोवैज्ञानिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से शोषित है, की सहायता हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर योजना संचालित की गई है, जिसके तहत बोकारो जिला में भी एक सेंटर स्थापित किया गया है, जिसमें एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी, मानसिक एवं सामाजिक सहायता और अस्थाई आश्रय जैसी एकीकृत सेवायें प्रदान की जाती है। मौके पर पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर बोकारो प्रक्षेत्र क्रांति कुमार गड़ीदेशी, उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी पुलिस पदाधिकारी सहित भारी संख्या में जिलेवासी उपस्थित थे।

# बोकारो स्टील प्लांट द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में मनाया गया. इस अवसर पर निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने राष्ट्रीयध्वज फहराया और परेड की सलामी ली. उनके साथ मंच पर सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक श्रीएन.पेरुमल्लु भी उपस्थित थे. समारोह में बीएसएल के अधिशासी निदेशक, महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी,सीआईएसएफ बोकारो यूनिट के अधिकारी, बीएसएल कर्मचारी, बच्चे तथा बड़ी संख्या में बोकारोवासी उपस्थित रहे. अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि सेल एवं बोकारो स्टील प्लांट बीते छह दशकों से राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने बीएसएल, झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस, कोलियरी डिवीजन और एसआरयू की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यावसायिक सफलता के साथ-साथ बोकारो स्टील समाज, नगर तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रति भी पूर्णतः समर्पित है. उन्होंने बताया कि टाउनशिप में सड़क, विद्युत आपूर्ति एवं अनुरक्षण कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है. मुख्य एवं आर्टेरियल सड़कों की मरम्मत तथा आर.सी.सी. सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि अन्य सड़कों पर कार्य प्रगति पर है. अनेक आवासीय ब्लॉकों का बाहरी मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य संपन्न हो चुका है तथा शेष ब्लॉकों का कार्य भी जारी है. इसके साथ ही, विद्युत एवं ड्रेनेज व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से सुदृढ़ किया जा रहा है. कार्यक्रम के दौरान 155 कर्मियों को बिरसा मुंडा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया. इसके अतिरिक्त,सीआईएसएफ एवं बीएसएल सुरक्षा बल के 54 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र तथा 47 खिलाड़ियों को खेल सम्मान प्रदान किए गए. मुख्य समारोह के पश्चात निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने बोकारो जनरल अस्पताल में हेल्थ रिट्रीट, नवीनिकृत आईबीयू, रोगी परामर्श कतार प्रबंधन प्रणाली, वरिष्ठ नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए वातानुकूलित वार्ड तथा आरएफआईडी आधारित आगंतुक नियंत्रण प्रणाली जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन किया. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोकारो महिला समिति, बीएसएल सुरक्षा विभाग एवं बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा भी अपने-अपने परिसरों में ध्वजारोहण किया गया.



**एक 'नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन**

बोकारो स्टील प्लांट से अगस्त'2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 31 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा "एक नए सफर की शुरूआत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया. योग विशेषज्ञ श्री कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में जानकारी दी. उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सुश्री दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से श्री जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी. ESAF स्माल फाइनेंस बैंक की बोकारो शाखा प्रबंधक सुश्री प्रियदर्शिनी तथा उनकी टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. सुश्री अनीता झा (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया. कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया.

## मिथिला अकादमी में उल्लास के साथ मना आजादी का 79 वां उत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-4 ई स्थित मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में देश की आजादी का 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उल्लास के साथ उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सचिव दिलीप कुमार झा, बटोही कुमार, अविनाश कुमार झा , मिथिला सांस्कृतिक परिषद के महासचिव नीरज चौधरी, यू. सी झा, सुनील




मोहन ठाकुर, प्रदीप कुमार झा, प्रमोद कुमार झा, श्री बहुरन झा , श्री शिवेश पाठक , मिहिर मोहन ठाकुर, एस के झा प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। झंडोत्तोलन के उपरांत विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। स्वतंत्रता के इस महोत्सव पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में उपायुक्त ने किया झंडोत्तोलन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इससे पूर्व उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ परेड की सलामी ली। इसके बाद उपायक्त ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सभी जन-प्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों, अधिकारियों, मीडियाकर्मियों एवं धनबाद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अविस्मरणीय दिवस पर वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनको नमन किया। उन महान हस्तियों को भी याद और नमन किया जिन्होंने एक संवैधानिक व्यवस्था के तहत स्वतंत्र एवं एकीकृत भारत की नींव रखी। उन्होंने इस पावन अवसर पर आपसी सौहार्द एवं एकता को बनाये रखते हुए अपने जिला, राज्य एवं देश को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने व सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र निर्माण में अपना यथा शक्ति योगदान देने का संकल्प लेने का अनुरोध किया।




**धनबाद के सर्वांगिण विकास के लिए प्रशासन कृत संकल्पित – उपायुक्त**

उपायुक्त ने कहा कि धनबाद जिले के सर्वांगीण विकास के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है और अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास जिला प्रशासन कर रहा है।

**डीएमएफटी से चलाई जा रही है 187 से अधिक योजना**

उपायुक्त ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट में प्राप्त राशि से जिले में शिक्षा, पेयजलापूर्ति, आधारभूत संरचना सहित स्थानीय आवश्यकता के अनुसार 187 से अधिक विकास योजनाएं चलाई जा रही है। इसमें जिला के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में चहारदीवारी, अतिरिक्त वर्ग कक्ष, शौचालय एवं मल्टीपरपज हॉल के निर्माण के लिए लगभग 9.13 करोड़ रूपए की 33 योजना, एक गाँव को दूसरे गाँव तथा ग्रामीण पथ को मुख्य पथ से जोड़ने के उद्देश्य से पथों के मजबुतीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 50.58 करोड़ की 82 योजना, पेयजलापूर्ति प्रक्षेत्र के तहत धनबाद जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से जलापूर्ति करने के उद्देश्य से लगभग 61.18 करोड़ रू से 92 योजनाओं पर स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं आँगनबाड़ी केन्द्रों का महिला पर्यवेक्षिका द्वारा - नो कोस्ट लो कॉस्ट - में सर्वेक्षण कराया गया। मूल्यांकन के दौरान 200 में से 170 अंक पाने वाले 350 आँगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आँगनबाड़ी केन्द्र के रूप में कायाकल्प किया जाएगा। विभिन्न प्रखण्डों के 21 आँगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आँगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 3.23 करोड़ रूपए की योजना डीएमएफटी से स्वीकृत की गई है।

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना में 3,53,199 लाभुकों को किया जुलाई 2025 तक का भुगतान**

उपायुक्त ने कहा कि धनबाद जिला अन्तर्गत "झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना" में 3,53,199 लाभुकों को जुलाई 2025 तक भुगतान किया जा चुका है। जबकि जिला अन्तर्गत केन्द्र पेंशन योजना में 83,598 एवं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना में 1,84,978 पेंशनधारियों की संख्या मिलाकर कुल 2,68,576 है। जिसमें केन्द्र पेंशन योजना में लाभुकों को जून 2025 तक एवं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना में लाभुकों को अगस्त 2025 तक का भुगतान किया जा चुका है। स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सर्वभौमिक टीकारण कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क और समय पर टीके उपलब्ध कराये जा रहे है। सदर अस्पताल को अत्याधुनिक मशीनों के साथ स्वास्थ्य जाँच हेतु विकसित किया जा रहा है।

**64,742 ग्रीन कार्ड का निर्माण**

झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (ग्रीन) अन्तर्गत 1,87,433 सदस्यों को आच्छादित करते हुए 64,742 ग्रीन कार्ड निर्माण किया गया है। वर्तमान में सभी ग्रीन कार्ड धारको को 5 किग्रा चावल, चना दाल एवं नमक वितरित किया जा रहा है। वहीं सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के अन्तर्गत धनबाद जिला में वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय छः माही के लिए इस जिले में सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अन्तर्गत 5,06,899 परिवारों को आच्छादित करने का लक्ष्य है। लाभुकों के बीच वस्त्रों का वितरण जारी है।

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 2,73,632 लाभुकों को दिया ऋण**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजनान्तर्गत धनबाद जिला में अब तक 2,73,632 लाभुकों को 1372.4 करोड़ रूपए का ऋण दिया गया। महिला स्वयं सहायता समूह योजनान्तर्गत 4043 महिला समूहों को बैंक से जोड़ते हुए उन्हें 63.57 करोड़ रूपए वितरित किया गया। पीएम स्वनिधि के तहत 15,675 स्ट्रीट वेंडर्स को 313 करोड़ की राशि वितरित की गई है। जबकि शिक्षा ऋण के अन्तर्गत इस वर्ष 1069 से अधिक विद्यार्थियों को लगभग 14.35 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया एवं आवास ऋण के अन्तर्गत 423 लाभुकों को लगभग 40.43 करोड़ ऋण उपलब्ध कराया गया। साथ ही जिले के विद्यालयों एवं हर पंचायत को वित्तीय साक्षर बनाने हेतु हर पंचायत में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वित्तीय साक्षरता केन्द्र, धनबाद द्वारा किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में 131 कैम्प के माध्यम से लोगों के बीच सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की जानकारी, बीमा की जानकारी, डिजिटल लेन-देन की जानकारी इत्यादि दी गयी।

**प्रधानमंत्री आवास योजना में 320 लाभुकों को कराया गृह प्रवेश**

प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्के और सुरक्षित आवास प्रदान करने की दिशा में किफायती आवास के तहत धनबाद नगर निगम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में धनबाद नगर निगम के बरामुड़ी में 320 लाभुकों का गृह प्रवेश माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के कर कमलों से तथा माननीय सांसद महोदय, विधायक महोदय एवं अन्य गणमान्यों की गरिमामयी उपस्थिति में उनके नवनिर्मित घरों में गृह प्रवेश कराया गया। इससे उनका सपना साकार हुआ, यह पहल "सभी को आवास" के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर एक सशक्त कदम है।

**सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण प्रगति पर**

धनबाद शहर में ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीकृत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण आमझर, बलियापुर में प्रगति पर है। यह संयंत्र न केवल कचरे का प्रसंस्करण करेगा, बल्कि इससे उर्जा एवं जैविक खाद उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे शहर की स्वच्छता और भी सुदृढ़ एवं सतत हो सकेगी। शहरी क्षेत्र में निर्माण कार्यों से उत्पन्न मलबे एवं विध्वंस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान हेतु धनबाद नगर निगम द्वारा 125 टन प्रतिदिन क्षमता वाले सी एंड डी वेस्ट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। यह संयंत्र निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के पुनर्चक्रण की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे इन अवशेषों का पुनः उपयोग संभव हो सकेगा।

## पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश की 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव की अगुवाई में पी एन बी मंडल कार्यालय बोकारो परिसर में बड़े धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर पीएनबी परिवार द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई और स्वतंत्रता दिवस के संदेश के साथ लोगों को तिरंगा झण्डा बाटे गए।



# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दी हार्दिक शुभकामनाएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों से लेकर जिले के विभिन्न विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त अजय नाथ झा ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात रेड क्रॉस सोसाइटी एवं मानव सेवा आश्रम में भी ध्वजारोहण किया। साथ ही मानव सेवा आश्रम के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत से प्रेरित कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। वही पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया।

**शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर सेनानियों को किया नमन–**

पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर बोकारो प्रक्षेत्र क्रांति कुमार गड़ीदेशी, उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर सेनानियों को नमन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, निदेशक डीपीएलआर मेनका, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी पुलिस पदाधिकारी, सभी कार्यालय कर्मी सहित आमजन उपस्थित थे।




